सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 08 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 243, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## कंपनियों की पूंजी 1.06 लाख करोड़ बढ़ी

सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,250.95 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। } 14

## कांग्रेस राज में भारी कर बोझ झेलने वालों को मिलेगी राहत

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से न केवल आम लोगों को फायदा होगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। } 16



# जीएसटी में व्यापक सुधारों से अर्थव्यवस्था को मिलेगी गतिः सीतारमण

### सिगरेट, तंबाकू और अन्य संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से हो जायेंगी प्रभावी

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जीएसटी दरों में कटौती समेत अन्य सुधार लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए प्रेरित करेंगे और इसके परिणामस्वरूप आर्थिक वृद्धि के साथ अर्थव्यवस्था को जरूरी गति मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि महंगाई काबू में है और इसके बढ़ने का जोखिम नहीं है। जीएसटी परिषद ने माल एवं सेवा कर के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया। अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी।

सिगरेट, तंबाकू और अन्य संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो जायेंगी। दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के तहत टेलीविजन एवं एयर कंडीशनर जैसे उपभोक्ता वस्तुओं के अलावा खानपान और रोजमर्रा के कई सामान समेत करीब 400 वस्तुओं पर दरें कम की गयी हैं। उन्होंने पीटीआई-भाषा को दिये साक्षात्कार में कहा, जीएसटी दरों में कटौती के साथ सुधारों की दिशा में जो कदम उठाये गये हैं वास्तव में यह लोगों को ज्यादा उपभोग के लिए प्रेरित करेगा। इसमें कोई संदेह नहीं है। सीतारमण ने कहा, यह सुधार 2017 में एक राष्ट्र, एक कर व्यवस्था लागू होने के बाद से अबतक का सबसे बड़ा सुधार है और इसे आम आदमी को ध्यान में रखकर किया गया है। रोजमर्रा की जरूरत की हर वस्तु पर लगने वाले कर की कड़ी समीक्षा की गई है और ज्यादातर मामलों में दरों में भारी



कमी आई है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आज लोग 100 रुपये में जो चीजें खरीद रहे हैं, उतने ही पैसे में वे वस्तु का ज्यादा हिस्सा खरीद सकते हैं। सीतारमण ने कहा, इसलिए दरों में इस कमी से मासिक घरेलू राशन और चिकित्सा बिलों में कमी आएगी। साथ ही यह पुरानी कार की जगह नई कार लेने, रेफ्रिजरेटर या वॉशिंग मशीन जैसी पुरानी वस्तुओं की जगह नई चीजें खरीदने जैसी आकांक्षाओं को भी पूरा करने में मददगार होगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले, 2025-26 के बजट में उन्होंने 12 लाख रुपये तक की सालाना आय (नौकरीपेशा के लिए मानक कटौती के साथ 12.75 लाख रुपये) को कर मुक्त किये जाने की घोषणा की थी। इससे लोगों के जेब में अधिक पैसा आने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जीएसटी सुधार के लिए पीएम मोदी का अभिनंदन



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की दो दिवसीय कार्यशाला में रविवार को ऐतिहासिक जीएसटी सुधार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन और आभार व्यक्त किया गया जहां वह आम कार्यकर्ता की तरह कार्यशाला की आखिरी पंक्ति में सहज भाव से बैठे दिखाई दिए। भाजपा की दो दिवसीय कार्यशाला रविवार सुबह 11 बजे से संसद के जीएमसी बालयोगी सभागार में शुरू हुई। इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद शामिल हुए। इस कार्यशाला में उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारी और विकसित भारत समेत कई मुद्दों पर चर्चा होनी है। इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री द्वारा 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से जीएसटी सुधारों की घोषणा को साकार करने पर भाजपा सांसदों ने प्रस्ताव पारित करके उनका अभिनंदन और आभार व्यक्त किया गया। भाजपा की दो दिवसीय कार्यशाला के पहले दिन सांसदों के लिए महत्वपूर्ण चार सत्र होंगे। पहला सत्र आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी भारत, ...शेष पृष्ठ 14 पर

# देश की दूसरी अर्थव्यवस्था बना यूपी

### पिछली सरकारों के शासन में युवाओं के सामने था पहचान का संकट : योगी आदित्यनाथ

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राज्य की पूर्ववर्ती सरकारों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले राज्य के युवाओं के सामने पहचान का संकट था और राज्य को बीमारू राज्य करार दिया जाता था। अब यूपी को देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में सफल रहे हैं।

- सीएम ने नव-चयनित 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र बांटे

मुख्यमंत्री ने लखनऊ में राज्य द्वारा संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के लिए नव-चयनित 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। आदित्यनाथ ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा, जब आप अपने स्कूलों और पॉलिटेक्निक में थे तो आपने अनुभव किया होगा कि उत्तर प्रदेश के साथ दो चीजें जुड़ी हुई थीं। पहली, जब उत्तर प्रदेश के युवा राज्य से बाहर जाते थे तो लोग उन्हें हीन नजरों से देखते थे। उन्हें पहचान के संकट का सामना करना पड़ता था। परिणामस्वरूप उनके मन में हीन भावना विकसित हो जाती थी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा, हम पर बीमारू राज्य का ठप्पा लगा दिया गया... इसका मतलब था देश के विकास में बाधा। एक बड़ा राज्य जो संसाधनों से भरपूर है, एक ऐसा राज्य जहां भगवान भी किसी न किसी अवतार में आए, ऐसा राज्य बीमारू हो गया और उसे पहचान के संकट का सामना करना पड़ा? उन्होंने कहा कि बीमारू शब्द का प्रयोग जनसांख्यिकीविद् आशीष बोस ने 1980 के दशक के मध्य में किया था। यह नाम देश के कुछ सबसे गरीब राज्यों - बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के नामों के पहले अक्षरों से बना था। आदित्यनाथ ने दावा किया कि पहले जब त्योहारों के समय उत्साह का माहौल दिखना चाहिए था उस समय लोगों के मन में डर होता था कि पता नहीं कब दंगे हो जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा, पिछले आठ वर्षों में हम उस राज्य को सातवीं और आठवीं अर्थव्यवस्था से देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में सफल रहे हैं। हम बीमारू राज्य के ठप्पे को उखाड़ फेंकने में सफल रहे हैं और आज हमने उत्तर प्रदेश को भारत के विकास के इंजन के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि ऐसा राज्य की 25 करोड़ जनता, उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारियों-कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयासों से संभव हुआ है।




## संक्षेप

### जापान के पीएम ने की इस्तीफा देने की घोषणा

तोक्यो। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने रविवार को पद छोड़ने की घोषणा की। उन्होंने जुलाई में हुए संसदीय चुनाव में हार की जिम्मेदारी लेने के लिए उनकी पार्टी की ओर से बढ़ती मांग के मद्देनजर यह कदम उठाया है। पिछले साल अक्टूबर में पदभार ग्रहण करने वाले इशिबा ने अपनी ही पार्टी के भीतर अधिकतर दक्षिणपंथी विरोधियों की मांगों की एक महीने से अधिक समय तक अनदेखी की थी। इशिबा का यह कदम ऐसे समय सामने आया है, जब उनकी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी नेतृत्व चुनाव कराने को लेकर निर्णय करने वाली है। यदि प्रधानमंत्री पद पर बने रहते, तो उन्हें अपनी विभाजित पार्टी और अल्पमत सरकार को संभालने में अवश्य ही संघर्ष करना पड़ता। जुलाई में, इशिबा के सत्तारूढ़ गठबंधन को 248 सदस्यीय ...शेष पृष्ठ 14 पर



### शराब के लिए पैसे न देने पर मां की हत्या

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के सेन पश्चिमपारा क्षेत्र में शराब खरीदने के लिये 40 रुपये देने से इनकार करने पर एक व्यक्ति ने अपनी बुजुर्ग मां की ईंट से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पनकी क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त शिखर ने रविवार को बताया कि सेन पश्चिमपारा थाना क्षेत्र के कसिगवां गांव में शनिवार को राजाराम नामक एक व्यक्ति ने शराब खरीदने के लिये अपनी मां राजेश्वरी से 40 रुपये मांगे थे। इनकार करने पर राजाराम ने अपनी मां पर ईंट से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि बचने के लिये राजेश्वरी ने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया लेकिन राजाराम ने दरवाजा तोड़कर अपनी मां को कमरे से बाहर खींच लिया और सिर पर ईंट से ताबड़तोड़ प्रहार किये जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

## सिरेमिक उत्पाद को विश्व पटल पर पहचान देगा अनोखी दुनिया पार्क



विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में पारंपरिक उद्योगों को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के साथ आधुनिकता से जोड़ने का काम किया जा रहा है। इसी के तहत राज्य सरकार ने पिछले आठ वर्षों में लोकल फॉर वोकल को आत्मसात करते हुए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट के जरिये प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों को नई पहचान दी है।

इस दिशा में सरकार के निर्देश पर बुलंदशहर में अनोखी दुनिया नाम से एक पार्क बनाया गया है, जिसे सिरेमिक वेस्ट से बनाया गया है, यह दुनिया का पहला सिरेमिक वेस्ट पार्क है। यह पार्क माह के अंत तक पर्यटकों के लिए ओपन कर दिया जाएगा। पीपीपी मोड पर 5 करोड़ 86 लाख की लागत से बनकर तैयार यह पार्क विश्वस्तरीय डिज्नी वर्ल्ड और जुरासिक पार्क को टक्कर देगा। पयर्टकों के लिए सितंबर माह के अंत तक शुरू कर दिया जाएगा। इस पार्क में ग्रीनरी का भी विशेष ध्यान रखा गया है, जो हार्टिकल्चर पर आधारित है। बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण वीसी डॉ. अंकुर लाठर ने बताया कि बुलंदशहर के खुर्जा को सिरेमिक की राजधानी कहा जाता है। यहां बने विश्वस्तरीय डिजाइन, आकार, शैली के बर्तन व उत्पाद देश-विदेश में अपनी पहचान बना चुके हैं। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरुप खर्जा की पारंपरिक विरासत को विश्व पटल पर अलग पहचान ...शेष पृष्ठ 14 पर

## चंद्र ग्रहण का सूतक लगने से पहले मंदिरों के कपाट बंद

एजेंसी

देहरादून। इस साल के अंतिम चंद्र ग्रहण का सूतक काल शुरू होने से पहले ही रविवार दोपहर को बदरीनाथ, केदारनाथ समेत उत्तराखंड के मंदिरों में पूजा-पाठ कर उनके कपाट बंद कर दिए गए तथा हरिद्वार में हर की पौड़ी पर होने वाली संध्याकालीन गंगा आरती भी दोपहर को कर ली गयी। चंद्र ग्रहण रविवार रात 9:58 बजे शुरू होगा और उससे नौ घंटे पहले यानी अपराह्न 12:58 बजे सूतक काल शुरू हो गया।

धार्मिक परंपराओं के अनुसार इस दौरान मंदिरों में पूजा पाठ वर्जित होता है जिसे देखते हुए इससे पहले ही प्रदेश भर के मंदिरों के कपाट बंद कर दिए गए। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष ज षि प्रसाद सती ने बताया कि चंद्र ग्रहण के सूतक के चलते बदरीनाथ और केदारनाथ मंदिर समेत मंदिर समिति के तहत आने वाले सभी मंदिरों को रविवार अपराह्न 12:50 बजे दर्शन और पूजा के लिए बंद कर दिया गया। उन्होंने बताया कि चंद्र ग्रहण समाप्त होने के बाद सोमवार सुबह मंदिरों को साफ-सफाई के बाद पूजा के लिए खोला जाएगा। सती ने बताया कि सूतक काल शुरू होने से पहले ही बदरीनाथ मंदिर के गर्भगृह में परंपरानुसार भगवान की मूर्ति के आगे दूब घास और रेत रखने के बाद कपाट बंद किए गए। उन्होंने बताया कि ज्योतिर्मठ स्थित मंदिर और उसके परिसर की स्वच्छता का जिम्मा भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों ने लिया है। मंदिर समिति के कर्मचारियों के साथ आईटीबीपी के जवान इस ...शेष पृष्ठ 14 पर



## बादल फटने, बाढ़ व भूस्खलन से 4,000 करोड़ का नुकसान

### हिमाचल में 42 मौतें भूस्खलन, 17 बादल फटने और नौ अचानक आई बाढ़ से हुईं

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश में 20 जून से सात सितंबर तक भारी बारिश के कारण बादल फटने, अचानक बाढ़ आने और भूस्खलन की घटनाओं से लगभग 4,079 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

हिमाचल प्रदेश में इस बार मानसून में बारिश से जुड़ी घटनाओं और सड़क हादसों में अब तक 366 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, इन 366 लोगों में से 203 की मौत बारिश से जुड़ी घटनाओं में हुई, जिनमें 42 मौतें भूस्खलन, 17 बादल फटने और नौ अचानक आई बाढ़ में हुईं। एसईओसी के मुताबिक, 41 लोग अभी भी लापता हैं और 163 मौतें दुर्घटनाओं में हुईं। उसने बताया कि कुल 6,025 घर और 455 दुकानेंकारखाने पूरी तरह या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। भूस्खलन की घटनाएं हर दिन बढ़ रही हैं और 20 जून को मानसून की शुरुआत के बाद से राज्य के कई हिस्सों में 135 बड़े भूस्खलन, 95 अचानक बाढ़ और 45 बादल फटने की घटनाओं ने भारी तबाही मचाई है। तीन राष्ट्रीय राजमार्गों- एनएच-3 (मंडी-धरमपुर रोड), एनएच-5 (ओल्ड हिंदुस्तान-तिब्बत रोड) और एनएच-305 (औट-सैंज रोड) सहित कुल 869 सड़कें यातायात के लिए अवरुद्ध हैं और 1,572 बिजली ट्रांसफार्मर तथा 389 जलापूर्ति परियोजनाएं बाधित हैं। कुल्लू क्षेत्र में सबसे अधिक 227 सड़कें बंद हैं। इसके बाद मंडी में 191, शिमला क्षेत्र में 154 और चंबा क्षेत्र में 116 सड़कें बंद हैं। अधिकारियों ने बताया कि 15 अगस्त को मणिमहेश यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 17 तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है। स्थानीय मौसम केंद्र ने रविवार और सोमवार को राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में आंधी-बारिश की आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश में एक जून से छह सितंबर तक सामान्य (648.1 मिलीमीटर) से 46 प्रतिशत अधिक (943.2 मिलीमीटर) बारिश हुई है।





**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 33.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- शिक्षक, स्टाफ और विद्यार्थी ही विश्वविद्यालय की शक्ति (पृष्ठ-02)
- योगी सरकार की पहल से संस्कृत भाषा को नयी उड़ान (पृष्ठ-02)
- बीते सप्ताह तेल-तिलहन कीमतें सुधरीं (पृष्ठ-14)
- एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से 12,257 करोड़ निकाले (पृष्ठ-14)
- वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** वर्ल्ड कप के लिए भी कर लिया क्वालीफाई, पाकिस्तान को पछाड़ा

# भारतीय टीम ने जीता हॉकी एशिया कप 2025 का खिताब

एजेंसी

राजगीर। बिहार के राजगीर में आयोजित हॉकी एशिया कप 2025 के खिताबी मुकाबले में रविवार को भारत ने पांच बार की विजेता दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय टीम ने मौजूदा चैंपियन कोरिया को पराजित कर न सिर्फ ट्रॉफी जीती, बल्कि अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया।

भारत के सामने कोरियाई टीम टिक नहीं पाई। खिताब जीतने के साथ ही भारत ने अगले साल होने वाले हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। पूरे टूनार्मेंट में भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन किया और एक भी मैच नहीं हारा। फाइनल में भारतीय जांबाजों ने एकतरफा अंदाज में कोरियाई टीम को धूल चटाई है। भारतीय टीम की मुकाबले में धमाकेदार शुरूआत हुई, जब मैच शुरू होने के चंद सेकेंड के अंदर ही सुखजीत सिंह ने गोल कर दिया और भारतीय टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भारतीय प्लेयर्स ने आक्रामक रुख अपनाया और ज्यादातर समय गेंद को अपने पास रखा। साउथ कोरिया की अनुभवी टीम भी भारत के आगे दबाव में दिखी। जुगराज सिंह के पास पेनाल्टी कॉर्नर से गोल करने का मौका था, लेकिन वह चूक गए। दूसरे क्वार्टर में दिलप्रीत सिंह ...शेष पृष्ठ 14 पर



## हजरतबल विवाद में पुलिस ने 25 लोगों को हिरासत में लिया

एजेंसी

श्रीनगर। श्रीनगर में हजरतबल दरगाह में अशोक चिह्न को क्षतिग्रस्त करने के संबंध में पूछताछ के लिए दो दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि तोड़फोड़ की घटना के वीडियो और सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद पुलिस ने 25 से जूयादा लोगों को हिरासत में लिया है। इस संबंध में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, अभी तक किसी को औपचारिक रूप से गिरफ्तार नहीं किया गया है लेकिन कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। शुक्रवार को हजरतबल दरगाह में लगाई गई अशोक चिह्न वाली पट्टिका को कुछ अज्ञात लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था जिसके बाद विवाद पैदा हो गया था। राजनीतिक दलों ने जम्मू कश्मीर वक्फ बोर्ड की प्रमुख दरख्शां अंद्राबी पर दरगाह में राष्ट्रीय प्रतीक का इस्तेमाल करके धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया और उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने तथा उन्हें तत्काल हटाने की मांग की। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि राष्ट्रीय प्रतीक सरकारी समारोहों के लिए है, धार्मिक संस्थानों के लिए नहीं जबकि पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने इस चिह्न के इस्तेमाल को ईशनिंदा करार दिया। कुछ धार्मिक नेताओं ने दलील दी कि यह इस्लाम की शिक्षाओं के विरुद्ध है। ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

## पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सम्पन्न

इटवा। जिला पंचायत में समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक एवं कार्यकारिणी विस्तार में मुख्य अतिथि रामसेवक यादव पूर्व राज्यमंत्री एवं समाजवादी महिला सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष लीलावती राजपूत अध्यक्षता एवं सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, विधायक भरथना राघवेंद्र सिंह गौतम की गरिमामई उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम आयोजक राजकिशोर भोजवाल जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ने समाजवादी पार्टी इटावा ने शामिल हुए अतिथियों में केपी सिंह शाक्य प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी, जिला उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील यादव, केके यादव, जिलाप्रवक्ता विक्की गुप्ता, राकेश यादव प्रदेश सचिव, यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष नरेंद्र पाल आदि को प्रतीक चिन्ह देकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलासचिव रमेश यादव, जिला पंचायत सदस्य राजीव यादव, जबर सिंह राजपूत, सुनील यादव भूरे, हिमांशु राठौर नगर अध्यक्ष, पुनीत भोजवाल, महिपाल सिंह शाक्य, सत्यवीर पाल ब्लाक अध्यक्ष चकरनगर, जहीर उर्फ पिन्नक आदि शामिल हुए।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

जसवंतनगर, इटावा। नगर के मोहल्ला अहीर टोला में रविवार की रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 25 वर्षीय जयकुमार के रूप में हुई है, जो एक मेडिकल स्टोर पर कर्मचारी था। घटना से मोहल्ले में सनसनी फैल गई। रविवार रात परिजन छत पर सो रहे थे जबकि जयकुमार नीचे कमरे में था। सुबह जब परिजन नीचे आए तो जयकुमार का शव कमरे में साड़ी के फंदे से छत के कुंडे पर लटका मिला। यह दृश्य देखकर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता दिनेश कुमार मुरमुरियों का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मृतक का छोटा भाई अंकित दिल्ली में निजी कंपनी में नौकरी करता है। घटना के बाद मां सुधा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह और फॉरेंसिक टीम प्रभारी राम सहाय सिंह पटेल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके से एक बंद मोबाइल फोन बरामद किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों से पूछताछ की जा रही है और मोबाइल फोन की जांच के बाद आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जाएगा। फिलहाल, घटना से पूरे मोहल्ले में शोक का माहौल है।

## दलित छात्रा से गैंगरेप, दो आरोपियों पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। जिले में अनुसूचित जाति की 19 वर्षीय छात्रा से कथित तौर पर दो लोगों ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने रविवार को बताया कि इस मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार थाना कोतवाली पट्टी पुलिस ने शनिवार शाम को दलित छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के सिलसिले में देर रात दोनों आरोपियों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म समेत अन्य संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की। पूर्वी क्षेत्र के अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र लाल ने रविवार को बताया कि थाना आसपुर देवसरा क्षेत्र की रहने वाली स्नातक की छात्रा शनिवार को अपनी सहेली के परिचित से पैसे लेने थाना पट्टी क्षेत्र के उपाध्यायपुर गांव गई थी, जहां अमन और उसके एक साथी ने छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

# सीजेआई गवई का लुम्बिनी दौरा

## बुद्ध की जन्मस्थली पर की प्रार्थना



सिद्धार्थनगर। भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई रविवार को परिवार के साथ भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी पहुंचे। न्यायपालिका का सर्वोच्च पद संभालने के बाद यह उनकी पहली नेपाल यात्रा है। वे बुद्ध की जन्मभूमि का भ्रमण करने वाले पहले भारतीय मुख्य न्यायाधीश बने। लुम्बिनी पहुंचने पर लुम्बिनी विकास कोष के उपाध्यक्ष डॉ. लहारक्याल लामा और सदस्य सचिव सनुराजा शाक्य ने उनका स्वागत किया। मुख्य न्यायाधीश ने मायादेवी मंदिर परिसर का अवलोकन किया।

उन्होंने द्वीप प्रज्वलित कर विश्व शांति और भारत-नेपाल के मैत्रीपूर्ण संबंधों की मजबूती के लिए प्रार्थना की। डॉ. लामा ने उन्हें लुम्बिनी के इतिहास और यहां चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। गवई ने लुम्बिनी विकास कोष के मास्टर प्लान में विशेष रुचि दिखाई। उन्होंने कहा कि लुम्बिनी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भारत सहयोग करेगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह स्थल पूरी मानवता की साझा धरोहर है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यहां पर्यटन और धार्मिक महत्व और बढ़ेगा। यात्रा के अंत में लुम्बिनी विकास कोष ने उन्हें बुद्ध की प्रतिमा भेंट की।

# महिला थाना प्रभारी निरीक्षण ने 7 परिवारों को बिखरने से बचाया



सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के निर्देशन में चलाये जा रहे परिवार परामर्श केंद्र /नई-किरण ( टूटते परिवार को जोडने की एक पहल कार्यक्रम) के तहत महिला थानाप्रभारी निरीक्षण भाग्यवती पांडेय व उनकी पुलिस के सहयोग से 07 जोड़ों के मध्य सुलह समझौता कराकर उनके टूटते परिवारो को बिखरने से बचाया गया। पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान (क्षेत्र) के कुशल पर्यवेक्षण में आज 07.सिंतमबर को महिला थाना पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण ( टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम ) का आयोजन किया गया । इस आयोजन में 09 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई । जिसमें परामर्श के बाद 07 पत्रावली का सफल निस्तारण कर, 07 परिवारों को बिखरने से बचाया गया व 02 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है। 07 परिवार को बिखरने से बचाने में प्रभारी निरीक्षक श्रीमती भाग्यवती पाण्डेय,काउंसलिंग टीम में म0हे0का0 आशा गौड़, महिला आरक्षी नेहा सिंह, महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह, महिला आरक्षी शिवानी सिंह, महिला आरक्षी रीना, महिला आरक्षी शिखा खरवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।, नशदुननिशा पत्नी रमजान अली साकिन मधवापुर थाना ढेबरूआ जनपद सिद्धार्थनगर।, जहीदुननिशा पत्नी अकबर अली साकिन दत्तपुर थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।, जन्नत पत्नी रफीउल्लाह साकिन तेनुआ थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।, मंजू पत्नी पंचम साकिन सजनी थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।, अनारकली पत्नी बालमुकुंद साकिन मुड़ीला थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।, सुनीता पत्नी शिवकुमार साकिन नादेपार थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।, मीरा पत्नी जीत बहादुर साकिन केनवरिया थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर बताया गया।

## श्रावस्ती पुलिस ने पांच वारंटी दबिश देकर पकड़े



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देश पर अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत पुलिस ने पांच वारंटियों को दबिश देकर गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम व क्षेत्राधिकारी नगर भिनगा सतीश कुमार शर्मा तथा क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान के पर्यवेक्षण में थाना सिरसिया प्रभारी शैलकांत उपाध्याय व टीम ने दयाराम शर्मा पुत्र राधेश्याम, बडेलाल पुत्र शिवनारायण (निवासी घोघवा कला), इंदर लाल पुत्र छोटे (निवासी बढ़रवहा), द्वारिका पुत्र शोभाराम (निवासी बसपुरवा शिवगढ़ खुर्द) को पकड़ा। इसी क्रम में थाना नवीन मॉडर्न प्रभारी निरीक्षक शम्भू सिंह ने राधेश्याम उर्फ लल्लू निवासी बगहा दा0 राजगढ़ गुलहरिया को शस्त्र अधिनियम के मुकदमे में गिरफ्तार किया।

## सफारी पार्क पर्यटकों के लिए अच्छा मौसम



इटावा। जनपद का मौसम कई दिनों की वारिश के बाद आज धूप के साथ काफी सुहाना रहा। इटावा सफारी पार्क में आने वाले पर्यटकों का इटावा के मौसम और छुट्टियों का गहरा संबंध रहता है। आज वीकेंड के दृष्टिगत सफारी पार्क में भ्रमण के लिए आए पर्यटकों की संख्या काफी अच्छी रही। लगभग एक हजार से अधिक पर्यटकों ने सफारी का भ्रमण किया और पर्यटक काफी उत्साह देखा गया। इसी प्रकार आज गिद्धों से जुड़ा हुआ खास दिन भी रहा। सफारी पार्क के प्रकृति चित्रण केंद्र में आज अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सफारी भ्रमण में आए हुए पर्यटकों एवं बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए बायोलॉजिस्ट बीएन सिंह ने गिद्धों से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। सफारी पार्क के उपनिदेशक डा. विनय कुमार सिंह ने गिद्ध, उनके प्रकार एवं उनके संरक्षण के बारे में उपस्थित पर्यटकों से संवाद किया गया। उपस्थित पर्यटकों ने भी गिद्धों के बारे में काफी दिलचस्प तथ्यों को बताया। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों द्वारा कविताएं एवं भाषण के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर सफारी पार्क के क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, एजुकेशन ऑफिसर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आकाशीय बिजली से किसान की मौत



**सिद्धार्थनगर**- मिश्रौलिया थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर मिठौवा टोला मस्जिद डीह में दोपहर 2:30 बजे आकाशीय बिजली गिरने से किसान रफीक की मौत हो गई। रफीक अपने धान के खेत में मेड़ बांधने का काम कर रहा था। तेज बारिश के दौरान खेत से पानी बाहर न जाए, इसलिए वह मेड़ की मरम्मत में जुटा था। इसी दौरान आसमान से गिरी बिजली ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के परिवार में पत्नी और तीन छोटे बच्चे हैं। बच्चों की उम्र 10, 7 और 2 साल है। रफीक छह महीने पहले तक दिल्ली में मजदूरी करता था। वापस लौटने के बाद वह सेटरिंग मिस्त्री के रूप में दिहाड़ी मजदूरी कर रहा था। उसकी कमाई से ही घर का खर्च चलता था। परिवार में बुजुर्ग पिता गुलाब भी हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। बारिश से भीगे शव को घर लाया गया। पूरे गांव में शोक की लहर है। पत्नी बार-बार बेहोश हो रही हैं। मासूम बच्चे पिता के शव के पास रो रहे हैं। वृद्ध पिता सदमे में हैं। इस हादसे ने एक परिवार की आर्थिक कमर तोड़ दी है। रफीक अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। अब परिवार के सामने भरण-पोषण की चुनौती खड़ी हो गई है।

## डीएम ने सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण कर जाना हाल



सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने निमार्णाधीन जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय भवन एवं विश्राम गृह का निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने निमार्णाधीन भवन को देखा गया । जिलाधिकारी ने स्टीमेट एवं नक्शा भी देखा गया। उन्होंने कार्यदायी संस्था सिडको के ए0ई0 को निर्देश दिया कि थर्ड पार्टी सत्यापन कराने का निर्देश दिया। इसके साथ समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। बाद उसके जिलाधिकारी डा 0 राजा गणपति आर 0 ने मड़वा नहरी सम्पर्क मार्ग से टोला गजहडा.सम्पर्क मार्ग का निरीक्षण किया गया उक्त सड़क निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा था जिलाधिकारी ने सम्बंधित को आवश्यक निर्देश देते हुए समयावधि के अन्दर गुणवत्तापूर्ण ढंग कार्य पूर्ण काराये जाने का निर्देश दिया गया।

## 25 अनुदेशकों को मिला नियुक्ति पत्र



सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश में युवाओं को रोजगार देने की कड़ी में एक नया अध्याय जुड़ा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ के लोक भवन सभागार में 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इनमें सिद्धार्थनगर के 25 अनुदेशक भी शामिल हैं।कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सिद्धार्थनगर के अम्बेडकर सभागार में किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान और जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. मौजूद रहे। आईटीआई की छात्राओं ने स्वागत गीत से कार्यक्रम की शुरूआत की। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने पारदर्शी तरीके से यह भर्ती की है। ये नियुक्तियां व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास विभाग में की गई हैं। जिलाधिकारी ने नवनियुक्त अनुदेशकों से कहा कि वे युवाओं को बेहतर कौशल प्रशिक्षण दें। इससे जिले में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि योगी सरकार में भर्तियां पारदर्शी तरीके से हो रही हैं। इससे मेहनती छात्रों को मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ये नियुक्तियां युवाओं के भविष्य को मजबूत बनाएंगी।

## पैगंबर मोहम्मद साहब की 1500वीं विलादत पर उलेमाओं ने दी इस्लामी जीवन की शिक्षा



जसवंतनगर, इटावा। मोहल्ला लुधपुरा स्थित मस्जिद परिसर में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की यौम-ए-विलादत पर जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इटावा ईदगाह के पेश इमाम मौलाना कमालुद्दीन अशरफी मौजूद रहे। मदीनतुल औलिया सफीपुर शरीफ, उन्नाव से आए हजरत अल्लामा मौलाना सय्यद फैज हसन सफवी ने विशेष खिताब पेश किया। उलेमाओं ने तकरीर के जरिए नबी की तालीम और उनकी जिंदगी के बारे में लोगों को बताया। साथ ही इस्लामी कानून के अनुसार जीवन जीने की सीख दी। कार्यक्रम में हाफिज मोहम्मद सईद आलम करहलवी और ईदगाह पेश इमाम हाफिज शमीउद्दीन ने मरहबा और या मुस्तफा जैसे पारंपरिक नात व कलाम प्रस्तुत किए। यह धार्मिक एकता और सद्भावना का प्रतीक बना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

# शिक्षा व रोजगार में नयी पहल, अनुदेशक हुए नियुक्त





श्रावस्ती। प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चयनित अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर प्रदेश सरकार ने युवाओं के रोजगार और व्यावसायिक शिक्षा को नई दिशा दी है। रविवार को लखनऊ स्थित लोक भवन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशभर के 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार श्रावस्ती में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा, विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी तथा मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने जनपद के 09 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चयनितों में जय सिंह यादव, विशाल, अमरनाथ यादव, राम सिंह राणा, राजकुमार यादव, सुरेन्द्र सिंह यादव, संजय वर्मा, संतोष कुमार यादव एवं कैलाश चन्द्र मौर्य शामिल हैं।

अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि यह पहल निष्पक्षता और पारदर्शिता का उदाहरण है तथा शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाली सिद्ध होगी। विधायक ने कहा कि हर युवा को रोजगार से जोड़ना प्रदेश सरकार का संकल्प है। जिलाधिकारी ने कहा कि अनुदेशक नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को आत्मनिर्भर, सशक्त और कौशलयुक्त बनाने में योगदान देंगे। कार्यक्रम में आशुतोष पाण्डेय (प्रधानाचार्य आईटीआई), राजकुमार त्रिपाठी (जिला समन्वयक) सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रतिमा विसर्जन के दौरान नदी में उतरे युवक की डूबने से मौत

मथुरा। जिले में रविवार को भगवान गणेश की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान हाथरस से आये एक युवक की गहरे पानी में चले जाने से डूबकर मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हाथरस के सादाबाद थाना क्षेत्र के कुरसण्डा गांव का अमित (22) गांव के अन्य लोगों के साथ यमुना में प्रतिमा विसर्जित करने के इरादे से बलदेव थाना क्षेत्र में गांव नेरा के समीप मौजा मुसदपुर घाट पर पहुंचा था। प्रतिमा विसर्जन के बाद गांव के कई लोग स्नान करने के इरादे से नदी में उतर गए।

पुलिस उपाधीक्षक संजीव कुमार राय ने बताया कि अमित भी उन सबके साथ नहा रहा था। इसी बीच, वह गहरे पानी की तरफ चला गया और डूबने लगा। जब तक लोगों को उसके बारे में पता चला वह लहरों में लापता हो गया। युवक के डूबने का पता चलने पर गोताखोर वहां पहुंचे और उसकी तलाश में जुट गए। बाद में उसका शव निकाला गया। उन्होंने बताया कि चूंकि पीड़ित परिवार या किसी अन्य ने इस मामले में कोई तहरीर नहीं दी इसलिए कोई मामला नहीं दर्ज किया गया।

## नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान से जागरूक हो रही जनता



श्रावस्ती। परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार दिनांक 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2025 तक चलाए जा रहे नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के तहत रविवार को जिलेभर में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम तथा क्षेत्राधिकारी यातायात भरत पासवान के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात ने गिलौला व थाना इकौना क्षेत्र के विभिन्न पेट्रोल पंप संचालकों से वार्ता की। उन्हें शासन के आदेशों से अवगत कराते हुए स्पष्ट निर्देश दिया गया कि बिना हेलमेट लगाए किसी भी दोपहिया वाहन चालक को पेट्रोल न दिया जाए। इसी क्रम में थाना कोतवाली भिनगा एवं थाना सिरसिया क्षेत्र में प्रभारी यातायात ने स्थानीय बाजारों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया और कई वाहनों पर शमन शुल्क अधिरोपित किया। साथ ही लाउड हेलर के माध्यम से 13 सितम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान लोगों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। दोपहिया चालकों को हमेशा हेलमेट पहनने और मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की हिदायत दी गई। वहीं चारपहिया चालकों को सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, बिना बीमा और बिना नम्बर प्लेट वाले वाहन सड़क पर न उतारने की नसीहत दी गई। इस अवसर पर जागरूकता बढ़ाने के लिए यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट भी वितरित किए गए।

# पुलिस ने 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार



खेसरहा बांसी सिद्धार्थनगर। आत्महत्या के लिए उकसाने वाले 02 आरोपियों को खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा के नेतृत्व में थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बाँसी के पर्यवेक्षण अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 07. सितंबर को थाना खेसरहा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 150/2025 धारा 108,115(2) इठर से सम्बन्धित वांछित 02 अभियुक्तगण को सुहईकनपुरवा मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त, जगराम गौतम पुत्र बित्तुन निवासी नरही थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर। , शिवनन्दन पुत्र रामलौट निवासी नरही थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

# दबंगों का आतंक, कवरेज कर रहे पत्रकारों पर हमला



**श्रावस्ती**। जिले के इकौना थाना क्षेत्र अंतर्गत सौरुपुर, कासिम बनकटी गांव में शनिवार को पत्रकारों पर दबंगों के हमले का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार स्थानीय पत्रकार नीम का पेड़ काटे जाने की खबर कवरेज करने पहुंचे थे। इसी दौरान गांव के दबंग तत्वों ने उन्हें घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने न केवल पत्रकारों को बंधक बना लिया बल्कि उनके मोबाइल फोन छीनकर जबरन वीडियो व फोटो भी डिलीट करा दिए। पीड़ित पत्रकारों का कहना है कि हमलावरों ने रस्सी से बांधकर जान से मारने की कोशिश की और लूटपाट भी की। करीब ढाई हजार रुपये नकद और एक चांदी की अंगूठी भी छीन ली गई। इतना ही नहीं, दबंगों ने घटना को दबाने के लिए झूठे आरोप लगाकर एक फर्जी वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे पत्रकारों की छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पत्रकारों में आक्रोश फैल गया। भारी संख्या में स्थानीय पत्रकार इकौना थाने पर जमा हो गए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। पत्रकार संघ ने भी घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला है और पत्रकारों की सुरक्षा से समझौता किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि यदि आरोपियों पर शीघ्र कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने प्रशासन से पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, हमलावरों की गिरफ्तारी और उन पर सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। वहीं पत्रकारों का कहना है कि लगातार क्षेत्र में माफिया और दबंग तत्व खुलेआम अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहते हैं और कवरेज करने वाले पत्रकारों को धमकाते हैं। इस घटना ने जिले भर के पत्रकारों में भय और आक्रोश दोनों ही पैदा कर दिया है। सभी ने एक स्वर में मांग की है कि पत्रकारों पर हमले को गंभीरता से लिया जाए और दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर दंड दिया जाए, ताकि भविष्य में कोई भी पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर हमला करने की हिम्मत न कर सके।

## यमुना का जलस्तर हुआ चेतावनी बिंदु पार

इटावा। यमुना नदी एक बार फिर विकराल रूप धारण करती दिख रही है। शुक्रवार देर रात से लेकर शनिवार सुबह तक नदी के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्तमान में यमुना का जलस्तर 121.62 मीटर तक पहुंच गया है, जो कि चेतावनी बिंदु 120.92 मीटर को पार कर चुका है और अब यह खतरे के बिंदु 121.92 मीटर के बेहद करीब है। लगातार बढ़ता पानी अब लोगों की चिंता और प्रशासन की चुनौतियों को बढ़ा रहा है। यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर का सबसे अधिक प्रभाव इटावा के यमुना घाट क्षेत्र में देखा जा रहा है। घाट पर अंतिम संस्कार के लिए जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह से जलमग्न हो चुका है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस मार्ग पर लगभग पांच फीट तक पानी भर चुका है, जिसके चलते शव यात्रा ले जाना अब संभव नहीं रहा। परिजन मजबूर होकर वैकल्पिक, असुरक्षित और लंबा रास्ता अपनाने पर विवश हैं। स्थानीय निवासी राकेश का कहना है कि सुबह से लेकर अब तक जलस्तर में बहुत तेजी से इजाफा हुआ है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई विशेष राहत नहीं पहुंची है। इटावा के कई अन्य हिस्सों में भी यमुना का पानी घुसने लगा है। खेतों से लेकर गलियों और दुकानों तक सबकुछ जलमग्न होता जा रहा है।

संक्षेप

### छीन लिया बाइक और मोबाइल

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के एक गाँव के रहने वाले युवक को मनबढ़ो ने मारपीट कर उसकी बाइक एवं मोबाइल छीन कर फरार हो गये।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सभा भण्डारो निवासी आकाश दुबे पुत्र डा० सुरेन्द्र नाथ दुबे शनिवार की रात लगभग नौ बजे कुछ काम से मझिगाँवा जा रहे थे। अभी गौरा गाँव के पास पहुचे ही थे कि सुरेन्द्र के भाई मोबाइल पर फोन कर घर आने को कहा सुरेन्द्र तत्काल बाइक मोड़ कर घर की तरफ चल दिये, अभी भण्डारो अन्डर पास के पहुचे ही थे कि मोबाइल पर फोन आ जाने से बाइक खड़ी कर बात करने लगे, तभी बाइक अपने घर के लिए निकल अभी भंडारों अंडर पास के फोरलेन के पास ही पहुंचे थे तभी कालेसर की तरफ से दो बाइक पर सवार पांच लोग बाइक के पास पहुंच अचानक मारपीट कर नीचे धक्का दे दिया साथ ही मोबाइल और बाइक लेकर जंगल कौड़िया की तरफ फरार हो गए पुलिस जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

### युवक पर जानलेवा हमला, मौत

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बरगदवा निवासी एक युवक पर पुरानी रंजिस को लेकर युवको ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया।जिसकी इलाज के दौरान मेडिकल कालेज में मौत हो गयी। मृतक के भाई अशोक चौहान पुत्र लालू चौहान की लिखित तहरीर पर एक नामजद सहित दो अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सभा बरगदवा निवासी राहुल चौहान ( 27 ) पुत्र लालू चौहान शनिवार की शाम लगभग आठ बजे के आसपास बरगदवा चौराहे से घर की तरफ जा रहा था अभी राज मेडिकल स्टोर्स के पास पहुंचा ही था कि पुरानी रंजिस को लेकर दीपू उर्फ संदीप चौहान अपने दो अज्ञात साथियो के साथ घेर कर गाली देने लगा, मना करने पर दीपू के साथ के लोग राहुल को पकड़ लिये, फिर दीपू धारदार हथियार से ताबड़ तोड़ कई वार कर दिया। राहुल लहू लुहान हो कर भागने का प्रयास किया, मगर कुछ दूर जा कर गिर गया। अगल बगल की सूचना पर पहुचे परिजनो ने घायल को तत्काल इलाज के लिये मेडिकल कालेज भर्ती करा दिया। जहाँ देर रात उसकी मौत हो गयी। मौत की सूचना से आक्रोसित रबिवार को भोर लगभग 5 बजे के आस पास दर्जनो महिलाये रोड जाम करने की नीयत से बरगदवा चौराहा पहुच गयी। पुलिस तत्काल महिलाओ को समझाने बुझाने का प्रयास शुरू कर दी। महिलायें आरोपी के घर पुलिस का ताला लगाने की बात को लेकर मान गयी। पुलिस तत्काल उसके घर पहुंच अपना ताला लगा कर मामला शांत कराया। उधर सूचना पर पहुंची बरगदवा चौकी पुलिस आरोपी के भी हाथ में चोट लगने के कारण लहू लुहान हो जाने से उसको भी मेडिकल कालेज इलाज के लिये भेज दिया।

### नाबलिग किशोरी को भागा ले गया चालक,केस दर्ज

सरहरी। चिलुआताल थाना अन्तर्गत फर्टिलाइजर चौकी क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली अल्प ब्यस्क किशोरी को . घर के बगल में किराये पर रहने वाला टैम्पू चालक बहला फुसला कर भगा ले गया पिता की लिखित तहरीर पर पुलिस मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल कर रही है। अल्प ब्यस्क किशोरी के पिता ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि मेरे घर के बगल में किराये का कमरा लेकर आकाश जायसवाल पुत्र भोला जायसवाल रहकर टैम्पू चलाता था जो मेरे तेरह वर्षिय बेटी को बहला फुसला कर कही भगा ले गया है ।

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं, कि थाना काकोरी कमिश्नरेट लखनऊ में नीलामी की प्रक्रिया प्रशासनिक स्तर पर प्रचलित हैं। जिस क्रम में थाना स्थानीय पर दाखिल वाहन माल मुकदमाती सीज, लावारिस, सुरक्षार्थ वाहन चारपहिया दो पहिया व अन्य बड़े वाहन थाना परिसर में खड़े हैं। जिनके संम्बन्ध उपरोक्त वाहन स्वामी द्वारा अपने वाहन को वैधानिक तरीके से प्राप्त करने में रूचि नहीं ली जा रही है। ऐसे वाहन जो लम्बे समय से थाना परिसर में खुले आसमान के नीचे खड़े होने के कारण उनके इंजन नम्बर चेसिस नम्बर स्पष्ट नहीं हो पा रहे है तथा जिनकी पहचान नहीं हो पा रही हैं, तथा नोटिस प्रदान करना सम्भव नहीं हैं, एवं जिनके वाहन स्वामियों का पता तस्दीक हुआ है उनको नोटिस जारी की गयी है तथा पम्प लेट के माध्यम से सूचना दी जा रही है। अतः सम्बन्धित वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता हैं। 15 दिवस के अन्दर अपना वाहन नियमानुसार अवमुक्त करा ले अन्यथा उपरोक्त वाहनों की नीलामी कराकर पैसा राजकीय कोष में जमा कर दिया जायेगा। जिसका दायित्व वाहन स्वामी का होगा।

प्रभारी निरीक्षक
कोतवाली काकोरी कमिश्नरेट लखनऊ।

# भाजपा 17 सितंबर से मनायेगी सेवा पखवाड़ा

## सेवा पखवाड़ा पंचायत और शिक्षक-एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा की रणनीति बैठक सम्पन्न



गोरखपुर। भाजपा के रानीडीहा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर रविवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर गांधी जयंती 02 अक्टूबर तक मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़े के दृष्टिगत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री एवं क्षेत्र प्रभारी, विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ल मौजूद रहे। इस दौरान सेवा पखवाड़ा, आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और शिक्षक-एमएलसी चुनाव को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा तैयार की गई। जिला अध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने कार्यकताओं का आह्वान किया कि संगठन ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है। सेवा पखवाड़ा के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुँचाना ही लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायत और शिक्षक-एमएलसी चुनाव संगठन की एकजुटता व समर्पण से ही जीते जाएंगे। कार्यकताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर मतदाताओं से निरंतर संवाद बनाए रखने की जरूरत है।

भाजपा कार्यकर्ता सदैव समाज सेवा की भावना से करें काम : गोविन्द नारायण शुक्ल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री एवं क्षेत्र प्रभारी, विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सदैव समाज सेवा की भावना से काम करें। पंचायत और एमएलसी चुनाव लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाले चुनाव हैं, जिनमें कार्यकताओं की भूमिका अहम होती है। संगठन की मजबूती और जनता का विश्वास ही भाजपा की असली ताकत है।

कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री सदानंद शर्मा ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रिय संयोजक सेवा पखवाड़ा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष साकेत सिंह सोनू, अभियान संयोजक जिला महामंत्री ब्रह्मानंद शुक्ला, पंचायत चुनाव संयोजक राजाराम कनौजिया, शिक्षक एमएलसी चुनाव संयोजक हरिकेश राम त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी विचार व्यक्त किए।

बैठक में विधायक राजेश त्रिपाठी, महेन्द्र पाल सिंह, डा विमलेश पासवान, पूर्व जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, संतराज यादव, अशोक सिंह, पिछड़ा आयोग सदस्य आर.डी. सिंह, छोटेलाल मौर्य, मनोज कुमार शुक्ला, सबल सिंह पालीवाल, शत्रुध्न कसौधन, गीतांजलि श्रीवास्तव, इंद्र कुमार निगम, सूरज निगम सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, ब्लॉक प्रमुखों, चेयरमैन मण्डल अध्यक्ष, प्रभारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सेवा पखवाड़ा के तहत प्रस्तावित कार्यक्रम**

भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने बैठक में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्रस्तावित कार्यक्रमों पर विस्तार से जानकारी दी। इसमें रक्तदान शिविर (17-21 सितम्बर), स्वच्छता कार्यक्रम (17 सितम्बर), निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर (17-24 सितम्बर), प्रदर्शनी (17 सितम्बरझ2 अक्टूबर), प्रबुद्ध वर्ग संवाद (19-20 सितम्बर), नमो मैराथन (21 सितम्बर), पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती (25 सितम्बर), वोकल फॉर लोकल (25 सितम्बरझ2 अक्टूबर), दिव्यांग व विशिष्ट जन सम्मान (27-28 सितम्बर), गांधी जयंती (2 अक्टूबर), तथा चित्रकला प्रतियोगिता शामिल है। इसके अतिरिक्त ₹नमो वन/पार्क₹ के अंतर्गत स्थानीय निकाय एवं प्रशासन के सहयोग से सघन वृक्षारोपण करने का भी निर्णय लिया गया। वहीं सांसद खेलकूद प्रतियोगिता (29 अगस्त से 25 सितम्बर) का समापन श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर होगा।

# मीडियाकर्मियों को चिकित्सकीय सलाह के साथ मुफ्त मिलीं दवाएं

## गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर का आयोजन



गोरखपुर । गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के सभागार में रविवार को जिला अस्पताल के वरिष्ठ और विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने बड़ी संख्या में पत्रकारों एवं उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच कर जरूरी परामर्श दिए। इस अवसर पर रोग के अनुसार मीडियाकर्मियों को मुफ्त दवाएं भी वितरित की गईं। मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर के शुभारंभ अवसर पर गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के अध्यक्ष रीतेश मिश्र ने चिकित्सकों का स्वागत करते हुए कहा कि यह हेल्थ चेकअप कैम्प प्रेस क्लब कार्यकारिणी की पत्रकार हितों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

कार्यकारिणी ने पूर्व में भी ऐसा आयोजन किया था और आगे भी करती रहेगी। इस अवसर पर जिला अस्पताल के सीनियर फिजिशियन डॉ. बी. के. सुमन, डॉ. प्रशांत सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राजन शाही, डॉ. रहमत अली, सर्जन डॉ. बी. पी. मल्ल, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. देव मौर्या, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. रविंद्र ओझा ने मीडियाकर्मियों और उनके परिजनों की जरूरी जांच की और परामर्श के साथ दवाएं वितरित कीं। इस निशुल्क शिविर के आयोजन में वसीम इकबाल और पत्रकार साथी धनेश निषाद का विशेष सहयोग रहा।

गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में उपाध्यक्ष भूपेंद्र द्विवेदी, महामंत्री पंकज कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री अंगद कुमार प्रजापति, कोषाध्यक्ष प्रिन्स कुमार पांडेय, पुस्तकालय मंत्री विनय सिंह, कार्यकारिणी सदस्य राजीव कुमार पांडेय, परमात्मा राम त्रिपाठी की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकारों और उनके परिजनों ने जांच, परामर्श और दवाओं की सुविधा का लाभ उठाया।

# पिकअप बाइक की भिड़ंत में तीन की मौत



बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के आगरा कानपुर नेशनल हाइवे बहेड़ा ओवरब्रिज के ऊपर बाइक सवार चालक पिकप वाहन में पीछे से जा घुसा। बाइक पर सवार एक बच्चा सहित तीन लोगो की मौके पर ही मौत हो गई। अजीतमल थाना क्षेत्र के ग्राम अमावता निवासी धर्मेंद्र सिंह उर्फ लाईलोन फोटोग्राफी का 24 बर्षीय बेटा कपिल सिंह रविवार की सुबह गांव से बाइक पर सवार होकर अपनी 45 बर्षीय चाची सोनी देवी पत्नी हरिश्चंद्र, अपर्णा उम्र 5 वर्ष बेटू उर्फ बाबू उम्र करीब 3 वर्ष के साथ गांव से इटावा दवा लेने गए थे इटावा से दवा लेने के बाद सोनी देवी अपने मायके बिजौली में कुछ देर के लिए रुक गई वहां उनकी बड़ी बेटी नंदिनी उम्र करीब 08 वर्ष पहले से ननिहाल में थी वहीं अपर्णा भी अपनी नानी के पास रुक गई और वह गांव बिजौली से बाइक पर बैठाकर अपनी चाची और चचेरी बहिन को लेकर गांव जा रहा था जैसे ही वह कानपुर आगरा नेशनल हाइवे दोपहर बारह बजे बहेड़ा ओवर ब्रिज के पास पहुँचा कि तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे कपिल ,सोनी देवी एवं बेटू उर्फ बाबू की मौके पर ही मौत हो गई सूचना पर पहुंची चैकी पुलिस एंबुलेंस द्वारा तीनों को सी एच सी महेवा लाई जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया सूचना पर गांव से परिजन महेवा पहुंचे तीनों के शव देखकर परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। कहा जाता है कि जब किसी का समय नहीं होता तो ईश्वर बुद्धि भी वैसी ही कर देता है यही वाकया नन्हीं से बीती अपर्णा के साथ घटित हुआ जहां सोनी देवी इटावा से वापस आते समय मायके बिजौली से नंदिनी को साथ ले जाने के लिए गई नंदिनी तो आई ही नहीं जिद करके अपर्णा भी ननिहाल में रुक गई यानी उन दोनों बेटियों की मौत नहीं थी। इस प्रकार दोनों बेटियां मायके बिजौली में छोड़कर भतीजे कपिल के साथ छोटी बेटी बाबू को लेकर गांव के लिए चल दी तथा रास्ते में दुर्घटना होने से काल के गाल में समा गई।

मृतक कपिल अपने पिता धर्मेंद्र सेंगर व चाचा हरिश्चंद्र सेंगर के बीच इकलौता बेटा था वहीं अब दोनों भाइयों के बीच हरिश्चंद की दो बेटियां ही बची है। चैकी प्रभारी से लेकर सीओ तक घटनास्थल व सीएचसी पहुंचे। घटना की सूचना व लोगों के एक साथ मृतक होने पर महेवा चैकी प्रभारी केपी सिंह, बराउख चैकी प्रभारी दयाशंकर वर्मा, अहेरीपुर चैकी प्रभारी धीरेन्द्र कुमार, कस्बा चैकी विनीत पांडेय, थाना प्रभारी बकेवर विपिन मलिक, सीओ भरथना अतुल प्रधान आदि मौके पर शवों को इटावा मोर्चरी भिजवाया तथा परिजनों को सांत्वना प्रदान की तथा वैधानिक कार्यवाही करने का भरोसा दिया। तीन शवों को एक साथ देखकर मृतक कपिल के पिता धर्मेंद्र सिंह, सोनी के पति हरिश्चंद्र सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

# पीपीए ने दिखाई संवेदनशीलता, संकट की घड़ी में अपने सदस्य को दी आर्थिक सहायता



सहजनवा, गोरखपुर। पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के सदस्य प्रयाग कुमार की हालत अत्यंत गंभीर होने की स्थिति में उनके परिजनों को पीपीए की सहजनवां तहसील इकाई ने आर्थिक सहायता प्रदान की। बताते चलें कि रविवार को तहसील सभागार सहजनवां में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई । इस दौरान सभी सदस्यों को आई कार्ड वितरण किया गया। वहीं सहयोग पाकर पीड़ित सदस्य के परिजनों ने संगठन के प्रति हृदय से आभार जताया साथ ही कहा कि आज पीपीए संगठन ने विकट परिस्थिति में जिस प्रकार आर्थिक सहायता किया है और पीपीए के सदस्यों द्वारा समय समय पर मानसिक रुप से भी हमारे परिवार को मजबूती प्रदान की गई है जिसका हम सभी हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। यह आर्थिक सहयोग सहजनवां तहसील इकाई के सभी सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक जेपी गुप्ता रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने किया तथा ,कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अरुण कुमार मिश्र ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में पत्रकार हितों को लेकर चर्चा की।

### निःशुल्क कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण शिविर का हुआ शुभारंभ

गोरखपुर। मारवाड़ी युवा मंच गोरखपुर एवं सहयो?गी संस्था राजस्थान सेवा समिति ने मानव सेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए निःशुल्क कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया। गोकुल अतिथि भवन सिविल लाइंस में सात से नौ सितंबर तक शिविर चलेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर डा मंगलेश श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि अनूप सर्राफ, कुंज बिहारी पोद्दार, आलोक अग्रवाल, नवीन पालड़ीवाल (प्रांतीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच) ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि इस नेक कार्य से लगभग 350 कृत्रिम पैर लगाए जाएंगे, जिससे शारीरिक रूप से असहाय लोगों को नई उम्मीद और आत्मनिर्भरता प्राप्त होगी।

# मुख्यमंत्री योगी को ही आउटसोर्स करने की अब है जरूरत : अखिलेश



सैफई, इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आउटसोर्स करने की जरूरत है। अपने पैतृक गांव सैफई में समाजवादी समर्थकों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि आप चाहे आउटसोर्सिंग के भरोसे की बात कही जाए या किसी ओर की वास्तव में अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही आउटसोर्स करने की जरूरत है। अखिलेश यादव ने कहा कि आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव जनता का बदलाव लाने वाला जनादेश साबित होगा। उन्होंने कहा कि जब भाजपा जाएगी तभी आरक्षण बचेगा, संविधान सुरक्षित रहेगा, गरीबों को सम्मान मिलेगा। विकास तभी होगा, इलाज गरीबों को तभी मिलेगा, रोजगार तभी मिलेगा। यही हमारी जनता की अपेक्षा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि जब जीएसटी लागू किया गया था, तो यह दावा किया गया था कि इससे व्यापारिक व्यवस्था सरल होगी और कारोबारियों को फायदा पहुंचेगा लेकिन अब भाजपा सरकार गरीबों को राहत देने के नाम पर जीएसटी स्लैब में बदलाव करने को मजबूर हो चुकी है। उन्होंने सवाल उठाए कि यह बदलाव असल में किसके हित में किया जा रहा है। यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जीएसटी लागू होने के समय यह वादा किया गया था कि इससे कारोबारियों को सरल व्यवस्था मिलेगी और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा लेकिन अब सरकार ने गरीबों के हित के नाम पर जीएसटी स्लैब में बदलाव करने की स्थिति स्वीकार की है। उन्होंने सवाल किया कि आखिरकार अब तक कौन मुनाफा कमा रहा था और किसको फायदा पहुंचाया जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा, अब चुनाव तक लगभग एक साल का समय बचा है। हम भाजपा सरकार के नौ बजट देख चुके हैं, आखिरी बजट आने वाला है। दिल्ली की सरकार तीसरी बार चल रही है। फिर भी हालात खराब होते जा रहे हैं।

### हनी वारसी बने अल्पसंख्यक सभा के कोषाध्यक्ष



इटावा। समाजवादी पार्टी की अल्पसंख्यक इकाई ने एक अहम संगठनात्मक निर्णय लेते हुए हसनैन वारसी उर्फ हनी को जिलाकोषाध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। यह नियुक्ति समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष फरहान शकील द्वारा की गई। फरहान शकील ने दरगाह वारसी कटरा साहब खां में हसनैन वारसी को पार्टी के जिलाकोषाध्यक्ष के पद पर मनोनीत करते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी। इस नियुक्ति को पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय समुदाय के बीच एक सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। फरहान शकील ने इस नियुक्ति की जानकारी देते हुए कहा कि हसनैन वारसी के अनुभव और क्षमता पर पूरा विश्वास है और उम्मीद है कि वह पार्टी के वित्तीय प्रबंधन की जिम्मेदारी का निर्वहन कुशलतापूर्वक करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह निर्णय पार्टी को मजबूत करने और अल्पसंख्यक समुदाय के बीच और अधिक सक्रियता से कार्य करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर इमरान बैग, दिलशाद कुरैशी, कादिर खान, आसिफ खान आदि लोगों ने हनी वारसी को बधाई दी।

### अपहरण की झूठी खबर देने पर युवक गिरफ्तार



बकेवर, इटावा। अपहरण की झूठी सूचना देने वाले युवक को थाना पुलिस ने बकेवर भरथना मार्ग स्थित लुधियानी चैराहे से पहले महज 12 घंटे में बरामद किया। कस्वा इंचार्ज विनीत पाण्डेय ने थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 5सितम्बर को की रात साढ़े 9 बजे अंकुर पाल पुत्र दर्शन सिंह निवासी महावीर नगर भरथना ने बकेवर पुलिस को मौखिक सूचना दी कि उसके चचेरे भाई सत्येंद्र पाल पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम ग्राम गोपियापुर थाना भरथना का अपहरण हो गया है पुलिस ने अंकुर के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की जांच में अपहरण की सूचना झूठी निकली। सत्येंद्र पाल ने पेट्रोल पम्प के लिये 5लाख रुपए का तेल उधार लिया था जिसका का भुगतान करने के कम्पनी उससे रुपए माँग रही थी इसी के चलते उसने अपने पार्टनर अंकुर पाल से अपहरण की झूठी सूचना बकेवर पुलिस को दे दी। पुलिस ने सत्येंद्र पाल निवासी ग्राम गोपियापुर थाना भरथना को बकेवर भरथना मार्ग स्थित लुधियानी चैराहे से पहले वाहन चैकिंग के दौरान बरामद कर लिया पुलिस ने उसे अपहरण की झूठी सूचना देने के आरोप में सत्येंद्र पाल को गिरफ्तार कर शान्तिभंग में पाबंद कर एस डीएम भरथना के न्यायालय मे पेश किया। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन कुमार मालिक ने बताया सत्येंद्र पाल मोबाइल फोन पर चिकन रोल गेम खेलता है गेम में वह तीन लाख रुपए हार गया था इसी के उद्देश्य से उसने अपने पार्टनर के साथ मिलकर अपने अपहरण होने की सूचना बकेवर पुलिस को दी। जो जांच में झूठी पाई गई उसके पेट्रोल पंप पर आया तेल के पैसे कानपुर के व्यापारी को नही देना चाहता था।

### रौनक इटावी के आवास पर नातिया मुशायरा



इटावा। ईद मिलादुन्नबी के पुर बाहर मौके पर रौनक अशरफी इटावी के मकान पर नातिया मुशायरे का आयोजन हुआ जिसकी सदारत सैय्यद हाशिम नाईमी ने की। मुख्य अतिथि हाजी गुड्डू मंसूरी, विशिष्ट अतिथि फरहान शकील जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा सपा, जैनुल अंसारी, गुड्डे तैमूरी, निजामत रौनक इटावी ने की। यासीन अंसारी ने कहा हर बुलन्दी से है बड़ी देखो ऐसी है अजमते मुस्तफा देखो। हादी हसन ने कहा सरकार की आमद का अन्दाज निराला है मक्के में हुऐ पैदा घर घर में उजाला है। साबिर हुसैन साबिर ने कहा दुनिया क्या है दुनिया भर की दौलत भी मिल जाएगी नाम नबी का लेते रहे तो जन्नत भी मिल जाएगी। आरिफ सिद्दीकी नूर ने कहा आ गये आ गये आ गये देखो सलले अला आ गये। हाशिम नाईमी ने कहा बरसों पहले जो देखा था सपना पूरी कब उस की ताबीर होगी खाके तैयबा रसूले उमम कब आसी हाशिम की जागीर होगी। रौनक इटावी ने कहा इस शान से हुई है विलादत रसूल की हुरो मलायका ने की जियारत रसूल की। सूफी अब्दुल सत्तार कमर, शकील सागर, बदरुल हसन, मजहर, हाफिज कैफ रजा, कामरान अशरफी, शारिक कादरी अशरफी, मशकूर आलम, सरफराज खा, अख्तर आदि ने कलाम पैश किया। कन्वीनर आजम खां, इमरान, फैज, अदनान, शाहजान, कासिम बाबा ने आये हुऐ मेहमानों इस्तकबाल किया। इस मौके पर हाजी अजीम वारसी, हाजी राईस चिश्ती, वाईके शाफी, अहमद अली वारसी, इफ्तिखार मिर्जा, हाशिम मिर्जा, औसाफ मास्टर, इमरान, अजहर, आसिफ, फैजान वारसी, जैनुल अशरफी, हमीद अशरफी, फराज, वहाज अली निहाल, इमरान, जीमल, नाजिम हादी मौजूद रहे।

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने अजय

इटावा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की इटावा इकाई के लिए नए जिलाध्यक्ष का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। रविवार 7 सितंबर को चैगुर्जी स्थित अग्रवाल परिसर में हुई। महत्वपूर्ण बैठक में वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार को इटावा का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह घोषणा मुख्य अतिथि के रूप में पधारे एसोसिएशन के प्रदेश सचिव और झांसी व कानपुर मंडल के प्रभारी डॉ. बी.बी.गौर ने की। इस बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार गणेश ज्ञानार्थी ने की। जनपद के विभिन्न हिस्सों से आए करीब दो दर्जन पत्रकारों ने मिलकर अजय कुमार के नाम पर अपनी सहमति दी। डॉ.गौर ने लोकतंत्र में पत्रकारों की भूमिका को रीढ़ की हड्डी बताते हुए नई कार्यकारिणी के गठन पर जोर दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि अजय कुमार के नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को छूएगा। नए जिलाध्यक्ष अजय कुमार ने सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और पत्रकार समुदाय के हितों की रक्षा के लिए काम करने की प्रतिबद्धता जताई। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार सुभाष त्रिपाठी ने अजय कुमार को शुभकामनाएं दीं। बैठक में झांसी के जिलाध्यक्ष मुकेश राजपूत, महेंद्र सिंह सोलंकी और कल्याण सिंह चैहान सहित कई गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे। इटावा के पत्रकारों में विजयेंद्र तिमोरी, सौरभ सिंह, आनंद पांडे, सुनील यादव, प्रमोद दीक्षित, वंदना यादव, आस मोहम्मद, वीपी राजन, विनीत तिवारी, अमित शर्मा और कार्तिक शर्मा सहित कई पत्रकार उपस्थित रहे।

### डीएम एसएसपी ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ब्रीफिंग करते हुये बताया कि किसी भी प्रकार का कोई भी गैजेट (पर्स), प्रतिबंधित वस्तु इत्यादि परीक्षा केन्द्रों में नहीं जायेगी एवं महोदय द्वारा परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्थाओं, पुलिस बल की ड्यूटी, यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रों पर शान्तिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा अवधि में केन्द्रों के आसपास किसी प्रकार की भीड़भाड़ न होने पाए एवं यातायात सुचारू रूप से चलता रहे। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## शौच करने गये युवक को खींच ले गया मगरमच्छ

लखीमपुर खीरी। रपटा पुल पर शौच करने गए युवक को खींच ले गया पानी में मगरमच्छ, तलाश में जुटे ग्रामीण। तहसील सदर क्षेत्र की ग्राम पंचायत सलहनापुर के मजरा जयेंद्रपुर में बनी रपटा पुलिया के समीप पानी में शौच करने गए युवक रामसागर को मगरमच्छ पानी में खींच ले गया। ग्रामीणों के मुताबिक पानी के हादसे के बाद ग्रामीणों द्वारा तलाश की जा रही है। अंदेशा लगाया जा रहा है मगरमच्छ गहरे पानी में खींच ले गया और अपना निवाला बना डाला। रामसागर की तलाश की जा रही है।

## रास्ते के विवाद में मारपीट

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र में रास्ते के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने एक युवक की पिटाई कर दी। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम करनपुर निवासी विजय पुत्र छोटेलाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि शनिवार की सुबह 8 बजे सरकारी रास्ते पर निकलने पर गांव निवासी सूरज पुत्र कल्लू, राजू पुत्र प्यारेलाल, सनी पुत्र सुभाष, रंजीत पुत्र सुभाष गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे लाठी डन्डो से मारा पीटा।

## जंगली जानवर के हमले से किसान घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र में गन्ने के खेत में काम कर रहे एक किसान पर किसी जंगली जानवर ने हमला कर घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।,ग्राम त्रिलोकपुर निवासी 57 वर्षीय संतराम पुत्र गिरधारी गन्ने के खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान किसी जंगली जानवर ने हमला बोल दिया। जिसमें वह गंभीर घायल हो गये। परिजनों ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है।

## पत्नी को विदा कराने आया युवक पेड़ से लटका मिला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नगरा सलेमपुर में पत्नी को विदा कराने आए एक युवक का शव गांव के बाहर पेड़ से लटकता मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीतापुर जिले के निवचैना गांव निवासी 22 वर्षीय प्रदीप कुमार की ससुराल हैदराबाद थाना क्षेत्र के नगरा सलेमपुर निवासी पप्पू के यहां थी।

शनिवार को प्रदीप अपनी पत्नी नैन्सी को विदा कराने आया था, बताते हैं कि पत्नी ने मायके से ससुराल जाने से इंकार कर दिया। इस बात से व्यथित होकर प्रदीप वहां से चला गया। कुछ ही देर बाद उसका शव गांव के बाहर पेड़ से लटकता हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन पहले प्रदीप के पिता भी बहू को विदा कराने आए थे, लेकिन उस समय भी नैंसी ने ससुराल जाने से मना कर दिया था। प्रदीप और नैंसी का विवाह अभी डेढ़ वर्ष पहले ही हुआ था।

# दूसरे दिन 26 केंद्रों पर 16463 अभ्यर्थियों ने दी पेट परीक्षा



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। रविवार को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) 26 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में नकलविहीन, शुचितापूर्वक, शान्तिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। शनिवार को दोनों पालियों में 16463 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

वहीं 5137 ने परीक्षा छोड़ी। नोडल अधिकारी/एडीएम अनिल कुमार रस्तोगी ने बताया कि रविवार को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 की प्रथम पाली में 26 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 10800 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 8162 परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 2638 परीक्षा छोड़ी।

दूसरी पाली में 10800 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 8301 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 2499 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। डीएम-एसपी ने भ्रमणशील रहकर देखे परीक्षा केंद्र, दिए निर्देश रविवार की सुबह डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने परीक्षा केंद्र राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, ला मार्टिना स्कूल, आर्य कन्या महाविद्यालय सहित विभिन्न स्कूलों का भ्रमणशील रहकर निरीक्षण किया।

## लक्ष्मी नगर कॉलोनी में बनी सीसी रोड का उद्घाटन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) लक्ष्मी नगर कॉलोनी में 15 वें वित्त आयोग की निधि से निर्मित सीमेंट-कंक्रीट (सीसी) सड़क का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन-अर्चन कर पं. श्यामनारायण मिश्र ने फीता काटकर सड़क निर्माण का शुभारंभ कराया।

पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ वार्ड सभासद धर्मेंद्र तिवारी टीटू, कॉलोनी के ब्रज बिहारी लाल शुक्ला, बाबूराम शुक्ला, माया देवी एवं मीरा देवी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि नगर को आदर्श नगर के रूप में विकसित करना है। सीसी रोड का निर्माण इसी दिशा में एक और मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि वे सदैव नगरवासियों की सेवा में तत्पर रहेंगे। वार्ड सभासद धर्मेंद्र तिवारी ने नगर विकास में पालिका की सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वार्डवासियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है।

उनके साथ वार्ड सभासद धर्मेंद्र तिवारी टीटू, कॉलोनी के ब्रज बिहारी लाल शुक्ला, बाबूराम शुक्ला, माया देवी एवं मीरा देवी, पूर्व सभासद अमितांशु मिश्र ह्यपुच्चीह्ल, राम गुलाम पांडेय, अशोक शुक्ला, देवेंद्र प्रसाद तिवारी, रमेश तिवारी, सत्यदेव मिश्रा, उमेश शुक्ला, पूर्व सैनिक मिथिलेश अवस्थी, ब्रजेश शुक्ला, महेंद्र तिवारी, विजय मिश्रा, सतेंद्र भारती, अवधेश बाजपेयी, शत्रोहन मिश्रा, रविंद्र कटियार, पं. लवकुश शास्त्री, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, मोहित अवस्थी तथा जेई अनिल यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## दहेज प्रताड़ना में पति समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। गांव मगरेना की एक विवाहिता को ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न कर पाने पर सुहाग के गहने कपड़े छीन लिए और मारपीट कर घर से निकाल दिया पिता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कर लिया है। गांव मगरेना के रतिराम ने बताया उसने अपनी पुत्री निशा पाल का विवाह 2 वर्ष पूर्व गांव निगोहना मकरदपुर रोजा शाहजहांपुर के साथ किया था। शादी में मिले दहेज से ससुराल के लोग लोग संतुष्ट नहीं हुए जिसके चलते कुछ ही दिनों में उसकी पुत्री को मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना देने लगे थे। उन्होंने एक लाख की नकदी और अपाचे बाइक के साथ सोने की चेन की मांग कर दी थी जिसे पूरी करने में असमर्थता जताने पर पति अमन पाल, सास आशा, ससुर अशोक, जेठ अमित और ननद शिवानी ने एक राय होकर मारपीट कर घर से निकाल दिया था। पुलिस ने मामले में सभी नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## कार की टक्कर से साइकिल सवार किशोर की मौत

धौरहरा खीरी। ईसानगर थाना क्षेत्र के सिसैया चौराहा ओवरब्रिज पर एक कार ने पीछे से साइकिल सवारों को टक्कर मार दी। जिससे मौके पर एक की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ईसानगर थाना क्षेत्र के सिसैया चौराहे ओवर ब्रिज पर साइकिल सवार शुभम (16) पुत्र भुल्लन अपने चचेरे भाई गुल्लऊ (17) पुत्र अमिरती निवासी ओझापुरवा थाना क्षेत्र ईसानगर को पीछे से बैंगन आर कार ने रविवार सुबह लगभग दस बजे टक्कर मार दी। जिससे शुभम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गुल्लऊ गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भेजा, जहां डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ईसानगर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## फीस संशोधन बिल लाओ सरकार के नारों के साथ निकली जन समर्थन यात्रा



धौरहरा खीरी। शिक्षा संघर्ष मोर्चा द्वारा फीस संशोधन बिल लागू किए जाने की मांग को लेकर जन समर्थन यात्रा निकाली गई। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित महेश गंभीर अपने दल-बल के साथ खमरिया पहुंचे। यात्रा के दौरान कार्यकताओं ने जोरदार नारे लगाए फीस संशोधन बिल लाओ सरकार। राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गंभीर ने कहा कि निजी संस्थान मनमानी फीस वसूल रहे हैं, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। इसे रोकने के लिए फीस संशोधन बिल का आना बेहद जरूरी है। पैदल जन समर्थन यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। उन्होंने सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द शिक्षा को व्यावहारिक और किफायती बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं प्रारम्भ हुई जन जागरूकता जन समर्थन यात्रा का चौथा दिन ह चौथे दिन की यात्रा बसढ़िया चौराहे से प्रारम्भ होकर खमरिया पंडित, समैसा, खमरिया खुर्द, राजापुर, दुलही, सुर्जनपुर, शेखपुर, सहित कई गांवो मे होते हुए हसन पुर कटौली मे समापन हुआ पांचवे दिन की यात्रा सिंगावार से प्रारम्भ होगी।

## वृहद पेयजल योजना दुद्धी को 44 करोड़ रुपये की मिली हरी झंडी, धन हुआ आवांटीतः चेयरमैन

- कार्यदायी संस्था जल निगम ने निकाला 44 करोड़ का टेंडर

दुद्धी, सोनभद्र। नगर पंचायत दुद्धी अध्यक्ष कमलेश मोहन के द्वारा दुद्धी नगर पंचायत के सराहनीय जल संकट का स्थायी समाधान नगर की बहुप्रतीक्षित 44 करोड़ की लागत वाली वृहद पेयजल योजना अमृत 2.0 को शासन से हरी झंडी मिलते ही कार्यदायी संस्था जल निगम ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे नगर पंचायत की पेयजल व्यवस्था आगामी पचासों वर्ष के लिए सुदृढ़ व व्यवस्थित हो जायेगी। इस आशय की जानकारी व खुशखबरी देते हुए चेयरमैन कमलेश मोहन ने बताया कि गर्मी के दिनों में हर वर्ष पेयजल की भीषण किल्लत व समस्या से नगरवासियों को होने वाली दिक्कत के मद्देनजर पिछले वर्ष मुख्यमंत्री से मुलाकात कर लिखित अवगत कराया था। जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीरता से लेते हुए, टीम गठित करके पेयजल समस्या के स्थाई समाधान के निर्देश एमडी जल निगम को दिये थे। करीब महीनों चले सर्वे के बाद कनहर बांध अमवार से पानी को लिफ्ट कर, ठेमा जलकल संस्थान दुद्धी फिल्टर प्लांट (डब्ल्यूटीपी) तक पहुंचाना और फिर नई पाईप लाइन के जरिये नगरवासियों को पेयजल उपलब्ध कराने की योजना शामिल है।

उन्होंने बताया कि लम्बे प्रयास के बाद सरकार ने इस योजना को हरी झंडी देते हुए, वित्त विभाग ने धन आवंटित कर स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिसके अंतर्गत योजना को मूर्त रूप देने के लिए जल निगम ने कवायद तेज कर दी है। इसके लिए विभाग ने 28 अगस्त 2025 को टेंडर जारी कर दिया है। टेंडर डालने की अंतिम तिथि 27 सितम्बर और खोलने की तिथि 29 सितम्बर, 2025 नियत है। इसके लिए उन्होंने सभी का आभार जताते हुए कहा कि पेयजल के क्षेत्र में यह उपलब्धि नगरवासियों के लिए वरदान साबित होगी। नगर पंचायत अध्यक्ष के निरंतर प्रयास ने मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करने का लगातार प्रयास किया गया जिस पर यह अभूतपूर्व सफलता मिलने जा रहीं जिसको लेकर नगर वासियों क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल व्याप्त है। इस सराहनीय प्रयास के लिए मुख्यमंत्री, नगर एवं शहरी विकास मंत्री, भाजपा जिला अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष की प्रबुद्ध जनों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा किया है।

## ढोल-नगाड़ों के साथ निकली गौसम्मान यात्रा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) ग्राम पिपरिया डीह में नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा गौआश्रय स्थल का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर लगभग एक किलोमीटर लंबी गौसम्मान यात्रा ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। गौआधारित कृषि आयाम संयोजक शिवांशु सिंह द्वारा स्थापित गौआश्रय स्थल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि गौसेवा सनातन संस्कृति का मानबिंदु है और हमें सनातन मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने गौसेवा को जीवन का हिस्सा बनाने और समाज में इसके महत्व को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला गौसेवा संयोजक डॉ. पीयूष शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में शिवराम सिंह, मुकेश सिंह चौहान, संतोष सिंह, नीरज वर्मा, सुमित मिश्रा, अनुज त्रिवेदी, आदित्य प्रकाश सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## विशाल भंडारे का आयोजन



पिपरिया धनी, खीरी। क्षेत्र के ग्राम दिस्तापुर में हर साल की भांति इस साल भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकडों श्रद्धालुओं ने पूडीं, सब्जी, खीर आदि का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर आयोजक संदीप यादव, वीरेंद्र यादव, मनोज यादव, सोनू यादव उर्फ सोनपाल, डॉ रघुवीर यादव, अरव सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## धौरहरा में गायत्री परिवार का हुआ महिला सम्मेलन



- ब्लॉक स्तरीय महिला सम्मेलन में पहुंची लगभग 700 से अधिक महिलाएं
- नवम्बर माह में होने वाले विराट नारी उत्कर्ष समारोह की हो रही तैयारियां

धौरहरा खीरी। गायत्री परिवार द्वारा वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 6 नवम्बर से लखीमपुर में होने वाले विराट नारी उत्कर्ष समारोह को लेकर रविवार को धौरहरा में ब्लॉक स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मण्डल की सावित्री देवी द्वारा युग निर्माण सत्संकल्प पाठ के साथ किया गया। आयोजन स्थल श्री कुसुम कृष्ण बिहारी जायसवाल स्मृति भवन परिसर में कार्यक्रम संयोजक नीलू विजय जायसवाल दंपत्ति द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार से आई नारी उत्कर्ष संकल्प मशाल का पूजन किया। कार्यक्रम में महिला मंडल लखीमपुर की डॉ अंशू वर्मा ने सभी को नारी गौरव को स्थापित करने वाले अभूतपूर्व आयोजन के महत्व को बताया। जिला समन्वयक रामखेलावन निषाद ने उपस्थित महिलाओं को बताया गायत्री परिवार की अधिष्ठात्री वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी की जन्म शताब्दी पर गायत्री परिवार द्वारा उत्तर प्रदेश में एक करोड़ देव परिवार निर्माण का नारी उत्कर्ष अभियान शुरू किया गया है जिसके अंतर्गत प्रदेश के हर जिले में नारियों को देव परिवार निर्माण एक जिले स्तर का विराट नारी उत्कर्ष समारोह का आयोजन होना है। इस अभियान का पहला विराट नारी उत्कर्ष समारोह लखीमपुर खीरी में 06 नवम्बर से हो रहा है जिसमें जिले व अन्य जिलों से आ रही 1 हजार महिलाओं का आवासीय देव परिवार निर्माण प्रशिक्षण होना है। मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया महिला सम्मेलन में धौरहरा ब्लॉक के 45 गाँवों से 700 से अधिक महिलाओं ने प्रतिभाग किया। लाल ये मशाल पूज्य गुरु जी को प्यारा है गीत के साथ महिलाओं ने संकल्प मशाल सिर पर रखकर नारी उत्कर्ष समारोह में शामिल होने के लिए संकल्प किए। गायत्री परिवार के आवाहन पर 64 महिलाओं ने कार्यक्रम स्थल पर ही अपना पंजीकरण कराया।

कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक समन्वयक लवकुश वर्मा ने किया। इस दौरान महिला मंडल की पूर्णिमा वर्मा, सुमन वर्मा, अहिल्या देवी, परबीता सिंह, सुमन वर्मा, निर्मला वर्मा, लल्ली देवी, जयंती विश्वकर्मा, पूजा गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक विजय कुमार जायसवाल, सिप्पू सुदीप निगम, कुँवर सेन, हरि गोपाल सैनी, हरि नारायण मौर्य, अजय जायसवाल, मुंशीलाल वर्मा, लवकुश वर्मा, सर्वेश कुमार वर्मा, सुशील रस्तोगी, श्रवण वर्मा, पवन मौर्य आदि मौजूद रहे।

## पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आया सिख समाज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) पंजाब में आई विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए गोला से राहत अभियान की शुरूआत की गई है। इस मुहिम की अगुवाई अधिवक्ता रंजीत कौर कर रही हैं। जो लोग सामग्री या नगद सहयोग करना चाहते हैं, उनके लिए कुम्हारन टोला स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में व्यवस्था की गई है। यहाँ रसीद की सुविधा भी उपलब्ध है, ताकि हर दानदाता को प्रमाण मिल सके। पिछले दिनों पंजाब में आई बाढ़ के बाद कई जिलों में हालात बेहद खराब हैं। बाढ़ से न केवल किसानों की फसलें बल्कि घर और मवेशी के साथ जान माल का भी भारी नुकसान हुआ है। लोगों को सर छिपाने के लिए जगह नहीं बची है। कई गाँवों का जिला मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह टूट चुका है। सड़कों पर घुटनों से ऊपर तक पानी भरा है और कई पुल क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। राहत एवं बचाव दलों को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पीने के पानी, बिजली और स्वास्थ्य सुविधाओं का संकट गहराता जा रहा है। प्रशासन ने राहत शिविर तो बनाए हैं, लेकिन जरूरत के मुकाबले ये नाकाफी साबित हो रहे हैं। पीड़ित परिवारों के लिए कपडे, दवाईयां, तेल, बीज, खाद आदि की आवश्यकता है। अधिवक्ता रन्जीत कौर ने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में सभी को अपने पंजाब राज्य की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने बताया कि कुम्हारन टोला स्थित गुरूद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में बाढ़ राहत सहायता के लिए रसीदें छप कर आ गयी है। जो भी व्यक्ति बाढ़ राहत सहायता देना चाहता है वह गुरूद्वारे में टोनी से मिलकर उक्त सेवा देकर रसीद प्राप्त करें।

# पशुओं में लंपी वायरस का बढ़ता प्रकोप

## कागजों पर टीकाकरण से वंचित पशु हो रहे बीमार



सोनभद्र। नगवां विकास खंड के वैनी में स्थित राजकीय पशु अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर की तानाशाही आई सामने बरसात से पूर्व पशुओं को लगने वाला टिका नही लगाने से पशुओं में भिन्न भिन्न प्रकार की बीमारी होने लगी है अक्सर पशुओं में लंपी वायरस का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है जिससे पशुओं की असमय मौत हो रही है।

प्रभारी पशु अस्पताल के डॉक्टर की मनमानी और लापरवाही पूर्ण रवैया देखने को मिली है। सरकार द्वारा पशुओं को बरसात से पहले टिका लगाने के लिए पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन दी जाती है ताकि सभी पशुओं का टीकाकरण हो सके और उन्हे गंभीर बीमारियों से बचाया जा सके लेकिन डॉक्टरों की मनमानी से पशुपालकों को अपने पशुओं को मरते हुए देखना पड़ता है। एक सप्ताह पूर्व सिकरवार निवासी पूर्व प्रधान भोला प्रसाद चैरसिया की गाय बीमार थी डॉक्टर को फोन किया गया तो वह बाहर होने का हवाला देकर अस्पताल के चपरासी को इलाज के लिए भेज दिए चपरासी ने ठीक कर देने का वादा कर इंजेक्शन लगाया और पांच सौ रुपए भी लिया उसके जाने के दो घंटे बाद ही दुधारू गाय की मौत हो गई।

पशुपालकों ने प्रभारी डॉक्टर के ऊपर आरोप लगाया है कि जब भी पशु बीमार होते हैं तो जब हम लोग डॉक्टर को फोन लगाते हैं तो हमेशा बाहर होने का हवाला देकर नहीं आते हैं अपनी जगह चपरासी या कंपाउंडर को भेज कर इलाज करवाते हैं। जिससे अधिकतर पशुओं की मौत हो जाती है। सूत्रों की माने तो प्रभारी डॉक्टर महीने में दो चार दिन ही अस्पताल में आते हैं और पूरे महीने का अटेंडेंस बनाकर चले जाते हैं उनकी यह मनमानी पूर्ण रवैया बहुत दिनों से देखने को मिल रही है अस्पताल चपरासी और कंपाउंडर के सहारे चल रहा है जिससे पशुओं को उचित इलाज नहीं हो पा रहा है। पशुपालकों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पूरे मामले की जांच कर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों का मानना है कि विभाग के उच्च्च अधिकारी के रहम पर नहीं आते हैं।

## सात जोड़ों की महिला थाना प्रभारी ने करायी विदाई



लखीमपुर- खीरी। रविवार को महिला प्रभारी निरीक्षक शिल्पी शुक्ला द्वारा काउंसलरों के सहयोग से 12 परिवारिक विवादों में पक्षकारों के मध्य सुलह कर के 07 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई।

महिला थाना प्रभारी निरीक्षक शिल्पी शुक्ला, काउंसलर नीति गुप्ता, कय्यूम जरवानी के द्वारा दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के 12 शिकायती प्रार्थनापत्रों में काउंसलरों के सहयोग से 07 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई। एक मामला थाना कोतवाली सदर के अन्तर्गत मोहल्ला अयोध्या पुरी का था जिसमें पति पत्नी में विवाद पत्नी के रक्षाबंधन के त्योहार पर अधिक दिनों तक अपने मायके में रुक जाने के कारण उत्पन्न हुआ, पति अपनी पत्नी से बातचीत करना भी बंद कर दिया था, पति जनपद सीतापुर का निवासी है, पत्नी की शिकायत पर पति को बुलाकर सुलह समझौता कराया गया, थानाध्यक्ष द्वारा काउंसलिंग कराई गयी। दोनों पक्ष साथ साथ रहने के लिए तैयार हो गये और थाने से विदा होकर गये।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच

ज्पत्रांकः 601/15वां वि.आ.(अन.ग्रा.)/ रा.वि.आ.-पा.नि./नि.कार्य/ई-टेण्डर/2025-26 दिनाँक 04 सितम्बर, 2025

**ई-निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक- 600/15वां वि.आ. (अन.ग्रा.)/ रा.वि.आ.-पा०नि./नि.कार्य/ई-टेण्डर / 2025-26 दिनांक 04 सितम्बर, 2025 द्वारा 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत 74 निर्माण कार्यों में से रु0 10.00 लाख से अधिक लागत के 01 निर्माण कार्य एवं रा.वि.आ./पा.नि. के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के स्वीकृत निर्माण कार्यों में से रू. 10.00 लाख से अधिक लागत के 01 निर्माण कार्य सहित कुल 02 निर्माण कार्यों हेतु जी.एस.टी. रहित आनलाइन निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 06 सितम्बर, 2025 को अपरान्ह 02:30 बजे से दिनांक 26 सितम्बर, 2025 को अपरान्ह 03:30 बजे तक निर्माण कार्यों के लिए वर्ष 2025-26 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ - साथ अन्य विभागों में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों / फर्मों से प्रतिशत दर के आधार पर निर्धारित नियम व शर्तों के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से नगर पालिका परिषद, बहराइच के इण्डियन बैंक शाखा डिगिहा स्थित खाता सं.-50383894033 IFSC Code IDIB000C601 में आनलाइन जमा की जायेगी अथवा एफ.डी.आर./टी.डी.आर./एन.एस.सी./सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो, भी स्वीकार किये जायेंगे। निविदा मूल्य आनलाइन ही जमा करना होगा। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि/निविदा मूल्य जमा रसीद (बैंक (बैंक स्टेटमेन्ट), हैसियत/ चरित्र प्रमाण-पत्र/पंजीकरण प्रमाण-पत्र इत्यादि) को ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 26 सितम्बर, 2025 को अपरान्ह 04:00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई-निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये जाने वाले निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। सम्बन्धित निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है।

**(प्रमिता सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**

**(सुधा देवी)**
**अध्यक्ष**

# मानदेय नहीं बढ़ा तो नहीं बनने देंगे सरकारः प्रतिमा सिंह



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ बैनर तले कर्मचारियों ने रविवार को राबर्ट्सगंज नवीन मंडी परिसर में बैठक कर अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर बनाई रणनीति।

जिलाध्यक्ष प्रतिमा सिंह ने बताया कि जो गुजरात स्टेट की सरकार और न्यायालय में आंगनवाड़ी कार्यकत्री और सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोत्तरी कर उनके साथ न्याय किया है। उसी क्रम में उत्तर प्रदेश के आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने निर्णय लिया है कि अब हम सब भी संगठन के साथ धरना प्रदर्शन करते हुए न्यायालय का दरवाजा खटखटा आएंगे। श्री सिंह ने बताया कि जिस प्रकार भाजपा सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य के प्रतिनिधि द्वारा अपने लेटर पैड पर सरकार आने से पहले 120 दिन में सम्मान जनक मानदेय देने का वादा किए थे। लेकिन सरकार के 8 वर्ष बीत जाने के बाद भी यूपी की आंगनवाड़ी कार्यकर्तिओ और सहाइकाओ के मानदेय में 1 रुपए की भी बढ़ोतरी नहीं हुई है। मुख्यमंत्री द्वारा 1500 रुपए की बढ़ोतरी की गई वह भी प्रोत्साहन धनराशि के नाम से दिया गया है। जो यदा कदा मिलता है अधिकांश नहीं भी मिलता है, ऐसी स्थिति में हम सभी कर्मचारीयो ने नाखुश होकर यह निर्णय लिया है कि अगर सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कर्मचारी के लिए निर्णय नहीं लिया गया तो आगामी चुनाव में इनकी सरकार नहीं बनने देंगे। इस मौके पर प्रदेश महासचिव साधना विश्वकर्मा, उर्मिला सिंह, विभा सिंह, प्रियंका, हेमलता, गीता, रेनू आदि मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार में है चौतरफा भ्रष्टाचारः राम निहोर

जिला संवाददाता(vol)



सोनभद्र। सपा की मासिक बैठक जिला पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव के अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद छोटेलाल सिंह खरवार उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि सपा हर वर्ग को एक साथ लेकर चलने का काम करती है।

भाजपा सरकार में चारों तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त है। किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं। लेकिन भाजपा कान में तेल डाली हुई है। उसे किसानों की समस्या सुनाई नहीं दे रही है। इसलिए हम समाजवादियों की जिम्मेदारी है कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस लें। सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा कि गरीबों का भला समाजवादी पार्टी में है। सपा किसानों, मजदूरों, नौजवानों, महिलाओं और हर तपके की लड़ाई लड़ने का काम कर रही है। बैठक में हाजी मुनीर अहमद, रविंद्र बहादुर सिंह पटेल, श्याम बिहारी यादव, संजय यादव, विजय यादव, अनिल प्रधान, वेदमाणी शुक्ला, राम प्यारे सिंह पटेल, लाल बहादुर पाल, डॉ0लोकपति सिंह पटेल, त्रिपुरारी गौड़, सुरेश यादव, रमेश सिंह यादव, अशोक पटेल, रमेश कुमार वर्मा, रवि कुमार गौड़ बड़कू ,विपिन श्रीवास्तव, गीता गौर, सरदार पारब्रह्म सिंह, मन्नू पांडे, राधा सिंह, हिदायत उल्ला खान, जुबेर आलम, बाबूलाल यादव, विजय शंकर जायसवाल, परमेश्वर यादव, पवन पटेल फारुख अली आदि लोग उपस्थित थे।

संक्षेप

## मशरूम उत्पादन के लिए मिला प्रशिक्षण

आजमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र लेदौरा में चल रहे 5 दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण संपंन हुआ। जिसमें 23 प्रगतिशील किसानों ने प्रतिभाग किया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. एलसी वर्मा ने बताया कि मशरूम उत्पादन का यह अनुकूल मौसम चल रहा है। मशरुम उत्पादन कर किसान अपनी आमदनी दोगुनी कर सकते हैं। मशरूम प्रोटीन का एक उत्तम स्रोत है। केंद्र के पौध सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ. महेंद्र प्रताप गौतम ने बताया कि बटन मशरूम उत्पादन के लिए सर्वप्रथम मशरूम कंपोस्ट तैयार करते हैं। जिसके लिए भूसा, चोकर, जिप्सम, यूरिया तथा पोटाश की आवश्यकता पड़ती है। यह कंपोस्ट 28 दिनों में बनकर तैयार हो जाती है। कंपोस्ट तैयार होने के बाद इसमें मशरूम स्पान (बीज) की बिजाई करते हैं। एक कुंतल कंपोस्ट से लगभग 25 किलोग्राम तक बटन मशरूम तैयार हो सकता है। केंद्र के कृषि वानिकी वैज्ञानिक पवन कुमार ने मशरूम के इकाई का लेखा जोखा रखने के लिए रजिस्टर तैयार करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वैज्ञानिक डॉ. आदित्य कुमार ने मशरूम उत्पादन कक्ष में साफ-सफाई तथा उसमें इंफेक्शन रोकने की विधियों पर चर्चा की। उन्होंने मशरूम से बने उत्पाद एवम उत्पाद बिक्री संभावनाओं पर चर्चा की।

## आपसी रंजिश में मारपीट, तीन घायल

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में सुबह करीब 6 बजे पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। घटना में एक पक्ष के तीन लोग, जिनमें एक महिला भी शामिल है, घायल हो गए। रसूलपुर गांव निवासी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि वह सुबह खेत से सब्जी लेकर जलालपुर की सब्जी मंडी में बेचने जा रहे थे। लाल बहादुर निषाद के मकान के पास ही पहुंचे थे की इसी दौरान पड़ोस के रामप्रकाश सिंह कुछ और लोगो को लेकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर बचाव में पहुंची उनकी पत्नी मंजू देवी और बेटा रोहित भी हमलावरों की पिटाई से घायल हो गए। पीड़ित ने बताया कि हमने थाने पर लिखित सूचना दे दिया है। घायलों का प्राथमिक उपचार कराया गया।पुलिस ने दोनों पक्षों पर शांति भंग की कार्रवाई करते हुए मामले की जांच कर रही है।

## तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच दी परीक्षा

जौनपुर । जिले में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा का दूसरा दिन शनिवार को शान्तिपूर्वक हुआ। यहां 35 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में 31 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।परीक्षा केंद्रों पर तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थियों को बायोमेट्रिक, फेस स्कैनिंग और आई स्कैनिंग के बाद ही प्रवेश मिल रहा था। सुरक्षा के लिए 35 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 35 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात हैं।खुफिया विभाग की टीम भी परीक्षा केंद्रों की निगरानी कर रही है।प्रश्न पत्रों को कलेक्ट्रेट के कोषागार से डबल लॉक सिस्टम में परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जा रहा है। पहली पाली के लिए सुबह 8:30 बजे तक और दूसरी पाली के लिए दोपहर 1:30 बजे तक प्रश्न पत्र वितरित किए गये। प्रश्न पत्रों को कलेक्ट्रेट के कोषागार से डबल लॉक सिस्टम में परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया गया है। परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिकाएं और बचे हुए प्रश्न पत्र भी डबल लॉक में सुरक्षित जमा किए गये। परीक्षार्थियों की संख्या को देखते हुए यातायात व्यवस्था के लिए परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस कर्मियों को विशेष रूप से तैनात किया गया था।

## पत्रकारों ने जताया शोक

मीरजापुर। जनपद के युवा पत्रकार एवं ईटीवी भारत के जिला संवाददाता जेपी पटेल के दादा जी का निधन बीते बुधवार को हो गया।इस अपूर्णीय क्षति से विंध्य इन्डियन प्रेस सोशल क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश भाई पटेल तथा संगठन के समस्त सदस्य मर्माहत हैं। इसी क्रम में क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर सात सदस्यीय टीम जे पी पटेल के पैतृक आवास ग्राम अतरैला राजा पहुंच कर अपनी शोक संवेदना प्रकट की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। संवेदना व्यक्त करने वालों में क्लब के प्रबंधक, सचिव दीपक त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष रोहित गुरु त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार एवं मजदूर यूनियन माकू के महामंत्री मंगल तिवारी, पत्रकार संतोष देव गिरी, रविन्द्र जायसवाल, बृजेश कुमार, निर्मल दुबे शामिल रहे।

# सामाजिक संस्था ने वृद्धाश्रम में बांटी सामग्री



सोनभद्र। सामाजिक संस्था इनर व्हील क्लब आर्या राबर्ट्सगंज द्वारा रविवार को वृद्धा आश्रम में दादा-दादी दिवस समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। दादा दादी हमारे दिलों में एक खास जगह रखते हैं जो अक्सर हमारे जीवन को ज्ञान प्रेम और आनंद से भर देते हैं। बुजुर्गों की सेवा से ही परिवार फालता फूलता है जीवन के अहम पड़ाव में प्यार और सम्मान से उन्हें खुशियां दी जा सकती हैं। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के सभी महिला और पुरुषों को लंच पैकेट पानी बोतल एवं केक वितरण किया गया। इसमें इनर व्हील क्लब आर्या राबर्ट्सगंज की अध्यक्ष वंदना वर्मा सचिव पूजा अग्रहरि उपाध्याय रितु अग्रवाल कोषाध्यक्ष सीमा अग्रवाल आईएसओ अर्पिता कुशवाहा संपादक नीलू अग्रवाल सहित परनिता सिंह भावना जयसवाल मोनाली अग्रवाल कीर्ति द्विवेदी अंकिता केजरीवाल आदी लोग शामिल रहे।

## अधिवक्ताओं को भी मिले कैशलेश इलाज की व्यवस्थाः राकेश

सोनभद्र। प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए सदैव आवाज बुलंद करने वाले संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए कैशलेश इलाज की मांग की है। श्री मिश्र ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में मांग की है कि जब वेतन भोगी कर्मचारियों को आप कैशलेश इलाज की सुविधा देने की घोषणा कर सकते है तो अधिवक्ताओं के लिए क्यों नहीं। उन्होंने सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि अधिवक्ता गैर वेतन भोगी होता है और उसकी दिन की या महीने की कोई निश्चित आमदनी नहीं होती जिससे वो भविष्य की परेशानियों के बारे में कुछ धन बचा कर रख सके। आज शिक्षा और मेडिकल में सबसे अधिक पैसा लग रहा है। ऐसे में कोई अधिवक्ता या उसके घर वाले किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते है तो उसका सब कुछ दांव पर लग जाता है। इलाज के अभाव में प्रतिवर्ष हजारों अधिवक्ता दम तोड़ रहे है। अभी हाल ही में जनपद सोनभद्र के वरिष्ठ अधिवक्ता हरिओम सेठ जो ओबरा तहसील में वकालत करते थे महीनों इलाज के अभाव में तड़पते रहे और अंततः पैसे के अभाव में उनकी इलाज ठीक से ना हो पाने के कारण उनका दुःखद निधन हो गया और ना तो सरकार से उन्हें कोई मदद मिली और ना ही बार कौंसिल से। इसलिए संयुक्त अधिवक्ता महासंघ आपसे मांग करता है कि आप जल्द से जल्द प्रदेश के अधिवक्ताओं को पच्चीस लाख की कैशलेश इलाज की व्यवस्था करने और उत्तरप्रदेश में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की घोषणा करें अन्यथा प्रदेश के अधिवक्ताओं को अपनी इन दोनों मांगों के लिए प्रदेश व्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेवारी उत्तर प्रदेश सरकार की होगी।

# 18 माह में पुलिस ने बरामद किए 2068 मोबाइल फोन



आजमगढ़। पुलिस ने खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान में एक और सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में जनपद पुलिस ने अगस्त 2025 में 23 लाख रुपये कीमत के 105 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए। इन फोनों को रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन, आजमगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में उनके स्वामियों को सौंप दिया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि फरवरी 2024 से शुरू किए गए इस अभियान के तहत अब तक कुल 2068 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत 3 करोड़ 83 लाख रुपये है, बरामद कर उनके मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। इसमें वर्ष 2025 में 843 फोन शामिल हैं।

गुमशुदा मोबाइल धारकों द्वारा सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सीसीटीएनएस प्रभारी को गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं। यह अभियान नागरिकों को उनकी खोई हुई संपत्ति वापस दिलाने के लिए निरंतर जारी रहेगा।

# स्टेशन के पास से बाइक चोरी पुलिस ने नहीं दर्ज किया केस

जौनपुर। जफराबाद रेलवे स्टेशन के पास से शनिवार को एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गयी। पीड़ित का मुकदमा दर्ज नही हुआ है। जीआरपी तथा सिविल पुलिस के बीच पीड़ित झूल रहा है। क्षेत्र के जमैथा गांव निवासी प्रदीप कुमार शर्मा की पुत्री का पेट की परीक्षा थी। शनिवार की भोर में वे अपने पुत्री को अपनी बाइक से ट्रेन पर बिठाने स्टेशन पर आये थे। बाइक स्टेशन के पास स्थित हनुमानजी के मंदिर पर खड़ी करके वे पुत्री को ट्रेन में बिठाने प्लेटफार्म पर गए थे। जब वे पुत्री को बिठाकर बाहर निकले तो देखा बाइक गायब थी।वह स्टेशन पर मौजूद आरपीएफ के जवानों को सूचना दिया। घटना के दो घण्टे तक वे स्टेशन पर जीआरपी चौकी के स्टॉप को दिया।वहां से जीआरपी के लोगों ने कहा कि मामला सिविल पुलिस का है। पीड़ित जफराबाद थाने पर गया।वहां से थानाध्यक्ष के आदेश पर चौकी प्रभारी राधेश्याम सिंह मौके पर जाकर जांच पड़ताल किया।उन्होंने बताया स्टेशन के बिल्डिंग से सटकर बाइक रखी गयी थी।वह एरिया जीआरपी के क्षेत्र में आता है।जबकि जीआरपी चौकी प्रभारी हरिकेश ने बताया कि जहा से बाइक गायब हुई है वह एरिया सिविल पुलिस का है।

## सूची सत्यापन में पात्र व्यक्ति बन जायेंगे मतदाता

जौनपुर। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में अल्फस्टीनगंज स्थित जिला कार्यालय पर हुई। जिला महासचिव आरिफ हबीब ने सदन को एजेंडे से अवगत कराते हुए विधिवत चर्चा कराई गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अन्य प्रदेशों में डुप्लीकेट मतदाताओं, जीरो नंबर वाले घरों में मतदाताओं और एपिक नंबर की त्रुटियों के माध्यम से मतदाताओं से वोट चोरी के आरोप चुनाव आयोग पर लगाए गए और वोट चोरी के कारण सरकार बनाई गई। ऐसे में बीएलओ और बीएलए के तालमेल से मतदाता सूची सत्यापन एवं पुनरीक्षण कार्य कराया जाएगा तो नए मतदाता भी बन जाएंगे और कोई भी मतदाता मताधिकार से वंचित नहीं रह पाएगा। जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं का आवाहन करते हुए कहा कि चुनाव कोई भी हो पार्टी के लिए वो चुनौती है और उस चुनौती को स्वीकार करते हुए सभी चुनावों में सफलता हासिल करने की आवश्यकता है।बैठक को विधायक पंकज पटेल, पूर्व मंत्री दीपचंद सोनकर, पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, श्रद्धा यादव, दीपचंद राम, श्रवण जायसवाल, वीरेंद्र यादव, निजामुद्दीन अंसारी आदि ने संबोधित करते हुए सुझाव दिए। हीरालाल विश्वकर्मा, उमाशंकर पाल, केशजीत यादव, इरशाद मंसूरी, राजेंद्र यादव टाइगर, महेंद्र यादव, सुरेश यादव, लाल मोहम्मद राईनी, संजीव साहू, दीपक यादव पप्पू, राजकुमार बिंद, रुखसार अहमद, सुशील श्रीवास्तव, पूनम मौर्य, अशोक यादव, संजय गौतम, ऊषा जायसवाल, सुशीला यादव, पूनम यादव, शिवांगी यादव, दिलीप प्रजापति, आनंद गुप्ता, श्यामनारायण बिंद, की उपस्थिति रही।

## संगठन की नींव होता है अनुशासनः संजय अस्थाना

जौनपुर। एकता में असीमित शक्ति है, एकता व अनुशासन किसी भी संगठन की नींव होती है, कितनी भी बड़ी समस्या हो एकता की शक्ति के आगे छोटी है,



ग्रापए के किसी भी सदस्य के साथ कोई संकट आता है अगर वह व्यक्तिगत भी है तो पूरा संगठन मिलकर उस सदस्य के साथ खड़ा रहेगा उपरोक्त बाते संजय अस्थाना जिलाध्यक्ष ग्रापए ने जिला कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कही। संरक्षक राकेश श्रीवास्तव ने कहांकि संगठन से जुड़ना एक मजबूत स्तंभ से जुड़ने के बराबर होता है। ग्रामीणांचल के पत्रकार अच्छा कार्य कर रहे है, उन्हें जनहित के मुद्दे और गंभीरता से उठाने की जरूरत है। उपाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल, मंडल पदाधिकारी प्रदीप पांडेय, दयाशंकर निगम, बृजराज चैरसिया ने भी बैठक को संबोधित किया। सदर तहसील अध्यक्ष देवेंद्र खरे, श्याम रतन श्रीवास्तव, सत्य नारायण यादव, जितेंद्र दुबे, असलम परवेज, विनोद यादव, रतन लाल आर्य आदि उपस्थित रहे, संचालन महासचिव लक्ष्मी नारायण मौर्या ने किया।

## बैंक मैनेजर पर लगा गंभीर आरोप

मीरजापुर। लालगंज में एसबीआई के पूर्व बैंक मैनेजर पर गंभीर आरोप लगाया गया है। आरोप है कि बैंक मैनेजर ने बैंक कर्मियों के साथ मिलकर गोल्ड लोन के अंतर्गत जमा सोना कर गायब दिया। भुक्तभोगी ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। बताते चलें कि उपभोक्ता ने बैंक से गोल्ड लोन लिया था। आरोप लगाया गया है कि उपभोक्ता का फर्जी हस्ताक्षर कर लाखों का सोना हड़प लिया गया। न्याय के लिए परेशान भुक्तभोगी दर दर भटक रहा है। वर्तमान में विंध्याचल स्थित शाखा में तैनात है बैंक मैनेजर भुक्तभोगी श्रुति मिश्र निवासी लालगंज ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## नव चयनित 13 अनुदेशकों को दिया नियुक्ति पत्र

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा रविवार को विभिन्न व्यवसाय के लिए नव चयनित 1510 अनुदेशकों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा लोक भवन सभागार लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका लाइव प्रसारण एवं जनपद स्तरीय कार्यक्रम जिले के नोडल संस्थान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान दुद्धी में मुख्य अतिथि संजीव सिंह गोंड समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, मान सिंह गौड़, ब्लाक प्रमुख म्योरपुर, दीपक शाह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जनपद में तैनात 13 अनुदेशकों को गणमान्यों द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण किए गए। कार्यक्रम में नवनियुक्त अनुदेशक शिव कुमार कनौजिया, पूजा मौर्या, अमरेन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार, ज्ञान सिंह, संजय कुमार, यशवेन्द्र कुमार, राजेश कुमार, सुजाता सिंह, दिनेश चौधरी, अमित कुमार, अरविन्द कुमार मौर्य, गरिमा को नियुक्त पत्र वितरित किए गए।

## निःशुल्क खाद्यान का वितरण 10 से 25 सितम्बर तक

सोनभद्र। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि माह सितम्बर हेतु राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आवंटित खाद्यान्न का, निःशुल्क वितरण कराया जाना निर्धारित किया गया है। खाद्यायुक्त के निर्देश के अनुपालन में जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों अपील किया गया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 योजनान्तर्गत माह सितम्बर के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न (गेहूं व चावल) निःशुल्क वितरण 10 से 25 सितम्बर तक होगा। प्रति अन्त्योदय कार्ड 35 किग्रा0 खाद्यान्न (14 किग्रा0 गेहूं व 21 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल) की दर से निःशुल्क एवं इसके अतिरिक्त त्रैमास जुलाई, अगस्त व सितम्बर के सापेक्ष चीनी प्रति कार्ड रू0 18/-प्रति किग्रा0 की दर से रू0 54/में वितरण कराया जाएगा। अन्त्योदय कार्डधारको को चीनी के सम्बन्ध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। पात्र गृहस्थी कार्डधारक-प्रति यूनिट 05 किग्रा0 खाद्यान्न (02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल) की दर से निःशुल्क वितरण किया जायेगा। यह भी बताया कि कुछ ऐसे कार्डधारक जिनका अंगूठा किसी कारण से बायोमेट्रिक नहीं हो पा रहा है वे मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा वितरण की अन्तिम तिथि 25 सितम्बर को उपलब्ध रहेगी। ऐसे कार्डधारक जिनका अंगूठा रीड/बायोमेट्रिक नहीं हो पा रहा है, वे वितरण की अन्तिम तिथि पर ओटीपी वेरिफिकेशन की सुविधा का लाभ उठाते हुए खाद्यान्न प्राप्त कर सकते है। जनपद के कार्डधारको से यह भी अनुरोध है कि वर्तमान में जनपद में प्रचलित राशनकार्डो में सम्मिलित यूनिट/सदस्यों का ई0के0वाई0सी0 कराया जा रहा है। कृपया सम्बन्धित उचित दर दुकान पर उपस्थित होकर कार्ड में सम्मिलित यूनिटों/सदस्यों का ई0के0वाई0सी0 कराना सुनिश्चित करें।

# कार को टक्कर मारकर पलटा ट्रक



जौनपुर । गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के केराकत जौनपुर मार्ग स्थित प्रसाद कॉलेज के पास लगभग शनिवार को सुबह नौ बजे केराकत की तरफ से कोयला लाद कर नेपाल जा रही ट्रक सड़क के किनारे खड़ी थी। ड्राइवर ने हैण्डब्रेक नहीं लगाया था और परिणाम यह हुआ कि कुछ देर बाद ट्रक कार में टक्कर मारते हुए प्रसाद इंजीनियरिंग कॉलेज के गेट पर जाकर पलट गई ।जिससे कालेज की बाउंड्री गेट कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया ।संजोग अच्छा थे कि कार में कोई नही बैठा था न ही ट्रक में कोई मौजूद था। बताया जाता है कि प्रसाद तिराहे से थोड़ा से पहले ट्रक चालक वाहन खड़ा कर यातायात के सिपाहियों से पूछने चला गया कि नो एंट्री है या नहीं तब तक ट्रक चालक की गलती से ट्रक आगी बढ़ गई इसके बाद ट्रक मुस्काबाद गांव निवासी दिनेश कुमार यादव अपनी कार को खड़ी कर बगल में एक नई के दुकान पर बाल कटवा रहे थे ।उसे भी अपने चपेट में लिया।

# सर्पदंश से दादी-पौत्री की मौत

जिला संवाददाता(vol)



जौनपुर ।मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के अहमदपुर गांव में सर्पदंश से पौत्री के बाद दादी की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। एक ही चारपाई पर दोनों सो रही थी। जहां शुक्रवार की रात सर्प ने डंस लिया था।

परिजनों के अनुसार रात में खाना खाने के बाद 63 वर्षीया मैना देवी अपनी पोती सात वर्षीया अंशिका के साथ घर के एक कमरे में चारपाई पर सो रही थी। कमरे का प्लास्टर अभी नहीं हुआ था। परिवार के लोगों के मुताबिक भोर में सर्प ने दोनों के पैर में डंस लिया। पोती को उल्टी शुरू हो गई। जबकि बगल में सो रही दादी की भी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन दोनों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ियाहूं पहुंचे। जहां उपचार के दौरान अंशिका की मौत हो गई। वहीं, चिकित्सकों ने मैना देवी को जिला मुख्यालय स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराए। लेकिन, देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर जैसे ही परिजनों को मिली कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।नायब तहसीलदार संदीप सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल प्रमोद कुमार श्रीवास्तव मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी लिए। प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह ने बताया कि सर्पदंश से पोती के बाद दादी की भी मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# कजली उत्सव में उमड़ा कलाकारों का हुजूम



मीरजापुर। स्थानीय सिटी क्लब आडीटोरियम में लोक संस्कृति संरक्षण केन्द्र संस्था की निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय लोकगीत कजली गायिका के द्वारा आयोजित ह्लकजली मल्हार उत्सवह्व कार्यक्रम भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, अध्यक्ष, जिला पंचायत परिषद राजू कनौजिया, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्याम सुन्दर केशरी व जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, ब्रह्मकुमारी की निदेशक बिन्दु दीदी व संस्था की निदेशक उषा गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्जवित कर किया गया। कार्यक्रम में नगर के महान विभूतियों को विशेष सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम में कजली विधा को अन्तर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने व उसके संरक्षण के लिये आयोजित कार्यक्रम में जनपद के बडी संख्या में कलाकारों का हुजूम उमड़ा तथा लोगों द्वारा अपनी प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ लोक गायिका उषा गुप्ता के द्वारा भगवान शिव की स्तुति नमामी शमीशान निर्वाणरूपम..... से किया गया तपशताच मइया ढूलै चनन झुलनवा, पवनवा चरव डोलावै ना......। कार्यक्रम में पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव ने झूला धरे से झुलावा गिरधारी..... को लोगों के द्वारा खूब पसन्द किया गया। इसके बाद लोकगायक शिवलाल गुप्ता, बद्री कवि, रमापति पाल, अमर नाथ शुक्ला, पन्नालाल यादव, विद्या सागर प्रेमी, रणधीर सिंह पटेल, उजाला प्रसाद यादव, राम ललित यादव, जटाशंकर शर्मा का चैलर, राम लखन, रागिनी चन्द्रा, शैला श्रीवास्तव, रेखा गौड़ के द्वारा अपनी कजली की प्रस्तुति की गयी तो वहीं इन्द्रजीत शुक्ला द्वारा संस्कृत में कजली सुनाया गया। कलाकारों की श्रृंखला में आगे कंचन गुप्ता, लता गुप्ता, राम प्रसाद, देवी प्रसाद मौर्य, प्रदीप वर्मा, राम आशीष यादव भदोही, राम नरायन यादव, सुरेश मौर्य, अगनू लाल द्वारा अपनी आकर्षक प्रस्तुती दी गयी। कार्यक्रम के समापन गीत जनपद के सुप्रसिद्ध लोकगायक मंटू मिश्रा द्वारा कई देवी व भववान शंकर पर आधारित कजली गीत सुनाकर लोगों को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया गया। कार्यक्रम में लोक संस्कृति संरक्षण केन्द्र जनपद के पॉच विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया द्वारा कजली गीत सुनाया गया, जिसे लोगों द्वारा पसन्द किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में जिलाधिकारी व अध्यक्ष नगर पालिका के साथ मंच पर बैठे थे, परन्तु जब कजली गायन प्रारम्भ हुआ तो जिलाधिकारी द्वारा स्वयं उठकर श्रोताओं के बीच पीछे बैठकर कार्यक्रम को सुना गया।

# आबकारी विभाग ने कम्पोजिट शॉप पर की कार्रवाई

आजमगढ़। आबकारी विभाग और थाना कंधरापुर की संयुक्त टीम ने आजमपुर स्थित एक कम्पोजिट शराब की दुकान पर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान 21.6 लीटर अवैध विदेशी शराब, 7700 रुपये नकद और दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। आबकारी निरीक्षक प्रभु नरायण सिंह के नेतृत्व में 6 सितंबर को जुनैदगंज चौराहे पर मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई शुरू की गई। सूचना मिली थी कि आजमपुर कम्पोजिट दुकान में तनुकरण (पानी मिलाकर) और पिछले वर्ष की बिक्री हेतु अनुमन्य शराब की अवैध बिक्री हो रही है। टीम ने तत्काल दुकान पर छापा मारा, जहां दो विक्रेता शशिकांत यादव उर्फ जगनू (40 वर्ष) और राजेंद्र पाल (52 वर्ष) मौजूद थे।

दुकान की जांच में लकड़ी के तख्ते के नीचे छिपाई गई तीन पेटियों में कुल 120 पौवे अवैध विदेशी शराब बरामद हुई। जांच में पाया गया कि आइकोनिक व्हाइट ग्रेन व्हिस्की की तीव्रता 42.8 प्रतिशत के बजाय 35.13 प्रतिशत थी, जो तनुकरण का प्रमाण है। साथ ही, अन्य पेटियों में रखी शराब 2024-25 की थी, जो वर्तमान वर्ष में बिक्री के लिए अनुमन्य नहीं थी। विक्रेताओं ने पूछताछ में स्वीकार किया कि दुकान के अनुज्ञापी रुदल यादव के निर्देश पर वे शराब में पानी मिलाकर और पुरानी शराब बेचकर लाभ कमाते थे। दुकान के काउंटर से 7700 रुपये नकद भी बरामद किए गए। दोनों अभियुक्तों को धारा 60/64 संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम 1910 और धारा 274/318 बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में आबकारी निरीक्षक प्रभु नरायण सिंह, प्रभारी आबकारी सिपाही श्रवण कुमार यादव, राजेश कुमार गौतम, धीरज कुमार सिंह और थाना कंधरापुर के सिपाही विनय कुमार शामिल थे। वैध शराब के स्टॉक को जब्त नहीं किया गया, और दुकान को बंद कर चाबी विक्रेताओं को सौंप दी गई। कार्यवाही के दौरान सर्वोच्च न्यायालय और मानवाधिकार आयोग के दिशा-निदेर्शों का पालन किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में शशिकांत यादव उर्फ जगनू, पुत्र धरमदेव यादव, निवासी खानपुर भगतपट्टी, थाना बिलरियागंज, राजेंद्र पाल, पुत्र नरेश पाल, निवासी बिजरवा, थाना मुबारकपुर, शामिल हैं।

संक्षेप

## स्वयं सहायता समूह महिलाओं के लिए सुनहरा अवसर

सोहावल-अयोध्या। सरकार द्वारा खण्ड विकास मुख्यालय से संचालित होने वाले स्वयं सहायता समूह से जुड़कर गांव की खासकर गरीब तबके की महिलाओं के लिये रोजगार का सुनहरा अवसर पायेंगी।

यह बात ब्लाक मुख्यालय से आई टीम और समूह सखियों ने कही है।

रविवार को ग्राम पंचायत अर्थर के मजरे खम्हरिया में राज कुमार सिंह के दरवाजे पर ब्लाक मुख्यालय से ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करने के लिये आई टीम में आशा सीआर पी अनीता आई सीआर पी रीता समूह सखी संध्या सिंह समूह सखी ने गांव की महिलाओं को समूह के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि समूह से जुड़कर महिलाएं आने वाले दिनों में रोजगार का सुनहरा अवसर प्राप्त कर सकेंगी। जिससे उनके पारिवार की आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव संभव है।

# पुलिस ने अवैध पटाखा का जखीरा पकड़ा, दो गिरफ्तार

जिला संवाददाता

**देवरिया।** पुलिस ने जिले में दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध पटाखा का जखीरा पकड़ा है। साथ ही पुलिस ने दो अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया है। थाना रामपुर कारखाना क्षेत्र के नौतन हथियागढ़ गांव के समीप गंडक नदी के किनारे जंगल में अवैध रूप से पटाखा बनाने का गोरख धंधा चल रहा था। रविवार को ग्रामीणों ने इसे पकड़ा और पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और छापेमारी की। यहां पटाखा बनाने की सामग्री के साथ ही मौके पर सरकारी प्राथमिक विद्यालयों की किताबें कई बोरों में पाई गई है। जो इसी 2024-25 सत्र की बताई जा रही है। इन किताबों को पटाखे बनाने में इस्तेमाल करने की बात सामने आ रही है। सी ओ सिटी संजय कुमार रेड्डी ने बताया कि जनपद देवरिया के थाना महुआडीह पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन-वस्तु की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बेरमहिया पुल के पास से एक अदद पिकअप वाहन यूपी 57 बीटी 3194 से कुल 9 बोरी पटाखा के साथ 2 अभियुक्तों विश्वजीत मद्धेशिया पुत्र प्रहलाद मद्धेशिया और विपीन मद्धेशिया पुत्र अचितानन्द मद्धेशिया निवासीगण वार्ड नं. 4 चांदनी चौक, कप्तानगंज, कुशीनगर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों, पिकअप वाहन एवं 9 बोरी अवैध पटाखा को कब्जे में लेकर थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। वही रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नौतन हथियागढ़ में गण्डक नदी के किनारे जंगल में कई बोरो में अवैध रुप से पटाखा बनाने का कच्चा माल मिला प्राप्त हुआ है। जिसे कब्जे में लेकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

- बोरो में मिली सरकारी विद्यालयों की किताबें, परखा बनाने में इस्तेमाल की बात आ रही सामने

### मार्ग दुर्घटना में एक की मौत

भटनी(देवरिया)। स्थानीय नगर के बाईपास रोड पर एक पैथोलॉजी के सामने पिकअप की चपेट में आने से 40 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया गया है कि पिपरा दीक्षित निवासी राजू मद्धेशिया (40) पुत्र सुखराम घर से बाइक द्वारा नकहनी चौराहा की तरफ जा रहा था।

सड़क पर रखी गिट्टी पर उसकी बाइक फिसल गई और सामने से आ रही एक पिकअप की चपेट में आ गया।जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

## पांच अक्टूबर को होगा ऐतिहासिक ब्राह्मण महाकुंभ: कृपानिधान

अयोध्या। ब्राह्मण समाज को एक जुट होकर जागना पड़ेगा नहीं तो आने वाली पीढ़ियां समाज के लोगों को माफ नहीं करेंगी। इसलिए 5 अक्टूबर के ब्राह्मण महाकुंभ को ऐतिहासिक बनाने के लिए अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी ने देश भर के सभी ब्राह्मण संगठनों से सभी भेदभाव भूलकर एकजुट होकर राष्ट्रीय कार्यक्रम को ऐतिहासिक विशाल स्वरूप देने के लिए अपनी ताकत का एहसास कराने का आवाहन किया है। नंदीग्राम भरतकुंड में संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति द्वारा आगामी 5 अक्टूबर को आयोजित विशाल ब्राह्मण महाकुंभ में देश भर के ब्राह्मणो का जमावड़ा होगा जिसमें ब्राह्मणों की एक जुटता उनकी समाज में दयनीय उपेक्षित स्थिति पर विस्तार से चिंतन के लिए समाज के लोगों से भारी संख्या मे एकत्र होकर एकजुट होने का संकल्प लेने का विचार व्यक्त किया। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की बैठक में क्षेत्र के सैकड़ो गणमान्य ब्राह्मण लोगों के साथ चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी की अध्यक्षता में 5 अक्टूबर को होने वाले अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति के ब्राह्मण महाकुंभ की तैयारी पर उपस्थित जन समूह ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में ब्राह्मणों के प्रति लोगों की दुराग्रह पक्षपात एवं कपट पूर्ण राजनीतिक दृष्टिकोण अपनाकर वोट लेने का कार्य करने और बाद मे ब्राह्मणो को उपेक्षित करने की बात कही। इसके बाद इन्हें हासिये पर रखते है जो चिंतनीय कार्य कर रहे हैं। इस तरह से ब्राह्मणों को सत्ता से अलग रखकर अपनी राजनीतिक लाभ लेनेवाले लोगों को ब्राह्मण द्वारा अपनी पहचान से अवगत कराना चाहिए, कि हमारे ही पूर्वज महर्षि दधीचि, गुरु द्रोणाचार्य और देश की आजादी की पहली बिगुल बजाने वाले मंगल पांडे जैसे बलिदानी लोग ही रहे हैं।

## भादो पूर्णिमा: बौद्ध भिक्षुओं ने पूजन कर की विश्व कल्याण की कामना



**कसया, कुशीनगर।** भादो पूर्णिमा के अवसर पर कुशीनगर स्थित म्यांमार, तिब्बत, थाई, श्रीलंका, वियतनाम सहित विभिन्न बुद्ध विहारों में बौद्ध भिक्षु ठहरे बौद्ध भिक्षुओं ने शांति के उपदेशक तथागत बुद्ध का दर्शन पूजन किया और विश्व कल्याण की कामना की।आषाढ़ पूर्णिमा से शुरू वर्षावास में थाई मंदिर के भिक्षु फ्रा सों क्रान, फ्रा कितीफान, म्यांमार मंदिर के भंते नंदिका, भंते उपाली, भंते शीलवंश सहित भिक्षुओं ने रविवार को मुख्य मंदिर में बुद्ध की लेटी प्रतिमा का दर्शन, पूजन कर चीवर चढ़ाया और स्तूप की परिक्रमा की। बौद्ध धर्मगुरु भिक्षु फ्रा सों क्रान और भंते नंदिका ने बताया कि अपने प्रवास के दौरान बुद्ध ने पंचशील के सिद्धांतों के पालन के बारे में उपदेश दिए। इन्हीं उपदेशों का पालन जीव मात्र के कल्याण के लिए करना होता है। इसके बाद भिक्षुओं पिंड पात्र लेकर भिक्षाटन को निकले और बुद्ध मार्ग पर भिक्षाटन किया। यामा कैफे के संचालक/ गाइड टीके राय, राजेंद्र शर्मा, मोरिन राय, थाई मॉनेस्ट्री के ओमप्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड, गौतम शर्मा, आशीष बरुआ, कृष्ण मोहन गुप्ता, आनंद यादव, गोपाल मद्धेशिया, लक्ष्मण यादव, धर्मेन्द्र गुप्ता, शिवम यादव, महंत कुशवाहा, मोहन सिंह आदि उपासकों ने दान किया।

### ताइक्वांडों खिलाड़ी आयान सम्मानित

**बरहज, देवरिया।** सामाजिक संस्था निफा एवं स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी यूथ ब्रिगेड ने पांच राज्यों के खिलाड़ियों को हराकर विजेता बने खुखुंदु निवासी 11 वर्षीय ताइक्वांडो खिलाड़ी आयान को अंगवस्त्र एवं मेडल के साथ भलुअनी गौरव सम्मान 2025 प्रदान कर सम्मानित किया है कटक के अंतरराष्ट्रीय जवाहरलाल नेहरु इंडोर स्टेडियम में आयोजित चौथे नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में आयान बिन लियाकत ने सिल्वर मेडल जीता था। आयान ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांडिचेरी, पश्चिम बंगाल, बिहार, नागालैंड और दिल्ली को पराजित किया था। स्वागत से अभिभूत आयान के पिता लियाकत अहमद ने निफा एवं यूथ ब्रिगेड का आभार व्यक्त करते हुए कि हमारा बेटा बचपन से ही खेल में रुचि रखता था। आयान की इस उपलब्धि पर वरिष्ठ समाजसेवी अष्टभुजा श्रीवास्तव ने खुशी जताई। शिक्षक मृत्युंजय ने कहा कि यह क्षेत्र सहित जिले और प्रदेश के लिए गर्व की बात है। संरक्षक लक्ष्मण वर्मा ने कहा कि ऐसे प्रतिभावान बच्चे देश के भविष्य और गौरव हैं। निफा जिलाध्यक्ष एवं यूथ ब्रिगेड के संस्थापक सन्तोष मद्धेशिया वैश्य ने बधाई देते हुए कहा कि हम सभी आशा करते हैं कि आयान से प्रेरित होकर अन्य प्रतिभावान बच्चे भी लक्ष्य प्राप्त कर देश का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान प्रदीप चौरसिया, डा. वाई के तिवारी, प्रमोद मौर्या, शत्रुघ्न वर्मा, इसराजुल अंसारी, परशुराम वर्मा, प्रवीन मौर्या, शिवम सोनी, तैयब अली, शुभम वर्मा, संदीप गुप्ता, सत्यम वर्मा, ओमप्रकाश गौड़, सुंदरम वर्मा, आयुष वर्मा, विनय मद्धेशिया, राजकुमार मद्धेशिया मौजूद रहे।

# जिले की ग्राम पंचायतों के लिए मॉडल बना सिंहपुर में निर्मित रतन सिंह खेल मैदान



**बहराइच।** शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक कौशल, टीम वर्क तथा बच्चों के समग्र विकास के लिए विश्व की सर्वश्रेष्ठ पाठशाला खेल मैदान है। शैक्षणिक संस्थान तथा पुस्तकों के सहारे ज्ञान तो अर्जित किया जा सकता है लेकिन टीम भावना के साथ कार्य करते हुए किसी लक्ष्य को प्राप्त करने, कल्पना का उपयोग कर अपनी सीमाओं को चुनौती देने के लिए खेल मैदान ही सबसे उपयुक्त स्थान है। खेल के मैदान बच्चों को सक्रिय रहने, स्वस्थ आदतें विकसित करने, जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने तथा हार कर भी हार न मानने का जज्बा पुस्तक पाठ के माध्यम से प्राप्त नहीं किया जा सकता है। बल्कि इसके लिए हमें खेल के मैदान में आना होता है। खेल मैदान के महत्व को स्वीकार करते हुए आकांक्षी ब्लाक हुजूरपुर की ग्राम पंचायत सिंहपुर ने मनरेगा योजना के सहयोग से ग्राम के युवाओं एवं बच्चों के लिए गांव के आंगन में शानदार खेल मैदान का विकास कर यह सुनिश्चित किया कि किसी को खेलने के लिए गांव से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। खेल मैदान के अभाव में गांव के प्रतिभावान युवक-युवतियां मायूस नहीं होंगे, अब उन्हे खेल प्रशिक्षण के लिए शहर की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा, जो कि आर्थिक रूप से भी कठिन था। गांव में खेल मैदान विकसित हो जाने से युवक-युवतियों को अपने हुनर का रियाज कर जिला, मण्डल, राज्य, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने का अवसर मिलेगा जिससे दूसरे बच्चे भी प्रेरित होंगे। देखने और सुनने में यह बात बहुत आसान लगती है लेकिन वास्तविकता यह है कि मनरेगा के तहत खेल मैदान के निर्माण के लिए कई स्तरों पर बदलाव लाया गया। मैदान के निर्माण कार्य से जहां स्थानीय मजदूरों को रोजगार मिला। वहीं समतलीकरण रनिंग ट्रैक और खेल सुविधाओं के निर्माण में सैकड़ों लोगों को काम मिला जिससे उनकी आजीविका में सुधार हुआ। ग्राम पंचायत सिंहपुर में निर्मित रतन सिंह खेल मैदान में सभी उम्र के लोगों को ध्यान में रखकर फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, और वॉलीबॉल के लिए सुविधाएं विकसित की गई हैं। खेल मैदान के विकास में सामुदायिक सहभागिता के तहत स्थानीय पंचायत मुखिया और अन्य प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी तथा पी.ओ. संदीप सिंह व अवर अभि. मोनू सोनी जैसे अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो। रतन सिंह खेल मैदान के निर्माण से स्थानीय युवाओं को कबड्डी, फुटबॉल और वॉलीबॉल जैसे खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। कई युवाओं ने स्थानीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लिया और कुछ ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने की दिशा में अपने कदम बढ़ाये। खेल मैदान ने युवाओं और बच्चों में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति रुझान पैदा किया। खेल मैदान की रनिंग ट्रैक सुबह-शाम हर उम्र के ग्रामवासी की चहल कदमी की गवाह बन रही है जिससे जनस्वास्थ्य में सुधार हुआ है। खेल मैदान के रूप में युवाओं को एक ऐसा मंच मिला है जहां से वे न केवल खेल गतिविधियों में भाग ले सकते हैं बल्कि सामुदायिक एकता को मजबूत करने और अपनी पहचान स्थापित करने में भी सक्षम हुए हैं। क्षेत्र पंचायत प्रमुख अजीत प्रताप सिंह, बीडीओ संदीप सिंह व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) प्रमोद कुमार यादव द्वारा 15 अगस्त 2023 को संयुक्त रूप से मनरेगा खेल मैदान का उद्घाटन किया था। मनरेगा योजना अन्तर्गत निर्मित खेल मैदान के जहां निर्माण व रख-रखाव के कारण लोगों को रोजगार के अवसर पर उपलब्ध कराएं वहीं बेहतर सुविधाओं के कारण आये दिन आयोजित होने वाली खेल गतिविधियों में गांव के पर्यटन विकास तथा स्थानीय लोगों के लिए आय के नए अवसर पैदा कर गांव के आर्थिक विकास को सहारा दिया। ग्राम पंचायत सिंहपुर में निर्मित खेल मैदान जिले की अन्य ग्राम पंचायतों के लिए एक मॉडल बन गया है।

- गांव के पर्यटन व आर्थिक विकास में सहभागी बना मनरेगा योजना से विकसित खेल मैदान
- कबड्डी, फुटबॉल और वॉलीबॉल में हुनर तराश रहीं ग्रामीण प्रतिभाएं

### मद्धेशिया वैश्य सभा ने मनाई संत गणिनाथ की जयंती

**कसया, कुशीनगर।** मद्धेशिया वैश्य कान्दू महासभा द्वारा कुलगुरू संत गणिनाथ के जयंती अवसर पर पूजनोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन किया गया।शनिवार की शाम को नगर कार्यालय पर आयोजित समारोह में गणिनाथ का पूजन मंत्रोच्चार के बीच किया गया और उनकी सामूहिक आरती उतार कर सुख शांति की कामना की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भजन गायक सन्नी सांवरिया ने भजन व राधा कृष्ण की लीलाओं की अपने गीतों के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी। जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। संगठन के प्रांतीय सलाहकार डा. योगेश्वर मद्धेशिया व प्रदेश महामंत्री गिरीश चन्द गुप्ता ने कहा कि शिक्षा से ही समाज की उन्नति होगी इसलिए मद्धेशिया समाज बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। राष्ट्रीय मंत्री हीरालाल मद्धेशिया, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता, प्रांतीय उपाध्यक्ष मायाशंकर निर्गुणायत सुभाष चन्द गुप्ता, प्रांतीय महामंत्री संगठन मनोज कुमार मद्धेशिया, प्रांतीय मंत्री प्रभात मद्धेशिया, पूर्व चेयरमैन मुकेश्वर मद्धेशिया, गोरखपुर के कोषाध्यक्ष जवाहर लाल मद्धेशिया इत्यादि सभी ने शैक्षणिक उत्थान का आह्वान किया। इस दौरान डा. भावना गुप्ता, डा. सीमा गुप्ता, डा विजय मद्धेशिया, डा. पियूष मद्धेशिया डा. अनिल मद्धेशिया, प्रधान मोहनलाल गुप्ता, संतोष मद्धेशिया भलुअनी, अंगद मद्धेशिया, रोहित मद्धेशिया, संत मद्धेशिया, संतोष मद्धेशिया, अजय मद्धेशिया, चंदन मद्धेशिया, जय प्रकाश मद्धेशिया, लालबाबू मद्धेशिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## युगों-युगों तक याद की जायेंगी मित्रसेन यादव के संघर्षो की गौरव गाथा: अवधेश प्रसाद

अयोध्या। रविवार को पूर्व सांसद स्वर्गीय मित्रसेन यादव की दसवीं पुण्यतिथि किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर में रविवार को मनाई गई। इस दौरान फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद, पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवन, पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी, पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा सहित हजारों लोगों ने बाबूजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। फैजाबाद ही नहीं पूरे पूर्वांचल की राजनीतिक धुरी रहे स्वर्गीय बाबूजी मित्रसेन यादव की दसवीं पुण्यतिथि उनके द्वारा स्थापित किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर में बनाई गई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबूजी की पुण्यतिथि के अवसर पर पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव द्वारा हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के मेधाबी 12 छात्र-छात्राओं को साइकिल भी विस्तृत की गई। कार्यक्रम आरंभ गायत्री मंत्र के हवन पूजन के साथ शुरू हुआ। हवन पूजन में पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, पूर्व प्रमुख इंदूसेन यादव, प्रमुख अंकुर सेन यादव व नेहा सेन भी शामिल हुई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचे फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद ने पूर्व सांसद स्वर्गीय मित्रसेन यादव को गरीबों का मसीहा बताया और कहा कि स्वर्गीय मित्रसेन यादव द्वारा किए गए संघर्ष संघर्षों की गौरवगाथा को लोग युगों युगों तक याद करेंगे। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने कहा कि वह स्वर्गीय बाबूजी के बताए हुए रास्ते पर चलकर गरीबों, मजलूमों की सेवा करते रहेंगे। पूर्व मंत्री श्री यादव ने मौजूद लोगों को आश्वस्त किया कि वह भी गरीबों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे ने कहा कि बाबूजी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हमारे नेता अखिलेश यादव 2027 में प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी उर्फ.रुश्दी मियां ने भी बाबूजी के संघर्षों को याद किया और कहा कि बाबूजी ने हमेशा गरीबों की लड़ाई लड़ कर उनको न्याय दिलाने का काम किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने ने कहा कि बाबूजी के संघर्षों से प्रेरणा लेकर हम सभी को उनके द्वारा बताए गए मार्गों पर चलकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करना होगा और आने वाले चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सपा की सरकार बनानी होगी। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता पृथ्वीराज यादव व संचालन सुरेश इंसान ने किया। कार्यक्रम में लोग गायक के रूप में मौजूद धर्मेंद्र वर्मा व छबिलाल पाल ने स्वर्गीय बाबूजी के संघर्षों को गीतों के माध्यम से लोगों के बीच रखा। कार्यक्रम को पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा, पूर्व प्रमुख इन्दू सेन यादव, ब्लाक प्रमुख अंकुर सेन यादव, पूर्व साकेत छात्रसंघ अध्यक्ष संजय यादव, पूर्व विधायक जयशंकर पांडे, पूर्व प्रमुख कमलासन पांडे, आनंद सिंह मिंटू, जय करण वर्मा, जय सिंह राणा, राम निहाल यादव, ने संबोधित किया।

## गुप्तार घाट पर लगाये जा रहे प्रतिबंधों के खिलाफ बढ़ रहा आक्रोश

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने गुप्तार घाट पर कवच कंपनी द्वारा लगाए जा रहे प्रतिबंधों के खिलाफ गहरा रोष प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि फैजाबाद का ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाला गुप्तार घाट सदैव से स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। यह घाट फैजाबाद का एकमात्र प्रमुख पर्यटन स्थल भी है। किंतु हाल ही में नगर निगम प्रशासन की अनुमति और भारतीय जनता पार्टी की शह पर कवच नामक निजी कंपनी को घाट का संचालन सौंपकर उसका व्यावसायीकरण कर दिया गया है। कंपनी ने गुप्तार घाट पर 40 रुपए का अनिवार्य प्रवेश शुल्क लगा दिया है। इसके अलावा पार्क में प्रवेश हेतु अलग शुल्क लिया जा रहा है। यही नहीं, कंपनी द्वारा लगाए गए बोर्ड में यह तक लिखा गया है कि गुप्तार घाट में किसी भी धार्मिक आयोजन से पूर्व कंपनी से अनुमति लेनी अनिवार्य होगी। यह निर्णय सीधे-सीधे स्थानीय नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता एवं सांस्कृतिक परंपराओं पर प्रहार है। कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने इस कदम की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास के नाम पर फैजाबाद की जनता को उनकी ही धरोहर से बेगाना कर रही है। गुप्तार घाट पर निजी कंपनी की मनमानी आमजन के अधिकारों का हनन है। कांग्रेस पार्टी भाजपा को चेतावनी देती है कि जिस प्रकार फैजाबाद की आवाम ने उसे लोकसभा चुनाव में सबक सिखाया है, आने वाले समय में जिले की विधानसभा और नगर निगम चुनाव में भी भाजपा का सुपड़ा साफ हो जाएगा। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने आगे कहा कि यदि नगर निगम प्रशासन और स्थानीय प्रशासन इस अन्यायपूर्ण निर्णय को तत्काल वापस नहीं लेते, तो कांग्रेस पार्टी फैजाबाद की जनता के साथ मिलकर जनआंदोलन छेड़ेगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी भाजपा सरकार और प्रशासन की होगी। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने प्रशासन से यह मांग की है कि गुप्तार घाट पर स्थानीय नागरिकों पर लगाया गया प्रवेश शुल्क तुरंत समाप्त किया जाए। घाट पर धार्मिक आयोजनों पर निजी कंपनी की अनुमति लेने की बाध्यता समाप्त की जाए। गुप्तार घाट को पूर्ववत सार्वजनिक और निशुल्क प्रवेश योग्य स्थल घोषित किया जाए। कांग्रेस पार्टी स्पष्ट करना चाहती है कि जनता की आस्था और अधिकारों से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में

## पत्रकार की मां के निधन पर गणमान्य जनों और पत्रकारों ने जतायी शोक



**कुशीनगर।** जिले के कसया विकास खंड क्षेत्र के मैनपुर टोला मुरली पट्टी निवासीराष्ट्रीय सहारा के पत्रकार वीरेंद्र कुमार यादव की माता श्रीमती श्याम सुंदरी देवी पत्नी श्री इंद्रासन यादव उम्र 80 वर्ष का देहावसान शनिवार की देर रात हो गया। निधन की जानकारी होते ही शुभेच्छुओं, रिश्तेदारों और पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई।बुधवार की सुबह गांव स्थित बाड़ी नदी के तट पर श्रीमती श्याम सुंदरी देवी का अंतिम संस्कार किया गया। श्रीमती देवी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। निधन पर नगरपालिका कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल, सपा नेता राजेश प्रताप राव बंटी राव, सपा नेता पुरंदर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष सपा डॉ मनोज यादव, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमरजीत यादव, एड उदयभान यादव, पूर्व प्रधान फुलेना यादव, प्रमिल गुप्ता, सभासद राजेश मद्धेशिया, पवन जायसवाल, प्रधान प्रभुनाथ प्रसाद, महेंद्र गुप्ता, नंदलाल कुशवाहा, भागवत यादव सहित भारी संख्या में गणमान्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। वरिष्ठ पत्रकार बृजबिहारी त्रिपाठी, त्रिलोकीनाथ श्रीवास्तव, विनय कांत मिश्रा, अनिल तिवारी, संदीप तिवारी, अजय त्रिपाठी, रामाश्रय कन्नौजिया, हर गोविंद राव, हृदया नन्द शर्मा, कृष्ण मोहन पांडेय, अजय मिश्रा, शैलेश कुमार सिंह, राकेश पाण्डेय, मनीष यादव, पवन शर्मा, गुरुदत्त उपाध्याय, डा फैजुल हक, जनार्दन शर्मा, संदीप सिंह, विजय तिवारी, अमरनाथ पांडेय, खलील अहमद, विवेक उपाध्याय सहित पत्रकारों ने शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

# लंबी बीमारी से पीड़ित पशुओं का हो रहा है टीकाकरण



**देवरिया।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि पिछले हफ्ते जब मैं देवरिया आया तो उसे समय कुछ गांव से शिकायत मिली कि पशु लंबी प्रभावित हुए हैं और अब तक 520 गांव के इसका वैक्सीनेशन किया गया है। 504 गांव और बच्चे हैं, जिनमें शीघ्र वैक्सीनेशन कर लिया जाएगा। यह लंपी वायरस पाकिस्तान से राजस्थान, हरियाणा और उत्तराखंड से प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में फैला। लेकिन इस बार बिहार की ओर से चलते हुए यह पूर्वी उत्तर प्रदेश आ गई है। जिसके डॉक्टरों की टीम बुलाई गई है। इस पर जल्द काबू पा लिया जाएगा। देवरिया में डेढ़ लाख से अधिक गोवंश है। इनको लंबी से बचने के लिए इनका वैक्सीनेशन जरूरी है। अब तक लगभग 95 हजार वैक्सीनेशन का कार्य पूरा हुआ है। जो शेष बचा हुआ है। उसे भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। श्री शाही अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जिसको लेकर मैंने प्रमुख सचिव से यहां एक स्पेशल रिस्पांस टीम भेजना को कहां है 2 दिन के भीतर यहां डॉक्टरों की टीम आएगी और सर्किल वाइज लम्पी सील करेगी। 16 ब्लॉकों में इस बीमारी को रोकने के लिए डॉक्टरों की टीम लग जाएगी और इस बीमारी को जड़ से खत्म करके ही जाएगी। उन्होंने कहा कि लंबी वायरस को समाप्त करने के लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन और डॉक्टर उपलब्ध है। डाक्टरों की टीम जब तक एक पशु का वैक्सीनेशन नही हो जाता तब तक यहां रहेगी और इसे जड़ से खत्म करेगी। प्रश्नों के जवाब में श्री शाही ने कहा कि देवरिया सहित पूरे प्रदेश में यूरिया की कोई कमी नही है। कोऑपरेटिव समिति समेत प्राइवेट दुकानों पर यूरिया उपलब है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में यूरिया पहली अप्रैल से लेकर के और 6 सितंबर तक 37 लाख मीट्रिक टन बिक्री हुई है। पिछले साल 2024 में 6 सितंबर तक 24 लाख 28 हजार की खपत हुई थी। पिछले साल की तुलना में अब तक 3 लाख 43 हजार से ज्यादा की खपत हुई है। हमारे पास आज भी 589000 हजार यूरिया प्रदेश के सभी 75 जिलों के भीतर है और किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत से ज्यादा यूरिया की बिक्री देवरिया जनपद के बीच हुई है। उत्तर प्रदेश के अंदर जो सबसे ज्यादा यूरिया खर्च करने वाले जिले हैं। उनमें लगभग 60 जिले खपत ज्यादा हुई है। 14 जिलों में कम खपत हुई है। टॉप में सबसे ज्यादा गोंडा, गोरखपुर, बस्ती और देवरिया सबसे ज्यादा यूरिया खर्च करने जिले है। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रमुख भूपेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

### साफ-सफाई एवं घरेलू उपचार की दी जानकारी

देवरिया। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण अभियान में लम्पी बिमारी से बचाव हेतु पशु चिकित्सालय बैतालपुर द्वारा लगातार टीकाकरण किया जा रहा है, अबतक 3600 पशुओं को टीका लगाया जा चुका है ।पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी, पैरावेट रजनीश यादव, पंकज मणि, धर्मेन्द्र यादव, अभिषेक मणि, आयुष श्रीवास्तव एवं सुभाष चन्द्र द्वारा बैतालपुर अन्तर्गत 43 गांवों में टीकाकरण अभियान चलाया गया है, शेष गांवों में भी शीघ्र रोस्टर के अनुसार टीकाकरण किया जाएगा।पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने लम्पी बिमारी से प्रभावित पशुओं को नहलाने के लिए पशुपालकों को लाल दवा पोटैशियम परमैगनेट वितरित किया एवं रोग नियंत्रण हेतु साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। पशु बाड़े के आस पास गोबर, पेशाब आदि एकत्र न होने दें, चूना व किटाणु नाशक दवाओं का नियमित छिड़काव करें। यह बिमारी मच्छर, मक्खी व किलनी आदि से फैलता है। घरेलू उपचार से भी इस रोग का इलाज करते हैं जैसे कि हल्दी पाउडर, एलोवेरा का जेल, चूना तथा नीम का छाल और पत्ता तथा नीम का तेल इत्यादि को पेस्ट बनाकर घाव पर लगाने से दो सप्ताह में पशु स्वस्थ हो जाते हैं ।पशुओं को घरेलू उपाय द्वारा भी उपचार कर सकते हैं ।पान के पत्ते - 10 नग; काली मिर्च - 10 ग्राम; नमक - 10 ग्राम तैयारी कर पेस्ट बनाने के लिए मिश्रण बनाएं और गुड़ के साथ मिलाएं। पहले दिन - हर तीन घंटे में एक खुराक खिलाएं।

## स्काउट/गाइड प्रशिक्षण सेवा सहयोग व समर्पण के भावना का करता है विकास: धीरेंद्र प्रकाश

**भटनी(देवरिया)।** कल्पनाथ राय महाविद्यालय लक्ष्मीपुर खोरीबारी रामपुर भटनी मे चल रहे पाँच दिवसीय स्काउट /गाइड के विशेष शिविर का समापन एक समारोह के आयोजन के बीच सम्पन्न हुआ ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामायण राय विशिष्ट अतिथि एस माऊन्ट पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्या डौनी मिलान द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया ।महाविद्यालय के प्रबन्धक धीरेन्द्र प्रकाश राय ने अपने सम्बोधन मे कहा कि स्काउट/गाइड प्रशिक्षण सेवा सहयोग व समर्पण की भावना का विकास करते हुए आपसी भाईचारा के भावना व सदभावना का सन्देश समाज मे देता है ।प्राचार्य संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि समाज मे भाईचारे का सन्देश जीवन जीने की कला अनुशासन कला सेवा भावना व नैतिकता व आचरण की भावना जागृत करता है ।प्रशिक्षक नरसिंह कुमार ने टोली की विधि प्रार्थना झण्डा गीत नियम प्रतिज्ञा दिशाओं का ज्ञान विषमपरिस्थियो मे स्काउट /गाइड किस तरह से देश सेवाके लिए समर्पण के लिए तैयार रहता है ।प्रबन्धक धीरेन्द्र प्रकाश राय ने उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया ।

### कांग्रेस के दबाव से हुआ जीएसटी कम: मंसूरी

बरहज, देवरिया। रविवार को स्थानीय कांग्रेस कार्यालय लाजपत भवन पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक ब्लाक अध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन मंसूरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को न्याय पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए चर्चा की गयी ।बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं विधानसभा प्रभारी मार्कण्डेय मिश्र ने कहा कि कांग्रेस आज जनता की उम्मीद है। कांग्रेस की तरफ आज जनता आशा संगठन को हर स्तर पर मजबूत बनाकर पंचायत चुनावों में कांग्रेस के उम्मीदवार उतारें और मेहनत कर उन्हें जिताने का प्रयास करें। ।बैठक को सम्बोधित करते हुए ब्लाक अध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन मंसूरी ने कहा कि जब -जब कांग्रेस कमजोर होती है तब -तब गैर कांग्रेसी सरकारें तरह -तरह के मनमाने टैक्स लगाकर जनता को लूटने का काम करती हैं और जब कांग्रेस मजबूत होती है तब भाजपा जैसी सरकार कांग्रेस के डर से मजबूरी में जनता को राहत देने का काम करती है।

### पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में शांति/सुरक्षा/कानून व्यवस्था को सुदृढ़ तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना बनाये रखने हेतु जनपद के समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा टीम बनाकर आज *ह्लनाकाबंदी चेकिंगह्व* अभियान के तहत चेकिंग की गयी ।इस चेकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य चोरी की गाड़ी पकड़ना, संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग करना बिना कागजात के वाहनों की जांच करना और संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाना, अंतर्राज्यीय सीमा पर अपराध नियंत्रण सीमावर्ती क्षेत्रों में अंतर्राज्यीय अपराधियों की आवाजाही पर अंकुश लगाना एवं अवैध असलहा अथवा अवैध मादक पदार्थ पकड़ना आदि रहा ।जनपदीय पुलिस द्वारा उक्त चेकिंग अभियान के दौरान जनपद में कुल 54 स्थानों पर चेकिंग करते हुए 1232 ढश्ङ्मस्रष्ठ५ी व 721 वाहनों की चेकिंग की गयी और नियमों का पालन वाले 144 वाहनों का 1,47,300 रुपए का ई-चालान भी किया ।

संक्षेप

## शारदीय नवरात्र को लेकर समिति की बैठक

पुरवा, उन्नाव। स्थानीय दलीगढ़ी में शारदीय नवरात्र को लेकर श्री केदारेश्वर सेवा समिति की बैठक स्थानीय बीएनएस इंटर कालेज में सम्पन्न हुई। जहां नगर के मोहल्ला दलीगढ़ी स्थित श्री केदारेश्वर मंदिर में आगामी नवरात्र के अवसर पर मां की आरती, पूजन व हवन बाद कन्याभोज व विजय दशमी के अवसर पर विशाल प्रसाद वितरण करना सुनिश्चित हुआ। बीते 9 वर्षो से समिति इसी तरह के कार्यक्रम संचालित करती रही है। समिति के सदस्य कौशलेंद्र शंकर शुक्ला ने कहा कि हम सनातनीजन सनातन धर्म के उत्थान को धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन कर देवी देवताओं से आशीर्वाद को पूजा अर्चना करनी होगी। समिति का प्रयास सनातन धर्म के प्रति हिंदुओं को जागरुक कर सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करना है। जिसमें मौजूदा परिस्थितियों में युवाओं को जागरुक कर संस्कारित करना है। मौके पर पं शिवशंकर शुक्ल, मोहिनीश कुमार शुक्ल, सुभाशीष शुक्ल, अनुराग तिवारी, रज्जन लाल, अनुराग जायसवाल, पप्पू शुक्ला, रवि बाजपेई व अजय प्रताप सिंह सहित समिति के पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद थे।

## ईरिक्शा हटाने को लेकर विवाद में मामला दर्ज

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के गांव कसरौर निवासी सरजीत ने बताया कि वह डीसीएम गाडी को लेकर गांव आया था। जहां गांव के ही लालू का ईरिक्शा खडा था। लालू से ईरिक्शा हटाने को कहा तो लालू गाली गलौज करने लगा। जब गाली देने से मना किया तो लालू, राजू व बुद्धी एकराय होकर लाठी डन्डो से पीटने लगे। जिससे सिर पर काफी चोटे आयी। शोर शराबा सुनकर काफी लोगो के आ जाने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गये।

## सचिव के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत

पुरवा, उन्नाव। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता रवींद्र कुमार सिंह के मुताबिक बीते 30 अगस्त को बीपैक्स चमियानी की संयुक्त जांच में समिति के स्टाक रजिस्टर देखा गया। जिसमें सचिव ने स्टाक रजिस्टर खारिज करने में विभागीय निदेशों का पालन न करते हुए वितरण धनराशि का 2-3 दिन अवरुद्ध रखा। साथ ही वितरण रजिस्टर में किसानों के नाम, पते व आधार नं अंकित होने के बावजूद मात्रा का उल्लेख नहीं किया गया। जिससे सचिव की मंशा दूषित प्रतीत होती है। जहां वितरण रजिस्टर में वितरण के बाद मनमुताबिक बिक्री की मात्रा अंकित की जाती है। अतिरिक्त उर्वरक स्टाक रजिस्टर में लगभग प्रत्येक पृष्ठ पर व्हाइटनर लगाकर कूट रचना करना उर्वरक नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन है। जांचकर्ता द्वारा विखं बिछिया के ग्राम जमुना निवासी सचिव अजय कुमार शुक्ल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के साथ साथ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत किये जाने की संस्तुति की गयी है। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो युवक झुलसे

सीतापुर। जिले में पिसावा इलाके के कुतुबनगर कस्बे में दोपहर अचानक मौसम बदलने के बीच आकाशीय बिजली गिरने से अफरा-तफरी मच गई। गांव में जमुड्डी तालाब के पास नीम के पेड़ की छांव में बैठे दो लोग इसकी चपेट में आकर झुलस गए। हादसे में एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर करीब ढाई बजे मौसम अचानक बदल गया और तेज हवा के साथ काले बादल छा गए। इसी बीच आकाशीय बिजली नीम के पेड़ पर गिरी। जिसके नीचे बैठे नूर आलम (50) और जावेद (38) उसकी चपेट में आ गए। बिजली गिरते ही जोरदार धमाका हुआ और दोनों लोग जमीन पर गिर पड़े। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर दौड़े और दोनों को उठाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी तुरंत परिजनों को दी। परिजन 108 एंबुलेंस सेवा की मदद से घायलों को मिश्रिख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद पाया कि नूर आलम गंभीर रूप से झुलस गए हैं। उनकी हालत चिंताजनक देखते हुए उन्हें अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। वहीं जावेद को प्राथमिक उपचार देने के बाद घर भेज दिया गया।

# डीएम व एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण



सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 के द्वितीय दिवस की प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान आर.एम.पी. इण्टर कालेज, लखनऊ पब्लिक स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर एवं सुमित्रा मॉर्डन स्कूल स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु आवश्यक निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आयोग के निदेर्शानुसार समस्त कार्यों को पूरी सुचिता के साथ सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने परीक्षा

- **आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा संपन्न कराने के दिए निर्देश**

केंद्रों के आस पास शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने, निर्धारित प्रक्रिया का पूर्णतया पालन सुनिश्चित करने आदि के सम्बन्ध में भी निर्देशित किया। परीक्षा केंद्रों पर मानकों के अनुरूप सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को भ्रमणशील रहते हुए गहन निरीक्षण करने हेतु भी निर्देशित किया। यातायात व्यवस्था सुचारू रखने हेतु भी निर्देश दिए गए।

## सांसद ने किया बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा

हरगांव (सीतापुर)। हरगांव विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा धौरहरा लोकसभा से सपा सांसद आनंद भदौरिया ने किया। इस दौरान वह ट्रैक्टर पर सवार होकर गांव-गांव पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। सांसद ने बाढ़ की विभीषिका झेल रहे लोगों से मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रशासन की ओर से हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। सांसद आनंद भदौरिया लहरपुर तहसील के महसी, सलारपुर, बरेती, खालेपुर, मुगलपुर और कुपेसा पट्टी सहित करीब एक दर्जन गांवों में पहुंचे। कई जगह तो वे गहरे पानी में उतरकर ग्रामीणों के बीच बैठ गए और उनकी समस्याएं जानीं।



सांसद को अपने बीच पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने बाढ़ से हुए नुकसान की व्यथा साझा की। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ के कारण उनके घर जलमग्न हो गए हैं और फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। पशुओं के लिए चारे की भी भारी किल्लत है। इस पर सांसद ने तहसील प्रशासन से बात कर तत्काल राहत सामग्री वितरण के निर्देश दिए। उन्होंने नायब तहसीलदार और लेखपालों को भी निर्देशित किया कि वे गांव-गांव जाकर नुकसान का आंकलन करें और रिपोर्ट जल्द से जल्द शासन को भेजें। सांसद ने कहा कि किसानों की बर्बाद हुई फसलों का सर्वे कराकर उन्हें शीघ्र मुआवजा दिलाया जाएगा। इसके अलावा बाढ़ से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए भी प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल लहरपुर तहसील के एक दर्जन गांव पूरी तरह बाढ़ के पानी से घिरे हुए बताए जा रहे हैं, जबकि करीब 7 गांवों की फसलें पानी में डूब चुकी हैं। वहीं बिसवां तहसील क्षेत्र के 12 मजरों की फसलें भी जलमग्न हो गई हैं। सांसद ने प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी हाल में बाढ़ पीड़ितों की मदद में ढिलाई नहीं बरती जानी चाहिए।

## झोलाछाप के इलाज से युवक की मौत

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिले के मछरेहटा थाना क्षेत्र में रविवार को झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया। घटना के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा काटा और डॉक्टर पर गलत इलाज करने का गंभीर आरोप लगाया।

फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक उपरहितापुर गांव निवासी 18 वर्षीय नवीन कुमार बुखार से पीड़ित था। शनिवार को शाम वह कस्बे में संचालित पाल क्लीनिक नामक प्राइवेट क्लीनिक पर गया। जहां कथित झोलाछाप डॉक्टर इलाज कर रहा था। परिजनों का कहना है कि डॉक्टर ने पहले दवा दी और फिर इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगने के तुरंत बाद नवीन की तबीयत बिगड़ गई। कुछ ही देर में उसकी हालत नाजुक हो गई और वह बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजन ने बताया कि इंजेक्शन लगने के कुछ देर बाद हो युवक ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में गुस्सा फैल गया। उन्होंने क्लीनिक पर पहुंचकर हंगामा किया और डॉक्टर पर लापरवाही व गलत इलाज का आरोप लगाया। घटना के बाद आरोपी झोलाछाप डॉक्टर क्लीनिक बंद कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित परिजनों को समझाकर शांत कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट होगा। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से झोलाछाप डॉक्टर बिना डिग्री के क्लीनिक चला रहे हैं और लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। मृतक युवक के परिजन दोषी डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं प्रभारी निरीक्षक प्रभात कुमार का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

## चयन वेतनमान आवेदन स्वीकृत होने पर शिक्षकों में खुशी

उन्नाव। मानव संपदा पोर्टल पर बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के चयन वेतनमान के लगभग 1600 से अधिक आवेदन लंबित होने की खबर ने जैसे ही अखबारों की सुर्खियां बटोरी, अधिकांश विकासखंडों के आवेदन खंड शिक्षा अधिकारी स्तर से एल 1 से अग्रसारित कर दिए गए। किंतु अभी भी विकास खंड असोहा, बांगरमऊ, बिछिया और पुरवा द्वारा अभी तक कोई भी चयन वेतनमान नहीं भेजे गए थे। इन विकास खंड से 142, 26, 102, 95 शिक्षकों के चयन वेतनमान आवेदन क्रमशः लंबित थे।

लगभग 1685 शिक्षकों ने चयन वेतनमान के लिए आवेदन किया था जिसमें से लगभग 1400 आवेदन खंड शिक्षा अधिकारी स्तर से अग्रसारित कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेज दिए गए हैं। इसमें लगभग 1100 आवेदन बीएसए एल 1 स्तर पर और लगभग 200 आवेदन बीएसए 2 स्तर पर लंबित थे प्रकरण को महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा संज्ञान लेते हुए सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को एक सप्ताह में प्रकरण को निस्तारित करने संबंधी पत्र जारी किया गया था। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने संज्ञान लेते हुए 485 चयन वेतनमान स्वीकृत कर दिए हैं तथा 755 चयन वेतनमान के आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए हैं ये आवेदन विभिन्न त्रुटियां अथवा पुनरावृति के कारण रिजेक्ट हुए हैं 485 चयन वेतनमान स्वीकृत होने पर शिक्षकों में खुशी की लहर है। संगठन के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया, प्रांतीय संयुक्त मंत्री अक्षय कटियार, मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह सेंगर, मंडल संयुक्त मंत्री इमरान अली खान, जिला अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र, जिला महामंत्री अवनीश पाल, जिला कोषाध्यक्ष दीपक वर्मा पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेदनारायण मिश्र, महिला उपाध्यक्ष अनामिका भारती, उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी, उपाध्यक्ष राकेश बघेल, मंत्री संदीप कटियार, मीडिया प्रभारी विनीत बाजपेयी, विकासखंड हिलौली अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, विकासखंड असोहा उमेश गुप्ता, सचिन्द पटेल, नमो नारायण, वैष्णव कनौजिया समेत सभी पदाधिकारी ने इस विषय पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## दुकान के किराए को लेकर महिला से मारपीट

जिला संवाददाता(vol)

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत स्थानीय मिर्री चौराहा निवासिनी अर्चना शुक्ला पत्नी जितेंद्र शुक्ला के मुताबिक बीते शुक्रवार की शाम वह घर में खाना बना रही थी।

वहीं दुकान के किराये को लेकर ननद मृदुलता उर्फ मीनू सुबह से ही उससे लड़ाई कर रही थी। तभी उसने डण्डे के सहारे कड़ाई में खौल रहा तेल उसके ऊपर ढकेल दिया। जिस पर बचाव करने के बावजूद उसके दोनों पैर तेल गिरने से बुरी तरह जल गये। जिससे वह जोर जोर से चीखने चिल्लाने लगी। तभी उसकी आवाज दबाने को उसने कई बार डण्डें से प्रहार करते हुए चुप न रहने पर जान से मारने की धमकी दी। पति से लड़ाई झगड़ा के बाद मायके में रह रही मीनू के दोस्त ने भी पीड़िता व उसके पति को जान से मारने की धमकी दी है। पति के घर से बाहर जाते ही सास-ससुर व ननद के प्रताड़ित करने से वह हताश है। पीड़िता ने तहरीर सौंपकर कोतवाली पुलिस से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासन प्रतिबद्ध

जौनपुर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा के चयनित विभिन्न व्यवसायों के 16 अनुदेशकों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह , जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, ने नवचयनित अनुदेशकों की उपस्थिति में लोकभवन सभागार लखनऊ से आयोजित नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखा गया तथा मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को सुना गया। सदस्य विधान परिषद तथा जिलाधिकारी द्वारा मैकेनिक, मोटर व्हीकल, टर्नर, फीटर, इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, कोपा, प्लंबर, कॉस्मेटोलॉजी, ड्रेस मेकिंग, फैशन डिजाइनिंग सहित विभिन्न व्यवसायों से चयनित जनपद के 16 नवचयनित अनुदेशकों वैशाली, किरण, अनिल कुमार यादव, राजकुमार, राजू सोनकर, पूजा गुप्ता, सोनी यादव, आशुतोष सिंह, रामप्रवेश मौर्य सहित अन्य को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। नियुक्ति प्रमाण पत्र पाकर अनुदेशक पद पर चयनित युवा तथा उनके परिजन उत्साहित दिखे। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी सेवा में आता है, पूरे उत्साह के साथ आता है। आशा है कि इसी उत्साह के साथ पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। नोडल प्रधानाचार्य आईटीआई कॉलेज मनीष पाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डीसी एनआरएलएम, अन्य अधिकारी, तथा नवचयनित अनुदेशक और उनके परिजन उपस्थित रहे।

## दंगल में विधायक ने पहलवानों का बढ़ाया उत्साह

पाटन उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र के अन्तर्गत सुमेरपुर में साहित्य संगीत स्वास्थ्य परिषद कमेटी के तत्वाधान में आजादी से पूर्व आयोजित होने वाले ऐतिहासिक दंगल आयोजन किया गया। जिसमें जनपद व गैर जनपद से आये पहलवानों ने अपनी कुशती कला का प्रदर्शन किया।



इस मौके पर लगभग 25 पहलवानों ने अपने दांव पेचों के साथ प्रतिद्वंद्वी पहलवानों को आसमान दिखाकर विजय हासिल की।

पहलवान लवकुश लालगंज तूफान सिंह एकघरा, छोटू कानपुर, सन्नाटा लखनऊ सचिन पुरवा, सुनील कल्याणपुर, मोनू उन्नाव, सज्जन पुरवा, अभिषेक मलपुर, रिसू उन्नाव, संजय कादियानी, जावेद फरुखाबाद, राहुल बाराबंकी, सज्जन चन्दीगढ़ी, पिंकू महराजपुर, सहित अन्य पहलवानों के बीच काटे की कुश्ती देखने को मिली। जिसमे तूफान सिंह, सन्नाटा, सुनील, मोनू, अभिषेक, संजय, राहुल सहित अन्य पहलवान अपने प्रतिद्वंद्वी पहलवान को पटकनी देकर विजयी रहे। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ल ने पहलवानो का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कुश्ती एक कला है जिससे शरीर के साथ मानसिक विकास होता है। उन्होंने कमेटी की मांग पर दंगल स्थल को मिनी स्टेडियम बनवाने की घोषणा की। इस मौके पर कमेटी द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्रमुख रूप से डॉ. कमलेश, गुड्डू तिवारी, अश्वनी बाजपेई, सानू अवस्थी, प्रदीप पांडेय, तेज नारायण शुक्ला, पवन बाजपेई आदि उपस्थित रहे। दंगल में निर्णायक गंगाविष्णु राम केशन रहे।

## भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन ने सौंपा ज्ञापन



जिला संवाददाता(vol)

सिधौली (सीतापुर)। भारतीय किसान श्रमिक जन शक्ति यूनियन के पदाधिकारियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी राखी वर्मा को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा और 15 दिन में समाधान की मांग की। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन में कहा गया कि विकासखंड पहला के कबरा में ग्राम समाज की सुरक्षित भूमि गाटा संख्या 39 पर ग्राम प्रधान श्यामू यादव द्वारा अवैध रूप से आवासध्भवन का निर्माण कराया गया है।

पंचायत भवन के नाम पर की गई इस निर्माण की जानकारी आरटीआई से मांगी गई तो अभिलेख अनुपलब्ध पाए गए। यदि भवन पंचायत भवन है तो स्पष्ट किया जाए, अन्यथा अवैध कब्जा मुक्त कराया जाए और जिम्मेदार प्रधान पर कार्रवाई हो। साथ ही ज्ञापन में कहा गया कि कबरा गांव में ही में पात्र लोगों को अभी तक शौचालय व आवास नहीं दिए गए हैं। मांग की गई कि सर्वे कराकर पात्र परिवारों को लाभ मुहैया कराया जाये। इसी प्रकार ग्राम भौनापुर में सुंदरलाल पुत्र अयोध्या के सात पेड़, जो ग्राम समाज की गाटा संख्या 900 पर लगे थे। ग्राम प्रधान द्वारा मनमाने ढंग से कटवा दिए गये।

लेखपाल ने भी प्रधान का पक्ष लिया और लकड़ी बेंच दी गई। पीड़ित किसान ने पेड़ों का मलकाना हक अपना बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। सिधौली कस्बे के मोहल्ला सिद्धेश्वर नगर में दर्जनों मकानों के ऊपर से 11000 वोल्टेज की लाइन गुजर रही है। इससे लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। लोगों ने बिजली विभाग से लाइन हटवाने या दुरुस्त करवाने की मांग रखी। इस मौके पर शारदा देवी, राशिद अली, संजय गिरी, अंशु गिरी, सुंदरलाल, प्रेमसागर, सरफराज खान, अतीक अहमद समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## आल्हा गायन व जवाबी कीर्तन का दर्शकों ने उठाया आनंद



मौरावां। हिलौली के गांव बछौरा स्थित माँ शीतला देवी जी के मंदिर में 7वां जल बिहार मेला एवं जबाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। दोपहर में लगे मेले में आयोजित आल्हा गायन सुन सभी भाव विभोर रहे। कार्यक्रम में स्रोतागण पूरी रात जबाबी कीर्तन का आनन्द लिया। कलाकारों ने दर्शकों को खूब वाहवाही लूटी। बछौरा गांव में बछौरा स्थित माँ शीतला देवी जी के मंदिर में 7वां जल बिहार मेला एवं जबाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। मेले आल्हा गायन करने पहुंची गायिका काजल सिंह को ग्राम प्रधान उषा देवी ने प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। उसके बाद काजल सिंह ने अपने ओजस्वी अंदाज में आल्हा गायन कर सभी स्रोताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। आल्हा सुनने के लिए देर शाम तक स्रोता गण जमे रहे। उसके बाद रात में कानपुर की रहने वाली क्रांति माला और मध्यप्रदेश के बाबूलाल राजपूत में मध्य हुई। कार्यक्रम में प्रधान उषा देवी ने दोनों कलाकारों और गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया। जबाबी कीर्तन में सवाल और जबाब में कलाकारों ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। कीर्तन कार्यक्रम में कटपीस दर्शकों को खूब भायी। इस अवसर पर बिंदा साहू, कल्लू यादव, मनोज साहू, बच्चू लोधी, आशू साहू, रमेश लोधी, अंशुमान गौतम, अमरदीप सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## दो किशोरों की बाढ़ के पानी में डूबकर मौत

सीतापुर। जिले के दो अलग-अलग इलाकों में दो किशारों की डूबकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बुधवा उमेश 15 वर्ष पुत्र श्रीकेशन अपने दोस्तों के साथ गांव के पास शकील भट्ठे के समीप बने पानी भरे गड्ढे में नहा रहा था। यह गड्ढा ईंट भट्ठे से मिट्टी निकालने के कारण काफी गहरा हो चुका था और उसमें बाढ़ का पानी भर गया था। नहाते समय अचानक उमेश गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। इस दौरान साथ में मौजूद बच्चों ने जब उसे डूबते देखा तो शोर मचाना शुरू कर दिया। उनकी चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े और खोजबीन शुरू की। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने उमेश का शव बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दूसरी ओर रेउसा थाना क्षेत्र में ग्राम पंचायत हरिहरपुर नेवादा के मजरा पंडित पुरवा निवासी अमन 14 वर्ष पुत्र राधेश्याम लोधी दोपहर नित्य क्रिया के लिए घर से निकला था। बताया जा रहा है कि वह गांव के पास स्थित तालाब किनारे पहुंचा और इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया। देखते ही देखते अमन गहरे पानी में जा गिरा और डूब गया। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल गोताखोरों की मदद से तालाब में खोजबीन शुरू की। काफी मशक्कत के बाद अमन को पानी से बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना पाकर रेउसा थाना अध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही तहसील प्रशासन के अधिकारी, लेखपाल राकेश यादव व अन्य जिम्मेदार भी घटनास्थल पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी और परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## मूर्ति स्थापना दिवस का आयोजन

मौरावां। हिलौली के गांव पटेढा कुटिया में मंदिर में नंद ब्रज धाम समिति के तत्वावधान में चौथा मूर्ति स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। जहाँ सुंदरकांड पाठ के बाद पूजन अर्चन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन



किया गया। पूरा दिन कुटिया का वातावरण भक्तिमय रहा। मंदिर में सुबह सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड गायन सुन स्रोता भाव विभोर रहे। उसके बाद सर्वश्रेष्ठ ब्राह्मणों द्वारा पूरे विधिविधान पूजन अर्चन कार्य संपन्न हुआ फिर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे हिलौली ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार दीक्षित का समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा ने माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट किया। ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार दीक्षित ने मंदिर का रास्ता जर्जर देख उसको प्रस्ताव में लेने के बाद बनवाने की बात कही। स्थानीय लोगो ने बताया कि रास्ता जर्जर होने के चलते लोगो को आने जाने में बहुत कठिनाई होती है। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही यहाँ इंटरलॉकिंग बिछाई जाएगी। समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुटिया के आसपास जंगली बबूल के पेड़ हुआ करते थे उसके बाद यहाँ की साफ सफाई कराकर मंदिर का निर्माण कराया गया। सभी भक्तगण श्रद्धा भावना से यहाँ पूजा अर्चना कर अपनी अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की अरदास लगाते हैं। इस अवसर पर शिवकंठ त्रिपाठी, त्रिभुवन दीक्षित, बिपिन तिवारी, अश्वनी तिवारी, रमणेश अवस्थी, दुर्गेश तिवारी, कमलेश तिवारी, प्रमोद तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## गणपति बप्पा मोरया अगले बरस फिर जल्दी आ के जयकारों के साथ दी गई विदाई

सिधौली (सीतापुर)। गाजे बाजे के साथ निकली भगवान गणपति की शोभायात्रा भट्टपुर स्थित गोमती नदी में किया गया। भगवान गणपति का विसर्जन गणपति बप्पा मोरया अगले बरस फिर जल्दी आकर जयकारों से सिधौली नगर गुंजायमान हो गया। सिधौली के तहसील मार्ग सहित क्षेत्र के बाड़ी अलदादपुर आदि में चल रहे भगवान गणेश महोत्सव का शुक्रवार को विधि विधान से समापन हो गया। सोमवार को विशाल शोभायात्रा सिधौली नगर में निकाली गई। उसके बाद गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन प्रतीकात्मक गोमती नदी में किया गया। शोभा यात्रा की पूर्व संध्या पर तहसील मार्ग पर चल रहे 11 दिवसीय भगवान गणपति महोत्सव के समापन अवसर पर महा आरती का आयोजन किया गया। महा आरती में क्षेत्रीय विधायक मनीष रावत, उपजिलाधिकारी राखी वर्मा, चेयरमैन गंगाराम राजपूत, क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार, सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर आनंद सिंह, भाजपा नेता योगेंद्र सिंह सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित भगवान गणेश महोत्सव समिति सिधौली के द्वारा महोत्सव को सफल बनाने वाले कार्यकताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। अरविंद जैन, मुकेश जैन, कृष्णेन्द्र त्रिवेदी, किशोर रस्तोगी, विक्की रस्तोगी, पंकज रस्तोगी, उमेश शुक्ल, कारी सिंह, पप्पू कटियार, गुड्डू गुप्ता, मनोज गोसेवक, उजागर लाल सहित हजारों भक्त मौजूद रहे।

## सेवा भारती की परिचय बैठक संपन्न

सीतापुर। सेवा भारती की बैठक शहर के प्रेम नगर स्थित जैन मंदिर प्रांगण में की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विश्वीर गुप्ता व संचालन जिला महामंत्री रत्नेश द्विवेदी ने की। बैठक में अतिथी में विभागाध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल व पालक सुभाष गुप्ता रहे। सर्वप्रथम अतिथियों को जिला प्रचार प्रमुख आकाश राय, सम्पर्क प्रमुख अशोक प्रजापति ने पटका पहनाकर स्वागत किया। बैठक के दौरान विभाध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि सेवा भारती मुख्य रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता, स्वरोजगार और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में कार्य करता है। पालक सुभाष गुप्ता ने कहा कि सेवा भारती का उद्देश्य पिछडे एवं अभावग्रस्त लोगों के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक एवं स्वावलंबन के विभिन्न प्रकल्पों के द्वारा तथा स्वैच्छिक संस्थाओं व समर्पित कार्यकर्ताओं के सहयोग से समाज का निर्माण करना है। जिला कार्यवाह मातृ शक्ति सरिता जैन ने कहा कि आज विभिन्न क्षेत्रों की लाखो महिलाओं ने मिलकर स्व रोजगार महिला सेवा का गठन किया है यह उन आर्थिक और सामाजिक बाधाओं को दूर करने के लिए काम करता है जिन्होंने महिलाओं को समाज के हाशिये पर रखा है। जिला कार्यवाह बालिका विकाश कौशल सीमा जैन ने कहा कि सेवा भारती द्वारा बच्चों के लिए बाल संस्कार केंद्रों का संचालन किया जा रहा है, जहाँ बच्चों को निरूशुल्क शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी सिखाए जाते हैं। संगठन का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को सुसंस्कारित करके राष्ट्र के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष विश्वीर गुप्ता ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों का परिचय कराते हुए आभार ज्ञापित किया। इस दौरान विभाध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल, पालक सुभाष गुप्ता, जिला अध्यक्ष विश्वीर गुप्ता, जिला महामंत्री रत्नेश द्विवेदी, जिला प्रचार प्रमुख आकाश राय, डॉ वीरेन्द्र कुमार आर्य, जिला कार्यवाह मातृ शक्ति सरिता जैन, जिला कार्यवाह बालिका विकाश कौशल सीमा जैन, रीना अग्रवाल, रामगोपाल, पुष्कर शुक्ल, नीरज शुक्ल, आशीष गुप्ता, शिखा जैन, नूतन जैन, आशुतोष शुक्ल, संजय दीक्षित आदि रहे।

## दो परिवारों के बीच चले लाठी डण्डे

सीतापुर। सकरन थाना क्षेत्र के अदवारी गांव में बच्चों के बीच हुए विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। मामला दो परिवारों के बीच लाठी-डंडों तक पहुंच गया। राजिया पत्नी मुजीब ने सकरन थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि विपक्षियों ने उनके घर पर हमला किया। पहले उन्होंने गालियां दीं। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों ने पीड़िता के देवर पुतान पुत्र वारिश अली और भतीजी शना पुत्री लालमोहम्मद को भी नहीं बख्शा। वे घर में घुसकर उन्हें भी पीटने लगे। ग्रामीणों की आवाज सुनकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा ने बताया कि शिकायत मिल गई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

## नाव से तालाब में कूदा अधेड़, मौत

**बांदा।** शराब के नशे में गणपति विसर्जन देखने गया व्यक्ति नाव से तालाब में कूद गया जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई। नरैनी कस्बा के शुकलन टोला, गांधी नगर मुहल्ला निवासी छत्रपाल 52 पुत्र बसंतलाल वर्मा सुबह लगभग 11 बजे भोजे तालाब में गणपति विसर्जन देखने गया था। मुहल्ला की एक मूर्ति विसर्जित होने के बाद नाव में जबरजस्ती बैठ गया और तालाब के दूसरे किनारे पर पहुंचने से पहले तालाब में छलांग लगा दी। यह देख तालाब किनारे मौजूद ग्रामीण उसे बचाने के लिए पानी में कूद गए और जल्द ही पानी से बाहर निकाल लिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस उसे लेकर सीएचसी पहुंची। लेकिन चिकित्सक ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। लोगों ने बताया कि मृतक ने घटना के समय शराब पी रखी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## किशोर से मारपीट कर धमकाया

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला सरायपुरा निवासी धीरेन्द्र पाटकार ने पुलिस को शिकायत देते हुये बताया कि विगत दिनों उसका पुत्र दक्ष पाटकार कटरा बाजार में लगे श्रीगणेश पाण्डाल के पास प्रसाद खा रहा था। तभी तालाबपुरा निवासी वीरू सोनी पुत्र हरगोविन्द सोनी आया और उसके पुत्र दक्ष पाटकार को किलेदार मार्केट ले गया, जहां उसके साथ मारपीट की गयी। आरोप है कि उक्त लोगों ने पीड़ित के पुत्र को गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं रविवार को धीरेन्द्र पाटकार ने एसपी के नाम शिकायती पत्र भेजते हुये सुरक्षा दिलाये जाने की गुहार लगायी है।

## धोखा देकर बोतल से मानव मूत्र पिलाने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट अंतर्गत एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका पति, देवर अपने साथी मौजूद थे। तभी गांव के शिवम पुत्र रामदयाल ने उसके पति को बोतल में धोखे से मानव मूत्र पिला दिया और धमकी दी कि यदि किसी से कहा तो उसे जान से मार देंगे। इस घटना को गांव के कई लोगों ने देखा। महिला की तहरीर पर पुलिस ने शिवम के खिलाफ बीएनएस की धारा 133, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# जिले के नवनियुक्त 30 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र बांटे गये



**जिला संवाददाता**

**बांदा।** प्रदेश के जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, एमएलसी बाबूलाल तिवारी व जिलाधिकारी जेव रीभा ने जिले के नवनियुक्त 30 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र दिए। जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने नवनियुक्त अनुदेशकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले 8 वर्षों में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित राष्ट्र बनाने के लिए उत्तर प्रदेश में स्किल इंडिया एवं कौशल विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं, डिफेंस कॉरिडोर की स्थापना बुंदेलखंड में की जा रही है। उन्होंने नवनियुक्त अनुदेशक से कहा कि वह अपने पद एवं दायित्व का कुशलता से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि कौशल विकास में विद्यार्थी आत्मनिर्भर होकर स्व रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने में कौशल विकास एवं स्किल इंडिया तथा नॉनवेज संदेशों का महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त होगा। एमएलसी बाबूलाल तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षकों के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं तथा शिक्षक दिवस के अवसर पर उन्होंने शिक्षकों की खुशहाली के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार निरंतर पारदर्शी एवं निष्ठा के साथ नियुक्तियां प्रदान कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रही है। जिलाधिकारी जेव रीभा ने नवनियुक्त अनुदेशकों से कहा कि वह अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का पूरी ईमानदारी एवं मेहनत से निर्वहन करें। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य के साथ निरंतर आगे बढ़ाने की कामना की। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे, प्रधानाचार्य आईटीआई अमित पटेल, देशराज, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं व नवनियुक्त अनुदेशक उपस्थित रहे। संचालन डॉक्टर अर्चना भारती ने किया।

## जिले को मिले 10 अनुदेशक



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा वर्ष 2025 में घोषित अंतिम परिणामों में विभिन्न व्यवसाय के लिए नवचयनित प्रदेश के 1,510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यमंत्री द्वारा रविवार को पूर्वान्ह 10.30 से 11.30 बजे, लोक भवन स्थित ऑडिटोरियम में किया, जिसके क्रम में जनपद के 10 नवनियुक्त अनुदेशकों को राज्यमंत्री मनोहर लाल, विधायक रामरतन कुशवाहा एवं पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

नियुक्ति पत्र पाकर नवनियुक्त अनुदेशकों के चेहरे खिल उठे। लोक भवन लखनऊ से आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया। वक्ताओं ने कहा कि निष्पक्ष एवं भर्ती प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है, किसी भी युवा के साथ नौकरी के नाम पर अन्याय नहीं होगा। नोडल प्रिंसिपल आईटीआई ने कहा कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा प्रदेश के विभिन्न व्यवसाय के लिए 1,510 अनुदेशकों का चयन हुआ है, जिनमें जनपद को 10 अनुदेशक मिले हैं, जिनमें 4 आई टी आई तालबेहट, 4 आई टी आई महरौनी और 2 आई टी आई ललितपुर में नियुक्त किए जाएंगे। इस दौरान सीडीओ, एडीएम नमामि गंगे सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व नवनियुक्त अनुदेशकों उपस्थित रहे।

## उ.प्र.विजन डॉक्यूमेंट के निर्माण के लिए गठित समिति जनपद में करेगी 2 दिवसीय भ्रमण

**ललितपुर।** एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि उ.प्र.के विजन डॉक्यूमेंट के निर्माण की दिशा में विकसित उत्तर प्रदेश-समर्थ उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के संबंध में प्रबुद्धजनों की गठित समिति 8 एवं 9 सितंबर को जनपद का दो दिवसीय भ्रमण करेगी, जिसके लिए मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी किया गया है और जिला स्तरीय अधिकारियों को दायित्व दिए गए हैं। कार्यक्रम के अनुसार समिति नोडल अधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करेगी, शिक्षा सत्र व शिक्षा संवाद, कृषि तकनीकी, पशुधन संरक्षण समीक्षा, ग्रामीण विकास आकलन, स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण, पर्यटन स्थलों का निरीक्षण, विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ बैठक, व्यवसाय तथा उद्यमियों के साथ विचार विमर्श, महिला समूह एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ विचार विमर्श, मीडिया कर्मियों एवं विभिन्न विधाओं में ख्याति प्राप्त बुद्धिजीवियों के साथ संवाद करेगी। इसके अलावा आमजन के सुझावों को भी शामिल करने का निर्णय लिया गया है। जनमानस से सुझाव आमंत्रित करने के लिए क्यू.आर. कोड भी जारी किया गया है। इस कोड को स्कैन करके समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के संबंध में अपने अमूल्य सुझाव देकर सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया है कि उक्त सभी गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित किए जाने हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो अभियान के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## संकटमोचन परिसर में बनेगा आधुनिक पुस्तकालय



**बांदा।** जिला विकास प्राधिकरण की 72वीं बोर्ड बैठक में संकटमोचन हनुमान मंदिर महोबा रोड स्थित भूखंड पर नागरीय प्रचारणीय पुस्तकालय के निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। बैठक में निर्णय लिया गया कि पुस्तकालय का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड-1 से कराया जाएगा। इसके लिए अधिशाषी अभियंता को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। डीएम ने निर्देश दिए कि तत्काल आगणन, डीपीआर, ड्राइंग और डिजाइन तैयार कर प्रस्तुत करें। ताकि आगे की कार्यवाही शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि शहर के विद्यार्थियों और युवाओं को अध्ययन के लिए आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। विकास प्राधिकरण सचिव मदन मोहन वर्मा ने बताया कि बोर्ड बैठक का यह निर्णय जिले के लिए मील का पत्थर साबित होगा। पुस्तकालय का निर्माण उच्च गुणवत्ता और आधुनिक डिजाइन के साथ कराया जाएगा, जिससे शहर वासियों को अध्ययन व शोध कार्य में विशेष सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगरीय प्रचारिणी पुस्तकालय का मॉडल पीडब्ल्यूडी आर्किटेक्ट से तैयार कराया जा रहा है, ताकि इसका स्वरूप आधुनिक और आकर्षक हो सके। संकटमोचन मंदिर परिसर धार्मिक महत्व का केंद्र होने के साथ-साथ सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। यहां पुस्तकालय के निर्माण से मंदिर परिसर का महत्व और बढ़ जाएगा तथा शहर वासियों को अध्ययन और ज्ञानार्जन के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध होगा।

## मुल्क की तरक्की व इंसानियत की खिदमत में मुसलमान हर समय आगे रहा हैः मुफ्ती



**नगीना, बिजनौर।** ईद मिलाद-उन-नबी के मौके पर सल्लाहो अलेह वा सल्लम का 40वां ऐतिहासिक जलसा सीरतुन्नबी पाक का आयोजन जोशो-खरोश के साथ शनिवार की रात्रि बड़ी सब्जी मंडी में शुरू हुआ। जलसा स्थल पर देर रात तक नगर और आसपास के इलाकों से आए सैकड़ों लोगों की भारी भीड़ जमा रही। शनिवार की रात्रि आयोजित जलसे में दिल्ली से तशरीफ लाए मशहूर आलिम-ए-दीन मुफ्ती अकीलुर्रहमान ने अपने रूहानी और इल्मी बयान से जलसे को रोशन किया। उन्होंने अपने खिताब में कहा कि नबी-ए-पाक सल्लाहो अलेह वा सल्लम की सीरत पूरी इंसानियत के लिए रहमत और हिदायत है। नबी का पैगाम अमन, मोहब्बत और इंसाफ का पैगाम है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया मुसलमानों को गलत नजर से दिखाने की कोशिश करती है। जबकि हकीकत यह है कि मुसलमान हर दौर में मुल्क की तरक्की, मोहब्बत और इंसानियत की खिदमत में हमेंशा आगे रहे हैं। जलसे में मुफ्ती उवैस अकरम, मुफ्ती अबरार अहमद, मुफ्ती मुशाहिद हुसैन सहित नगर के कई नामी उलेमा-ए-किराम भी मौजूद रहे और उन्होंने भी नबी-ए-पाक सल्लाहो अलेह वा सल्लम की सीरत पर रोशनी डाली। जलसा कमेटी के जिम्मेदारान में मुजम्मिल अजीम, मौ0 आसिफ, मौ0 फैसल, शहजाद हबीब, हाफिज सागर, सलीम अंसारी, अतीक और अन्य सहयोगियों ने पूरी निष्ठा और मेहनत से जलसे की व्यवस्था को बेहतरीन अंदाज में निभाया। जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती अवैस अकरम ने देश व दुनिया में मुसलमानों की हिफाजत व आपसी भाईचारा, कारोबार में बरकत, बीमारों को शिफा, पंजाब व अन्य प्रदेशों में आई बाढ़ो से परेशान लोगों की अपने गैब से मदद व उनकी जान-माल की हिफाजत की दुआ कराई।

# दूल्हे को दूसरी शादी करना महंगा पड़ा परिवार सहित किया पुलिस के हवाले



**बिजनौर।** दूल्हे को दूसरा निकाह करना उस समय भारी पड गया जब पहली पत्नी मेरिज हॉल पहुंच गई और जमकर हंगामा किया। राज खुलने के बाद दूल्हे पक्ष और पहली पत्नी पक्ष के लोगों में जमकर मारपीट भी हुई। सूचना पाकर मौके पर पुलिस ने दूल्हे, उसके पिता और बिचैलिये को पकड़कर थाने ले जाकर दोनो पक्षों के चार लोगो का शांतिभग में चालान कर दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना शेरकोट क्षेत्र के मोहल्ला खुराडा निवासी एक व्यक्ति की बेटी की बारात शनिवार को धामपुर थाना क्षेत्र के गांव बगदाद अंसार से आई थी। बारात के खाना खाने के बाद दूल्हा इस्तेखार पुत्र कासिम का निकाह भी पढ़ा जा चुका था। निकाह की सूचना पाकर दूल्हे की पहली पत्नी शबनम ने मेरिज हॉल में पहुँचकर हंगामा शुरू कर दिया। दूसरी पत्नी की एन्ट्री से मरिज हॉल में मौजूद लोगो में हड़कम्प मच गया।

लड़की पक्ष कुछ समझ पाता कि दोनों पक्षो में जमकर मारपीट शुरू हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने दूल्हे इस्तेखार मलिक, उसके पिता कासिम मलिक सहित बिचैलिए को हिरासत में ले लिया और थाने ले गई। पहली पत्नी शबनम ने बताया कि उसकी शादी चार साल पहले हुई थी और शादी के तीन महीने बाद दोनों में विवाद हो गया था, जिसके बाद से मामला न्यायालय में विचाराधीन है। जबकि दूल्हे इस्तेखार का आरोप है कि उसकी पहली पत्नी शबनम शादी के तीन महीने बाद ही उसे छोड़कर चली गई थी और तब से उसे और उसके परिवार को परेशान कर रही है। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि दूल्हे सहित दोनों पक्षो के चार व्यक्तियों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया है।

## रोटी बैंक टीम ने ग्रामीणों को बांटा जरूरत का सामान



**बांदा।** रोटी बैंक टीम ने ग्राम अरबई में जरूरतमंदों को कपड़ा, किताबें, जूते-चप्पल, घड़ी आदि जरूरत का सामान वितरित किया। प्रत्येक रविवार की तरह रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा, सहसंरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज, मनु बंसल, अरुणेश सिंह के संरक्षण, कोषाध्यक्ष इरफान खान, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, प्रधान धनंजय सिंह व शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों ने कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, पर्स, घड़ी आदि का वितरण ग्रामीणों को किया। इसके बाद सोसाइटी के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष रिजवान अली और सदस्य जगदीश श्रीवास ने ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य तथा कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, पर्स, घड़ी आदि पाकर ग्रामवासियों में खुशी दिखाई दी तथा टीम को दुआयें और आशीर्वाद दिया। इस दौरान मीडिया प्रभारी अब्दुल मुजीब, शाखा प्रमुख खाईपार इरफान खान चाँद, पदाधिकारी, सदस्यों एवं समाजसेवियों ने योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए डीएम ने अधिकारियों को दिया अल्टीमेटम



**जिला संवाददाता**

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अमनदीप डुली की विशेष जनसुनवाई इस समय जनपद में चर्चा का विषय बनी हुई है। रविवार की ये संडे क्लास जहां अधिकारियों को कर्मनिष्ठता का बोध करा रही हैं तो वहीं फरियादियों को राहत भी दे रही है। अब जनपदवासियों को यह विश्वास है कि उनकी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण होकर रहेगा। जनशिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए डीएम ने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त महत्वपूर्ण शिकायती प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही किये जाने एवं कार्यवाही उपरांत आख्या भेजनें हेतु तिथि निर्धारित की

**● डीएम की सण्डे सुनवाई 60 में से 45 शिकायतों का हुआ निस्तारण**

जा रही है। ऐसे प्रकरणों में, जिनमें नियत तिथि पर आख्याएँ प्राप्त नहीं हुई हैं, उनमें सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायतकर्ता को सूचित करते हुए वांछित आख्या, विवरण सहित रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बुलाकर जिलाधिकारी ने विशेष जनसुनवाई की और मौके पर ही शिकायतों का निस्तारण कराया गया। शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण से फरियादी भी संतुष्ट दिखे और जिलाधिकारी को धन्यवाद देते हुए कहा कि पहली बार उन्हें यह अनुभव हुआ कि प्रशासन उनकी समस्याओं को इतनी गंभीरता से सुनता है और उसी समय समाधान सुनिश्चित करता है। जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनी और प्रत्येक मामले की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया। वहीं निस्तारण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी की लगातार मॉनीटरिंग से गत दिनों में प्राप्त 60 शिकायतों में से 45 शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया, जिससे फरियादी संतुष्ट हुए, शेष शिकायतों को पृष्ठांकित करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। शिकायतों की गहन समीक्षा रविवार को अवकाश के दिन भी की, जिसमें से जिलाधिकारी की लगातार मॉनीटरिंग से 104 शिकायतें पहले ही अधिकारियों द्वारा निस्तारित कर दी गईं थीं, शेष लम्बित व असंतुष्ठ 84 शिकायतों को जिलाधिकारी ने गंभीरता से सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी व उनके शिकायतकताओं के साथ बुलाकर अधिकतर शिकायतों को मौके पर ही निस्तारण कराया, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हुए। जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक, सीडीओ, एडीएम नमामि गंगे, सीएमओ, डीसी मनरेगा, एसडीएम सदर, एसडीएम न्यायिक, एसडीएम अभिजीत सिंह, डीपीआरओ, डीएसओ, ईओ नपा, जल निगम, विद्युत व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता उपस्थित रहे।

## चंद्र ग्रहण के चलते राम मंदिर व हनुमानगढ़ी के कपाट रहे बंद

अयोध्या। चंद्र ग्रहण के चलते श्रीरामजन्मभूमि में विराजमान रामलला के मंदिर के साथ हनुमानगढ़ी, कनक भवन और अन्य सभी मठ मंदिरों के कपाट रामभक्तों के लिए बंद कर दिए गए हैं। चंद्र ग्रहण रविवार रात 9:57 बजे लगेगा और ग्रहण काल रात 1:27 बजे समाप्त होगा। ऐसे में चंद्र ग्रहण के चलते ठीक नौ घंटे पहले सूतक लग गया और दोपहर 12:30 बजे के बाद राम जन्मभूमि के साथ हनुमानगांधी और अयोध्या के सभी मंदिरों के पट श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए हैं। अब चंद्र ग्रहण समाप्त होने के बाद सोमवार सुबह मंदिरों को सरयू जल से धोया जाएगा। भगवान के विग्रह को सरयू जल से स्नान कराया जाएगा। सुबह की मंगला और श्रृंगार आरती के बाद रामभक्तों के लिए राम जन्मभूमि और हनुमानगढ़ी समेत सभी मंदिरों के पट खोल दिए जाएंगे।

## ललितपुर जिले को किया जाय आपदा घोषितः बलवंत सिंह

ललितपुर। किसान कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य व किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जगभान सिंह बुंदेला के नेतृत्व में जिले में भारी बारिश के कारण खरीफ की सभी फसलों के नुकसान की भरपाई एवं पर्याप्त डीएपी खाद उपलब्ध कराये जाने को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेसियो द्वारा मुख्यमंत्री से मांग की गई कि ललितपुर में भारी बारिश और जलभराव से किसानों की खरीफ की उर्द, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन आदि फसलें पूरी तरह चैपट हो चुकी है, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। अब किसानों को रवि की फसल की जुताई व बुवाई के लिए कोई उपाय नहीं है। साथ ही किसानों को डीएपी खाद भी नहीं मिल पा रहा है, जिससे किसान यहां वहां भटकने को मजबूर हैं। किसानों की फसलें लगातार कई वर्षों से कभी सूखा कभी अधिक बारिश, अतिवृष्टि कभी ओलावृष्टि से लगतार फसलें चैपट होती आ रही हैं। पिछले कई वर्षों से किसानों को ना तो अपनी रबी की फसल का ना तो मुआवजा मिला और न ही बीमा मिला। बीमा कंपनियां किसानों का प्रीमियम तो काट लेती हैं, लेकिन कभी भी किसानों को बीमा का लाभ नहीं मिला और ना ही कोई मुआवजा दिया गया। कांग्रेसियो ने मुख्यमंत्री से सम्पूर्ण ललितपुर जिले को आपदा घोषित करने और किसानों की नष्ट फसलों का उचित मुआवजा व बीमा दिलाए जाने एवं पर्याप्त मात्रा में उचित रेट पर डीएपी खाद उपलब्ध कराये जाने की मांग की जिससे किसानों का भरण पोषण सुचारू रूप से हो सके। कार्यक्रम के पूर्व कांग्रेसियों ने तुवन प्रांगण में किसान कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों बुंदेलखंड किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, बिट्टू राजा, ऊदल सिंह पटेल, सुनील अहिरवार आदि हैं।

## ललितपुर गिद्ध संरक्षण की नयी शरणस्थली



**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड की पहचान अब सिर्फ किलों और चट्टानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह गिद्धों का सुरक्षित आश्रय स्थल भी बन रहा है। उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले की भौगोलिक संरचना, ऊंची चट्टानें और प्राचीन वृक्ष इन संकटग्रस्त पक्षियों के लिए जीवन रेखा साबित हो रहे हैं। बतातें चलें कि सितम्बर के प्रथम सप्ताह में मनाया जाता है अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस। इस बार भी समाजसेवियों ने आनलाइन कार्यशाला के माध्यम से जागरूकता फैलाई।

**जनपद में पांच प्रमुख प्रजातियां दर्ज**

सर्वेक्षणों में अब तक दीर्घचुंच गिद्ध, सफेद पीठ गिद्ध, गोबर गिद्ध, राज गिद्ध और यूरेशियन पांडुर गिद्ध की स्थायी उपस्थिति दर्ज की गई है। कभी-कभी हिमालयी पांडुर और श्याम गिद्ध भी दिखते हैं। सर्दियों में यहाँ प्रवासी गिद्धों की संख्या बढ़कर करीब 500 तक पहुँच जाती है। गिद्ध मृत पशुओं को खाकर संक्रमण रोकते हैं, इसलिए इन्हें प्रकृति के सफाईकर्मी कहा जाता है। भारत में डिक्लोफेनाक दवा के कारण गिद्धों की संख्या घट चुकी थी, लेकिन अब संरक्षण प्रयासों से सुधार दिख रहा है। ललितपुर की चट्टानें गिद्धों के बसेरे हैं, लेकिन चूना पत्थर और ग्रेनाइट की खदानें इनके प्राकृतिक आवास को नष्ट कर रही हैं। विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि अगर खनन यूँ ही जारी रहा, तो आने वाले वर्षों में इन चट्टानों पर सिर्फ सन्नाटा बचेगा विशेषज्ञों का मानना है कि खनन पर नियमन, और पीपल, बरगद, सेमल, सिरीस जैसे वृक्षों का रोपण गिद्ध संरक्षण की कुंजी है। इंडियन बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन सोसाइटी और मानव ऑर्गेनाइजेशन धरातल और ऑनलाइन दोनों स्तरों पर अभियान चला रहे हैं। ग्रामीणों और छात्रों को जोड़ा जा रहा है, घायल गिद्धों का इलाज कर उन्हें वापस छोड़ा जा रहा है। गिद्धों का उल्लेख बुंदेलखंड की लोककथाओं और महाकाव्यों में संरक्षक और बलिदानी रूप में मिलता है। आज यही पक्षी संरक्षण की गुहार कर रहे हैं। अगर संरक्षण की पहलें जारी रहीं और खनन पर नियंत्रण लगा, तो ललितपुर उत्तर भारत का गिद्ध संरक्षण केंद्र बन सकता है। यहाँ ईको-पर्यटन की भी अपार संभावनाएँ हैं।

## पठान टोलिया में चला लाठी-डंडा

**अयोध्या।** नगर कोतवाली के पठान टोलिया मोहल्ले में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में विवाद और मारपीट हुई। मारपीट में दोनों पक्षों से कुल नौ लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। तीन लोगों का शान्ति भंग में चालान किया है। शनिवार की रात घर के किनारे मार्ग पर खड़े वाहन को लेकर विवाद शुरू हुआ। वाद-विवाद बढ़ा तो दोनों पक्षों के महिला-पुरुष और बच्चे भी शामिल हो गए। डंडा-लाठी और जो कुछ मौके पर मिला, उसी से दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमलवार हुए। किस को हाथ-पैर, तो किसी को सिर अथवा शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई। मारपीट में कुल नौ लोगों को चोट आई है। मामले की जानकारी पर पुलिस ने चोटहिलों को जिला अस्पताल भेजवाया। जिला अस्पताल में पठान टोलिया निवासी एक पक्ष के बादामी देवी (50) पत्नी स्व.सुरेंद्र, इनके बेटे अनूप कुमार (25), अजय कुमार (22), पुत्री इशिका (16) तथा दुसरे पक्ष के राकेश कुमार (45) पुत्र स्व. बैजनाथ, राकेश की पत्नी पूजा (32), पुत्री रिया (16) व रिचा (11) और पट्टीदार रामसेवक (45) पुत्र बरसाती का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

## मंदिर के जमीनी विवाद को लेकर ग्रामीण पहुंचे एसडीएम कार्यालय

बांदा। रामजानकी मंदिर के जमीनी विवाद में कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय में पहुंचकर नारेबाजी की। नरैनी क्षेत्र के बांसी गांव में स्थित रामजानकी मंदिर में अधिकार को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। पक्षकार अश्वनी तिवारी और जगप्रसाद चेला बालक राम ने मामले की शिकायत कमिश्नर से की। जिस पर उन्होंने उपजिलाधिकारी को मामले की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी अमित शुक्ला ने दोनो पक्षों को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए 6 सितंबर की तिथि निर्धारित की थी ।शनिवार 11 बजे अश्वनी तिवारी की अगुआई में एक सैकड़ा ग्रामीण तहसील पहुंचे। लोगों को नारेबाजी करते देख एसडीएम का पारा चढ़ गया और उन्होंने क्षेत्राधिकारी के के त्रिपाठी को बुलाकर एक पक्ष के अश्वनी तिवारी को शांति भंग करने की आशंका में पुलिस के हवाले कर दिया। एसडीएम ने ग्रामीणों से बात कर समझाया कि ट्रस्ट की जमीन को बेंचने का किसी को हक नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि जगप्रसाद चेला बालक राम निवासी गोखिया ने मंदिर की जमीन बेंची है ।एसडीएम ने बताया कि इस प्रकरण का विवाद कोर्ट में विचाराधीन है। कोतवाली पुलिस ने अश्वनी तिवारी को शांति भंग की धारा में कार्यवाही कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया है ।एसडीएम न्यायालय ने शांति बनाए रखने की शर्त पर जमानत मंजूर कर उन्हें छोड़ दिया है।

## भारी बारिश से 18 मार्ग ध्वस्त, पैदल हो रही गश्त



**अफजलगढ, बिजनौर।** पहाडो पर लगातार हो रही बारिश से कालागढ कार्बेट टाइगर रिजर्व के लगभग 18 मार्ग ध्वस्त हो चुके है। वन आरक्षित क्षेत्र एंव चैकियों पर पहुंचने के लिए कर्मियों को कई कि0मी तक पैदल चलना पड़ रहा है।

कालागढ़ क्षेत्र में 15 जून से हो रही लगातार बारिश ने कार्बेट टाइगर रिजर्व के मार्गों को ध्वस्त कर दिया। रपटे व पिचिंग बह गई। वन कर्मियों को एंटी पोचिंग चैकियों तक पहुंचने के लिए 10 से 15 किमी तक कीचड़ व खूंखार वन्यजीवों के बीच पैदल चलना पड़ रहा है। अब वन विभाग ने मोटर बोट व हाथियों से चैकियों पर राशन आदि पहुंचाने की तैयारी की है। वनों में पानी होने पर सांप आदि का खतरा भी बढ़ गया है। कालागढ़, झिरना व ढेला के वनों में रास्ते पूरी तरह ध्वस्त हो चुके हैं। झिरना सोत, जमनाग्वाड़, पटेरपानी, बुक्साड़, गौजपानी व हल्दूखेड़ा वन मार्ग बदहाल हैं। रामगंगा बांध के नियंत्रण कक्ष के अनुसार 15 जून से 06 सितंबर तक 852.4 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है। वनों के दुर्गम क्षेत्र में अवैध शिकार व बाहरी घुसपैठ रोकने के लिए वन विभाग ने कुछ छिपी हुई चैकियां बनाई हैं। चैकिंयों पर 24 घंटे सशस्त्र कर्मी तैनात रहते हैं। सीसीटीवी कैमरों आदि के माध्यम से वन आरक्षित क्षेत्र की निगरानी की जाती है।

# पानी-पानी होते महानगर

जलवायु परिवर्तन का असर अब साफ-साफ दिखने लगा है। गर्मी का बढ़ता दायरा, सूखा और प्रलयकारी वर्षा, बाढ़, भूस्खलन जैसी बढ़ती प्राकृतिक आपदायें जलवायु परिवर्तन के बढ़ते संकट का परिणाम है। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली, मिलेनियम सिटी गुरुग्राम, वित्तीय राजधानी मुंबई, सिलिकन सिटी बेंगलूरु और उभरते औद्योगिक केंद्र चेन्नई में एक बात साझा है। बीते दशक में हर मॉनसून में देश के ये महानगर जो अहम औद्योगिक गतिविधियों के केंद्र भी हैं, पूरी तरह ठप हो जाते हैं। हाल में आई बाढ़ में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और मुंबई के अनेक हिस्सों में बाढ़ और लोगों के विस्थापन के जो दृश्य नजर आए वे इसी प्रक्रिया का हिस्सा हैं। नगर निगम के अधिकारीगण मौसम की इन अतियों के कारण बड़े पैमाने पर हो रही इस आपदा, लोगों की मौतों और आर्थिक क्षति, सभी से अवगत हैं। परंतु इसका हल उनके पास भी नहीं नजर आ रहा है। पहली नजर में बढ़ता शहरीकरण इसके लिए एक बड़ा कारण नजर आता है। लेकिन सच तो यह है कि यह शहरीकरण दुनिया भर में आर्थिक वृद्धि और विकास का अपरिहार्य परिणाम है। भारत भी इससे अलग नहीं है। असली चुनौती है यह सुनिश्चित करना कि बढ़ते शहरी केंद्रों का सही ढंग से नियोजन किया जाए और उनके रखरखाव तथा उन्हें टिकाऊ बनाने के लिए सही वित्तीय मॉडल के साथ-साथ उचित संतुलन कायम किया जाए। भारत के अधिकांश हिस्सों में ऐसा नहीं हो पाया है। खासतौर पर जहां निर्माण लॉबी का प्रभाव नगरीय



निकायों पर लगातार बढ़ता जा रहा है। वह भी तब जब ये संस्थाएं वित्तीय संकट से जूझ रही हैं। इसका परिणाम यह है कि पेड़ों को मनमाने ढंग से काटा जा रहा है या उनकी जड़ों को दमघोंटू कंक्रीट संरचनाओं में बंद कर दिया जाता है। हरियाली लगातार नष्ट हो रही है और जलाशयों को बिना स्थानीय जल-प्रणाली की समझ के कंक्रीट से ढक दिया जाता है, जबकि मूलभूत जल निकासी प्रणाली और बाढ़ नियंत्रण ढांचे की कमी साफ तौर पर दिखाई देती है। यहां तक कि मानसून से पहले नालियों की सफाई जैसे सरल कदम भी नगरीय प्रशासन की समझ से बाहर प्रतीत होते हैं। जलवायु परिवर्तन और अत्यधिक गर्मी के कारण ये समस्याएं हर साल और गंभीर हो रही हैं तथा इनका तत्काल हल तलाश करना जरूरी है। अध्ययन से पता चलता है कि खासकर उत्तर-मध्य भारत में मॉनसून का असर हालिया दशकों में काफी अधिक रहा है। मॉनसून बहुत असंयमित हुआ है। उदाहरण के लिए इस वर्ष मॉनसून जल्दी आ गया। कुछ राज्यों में यह दो सप्ताह से लेकर 18 दिन तक पहले आ गया। इसके अलावा इसने कई पश्चिमी विक्षोभों को और मजबूत किया जिससे भारी बारिश हुई। जम्मू-कश्मीर से लेकर हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड तक भारी बारिश के कारण बड़ी मानवीय क्षति हुई। हिमालय के निचले इलाके में, जहां अनियोजित निर्माण कार्य हुए हैं, वहां पहाड़ धसकने और वृक्षों के गिरने की तमाम घटनाओं से भारी नुकसान हुआ। पहाड़ों पर भूस्खलन से हुई मृत्यु और बर्बादी के भयावह मंजर का मुख्य कारण यह है कि वहां के नाजुक भू-भाग पर आवासीय भवनों और होटलों आदि का निर्माण किया गया। यह निर्माण ऐसी जगह हुआ जहां कायदे से नहीं होना चाहिए था। भविष्य की बात करें तो भारतीय शहरों को मॉनसून की दृष्टि से बेहतर तैयारी की जरूरत है। पहली बात तो ये कि हमारे शहर मौसमी बारिश के लिए भी तैयार नहीं हैं। शहरी जल निकासी व्यवस्था मॉनसून की विस्तारित अवधि से निपटने के लिए तैयार नहीं है। इसके अलावा अब कम समय में भी तेज बारिश की घटनाएं हो रही हैं जिनसे निपटना मुश्किल है। अगस्त में सामान्य से 5 फीसदी अधिक बारिश के बाद भारत के मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि सितंबर में भी औसत से अधिक बारिश होगी। सितंबर के पहले हफ्ते में ही दिल्ली और गुरुग्राम पानी में डूब गए। क्या यह विकसित भारत के लिए अच्छा उदाहरण है? आधुनिक भारत के शहरों को अब इस स्थिति के लिए तैयार होना पड़ेगा। मानसून के उतार-चढ़ाव, जलवायु परिवर्तन के संकट और इससे संभावित आपदा के मद्देनजर शहरों को पहले से तैयारी रखनी होगी।

## विचार

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़ कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोल कर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।
-संत कबीर.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।
-कन्फ्यूशियस.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।
-कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।
-शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।
-एडीसन.

# जीएसटी सुधारों से मजबूत होगी अर्थव्यवस्था


मनोज बाजपेयी




## विमर्श

प्रत्यक्ष कर आम तौर पर सम्पन्न या अमीर लोगों को देना पड़ता है, लेकिन परोक्ष कर का दायरा कुछ इस तरह से विस्तारित होता है कि देश के सबसे अमीर वर्ग से लेकर सबसे गरीब व्यक्ति तक, इसके दायरे में आ जाते हैं। इसे हम अगर सरल उदाहरण से समझना चाहें, तो ऐसे समझ सकते हैं कि भारत सरकार आयकर लगाती है जो कि एक प्रत्यक्ष कर (डायरेक्ट टैक्स) है। लेकिन आयकर उस व्यक्ति को देना होगा जिसकी आमदनी प्रतिमाह कम से कम एक लाख से ऊपर है। उन सभी लोगों को आयकर नहीं देना पड़ता है जिनकी आमदनी एक लाख से कम है। लेकिन जब बात परोक्ष करों की होती है, तो इसके दायरे में सभी आ जाते हैं। जैसे एक गरीब आदमी भी जूता खरीदता है और अमीर आदमी भी खरीदता है। अब जूते पर सभी को 12 प्रतिशत का टैक्स देना पड़ता है चाहे उसकी अमदनी 10 हजार रुपये महीना हो या दस लाख रुपये महीना। बस यही वह बात है जो एक लोक कल्याणकारी सरकार को इस बात के लिए प्रेरित करती है कि परोक्ष करों की दर को कम रखा जाये। इसमें भी अति आवश्यक चीजों को करों के दायरे से मुक्त कर दिया जाये ताकि गरीब और सामान्य जन परोक्ष कर (इन डायरेक्ट टैक्स) के बोझ से बच जाये। परोक्ष करों के संदर्भ में करारोपण या कराधान भी प्रगतिशील होना चाहिए। अर्थात लग्जरी गुड्स पर अधिक टैक्स होना चाहिए और आम जरूरत या गरीबों के द्वारा प्रयोग की जाने वाली चीजों पर टैक्स की दरें कम होनी चाहिए।

जीएसटी-2.0 सुधारों में एक प्रगतिशील कर सिद्धांत के अधिकांश पहलुओं का पालन किया गया है। इसे हम बेहतर तरीके से एक उदाहरण के जरिए समझ सकते हैं। जैसे आने-जाने के लिए सड़क परिवहन के साधन के रूप में साइकिल से लेकर लग्जरी कार तक का प्रयोग किया जाता है। लग्जरी कार आमतौर पर अमीर व्यक्ति इस्तेमाल करता है, तो उस पर 40 फीसद जीएसटी लगाया गया है। मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग के लोग छोटी या सस्ती कार और बाइक, स्कूटर का प्रयोग करते हैं, तो इन पर जीएसटी घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। साइकिल का प्रयोग सबसे गरीब तबके के लोग या छात्र करते हैं। इसलिए इस पर जीएसटी की दर घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इस तरह जीएसटी सुधारों के जरिए भारत सरकार ने उस प्रगतिशील कर प्रणाली को अपनाया है जिसमें अमीर को कुछ ज्यादा टैक्स देना पड़ेगा और गरीब को बहुत कम टैक्स भरना पड़ेगा।

आधुनिक लोक कल्याणकारी राज्य में टैक्स की ऐसी ही प्रगतिशील प्रणाली को अपना अधिक से अधिक लोक कल्याण के लक्ष्य को प्राप्त सकते हैं। जीएसटी सुधारों के जरिए सरकार ने इस दिशा में ठोस पहल की है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से देश के साथ जो वायदा किया था, उसे पूरी तरह से निभाया है।

अब पीएम का वायदा साकार होने की प्रक्रिया में है। वाकई इस बार दीपावली और अन्य त्योहारों पर दोहरा तोहफा मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने 'सुधारों के उपहार' को स्वीकृति दे दी है। अब 22 सितंबर के बाद से आम आदमी जीएसटी सुधारों से लाभान्वित होंगे। इस तारीख से 'शारदीय नवरात्र' भी आरंभ हो रहे हैं। सभी का मासिक खर्च कम होगा, तो बचत बढ़ेगी। वह बचत बाजार और औसत खपत में खर्च होगी। इससे एफएमसीजी (फॉस्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), इलेक्ट्रॉनिक्स, खाद्य पदार्थों और ऑटोमोबाइल आदि कई क्षेत्रों में घटे दामों पर उपभोक्ता-मांग में बढ़ोतरी होगी। विनिर्माण से लेकर सेवा क्षेत्रों में वृद्धि होगी। मांग और खरीद बढ़ेगी, तो उत्पादन बढ़ेगा, रोजगार के मौके बनेंगे और अंततः देश की अर्थव्यवस्था फलेगी-फूलेगी। रोटी, कपड़ा और घर के रोजमर्रा के सामान पर कर (जीएसटी) 12 फीसदी से घट कर 5 फीसदी और इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान पर कर 28 फीसदी से घट कर 18 फीसदी हो जाएगा, तो यकीनन आम आदमी बड़ी राहत महसूस करेगा। महंगाई पहले से ही नियंत्रण में है। यदि प्रधानमंत्री रोजगार के मोर्चे पर भी स्पष्ट योजनाओं की घोषणा कर दें, युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए नयी स्कीम, आर्थिक प्रोत्साहन, वित्तीय मदद और रोजगार प्रशिक्षण आदि शुरू कर दें, तो यह देश और भी संपन्न होगा। यदि देश संपन्न होगा और खर्च का माद्दा बढ़ेगा, तो अर्थव्यवस्था भी व्यापक होगी और भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। वैसे जर्मनी और भारत की अर्थव्यवस्था के बीच बहुत कम फासला शेष है, लिहाजा हमारा तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनना तय है।

> उपभोक्ता वस्तुओं के दाम घटने से लोगों को राहत मिलेगी, बाजार में मांग बनेगी, इससे हमारी अर्थव्यवस्था और तेजी के साथ प्रगति करेगी। इस तरह जीएसटी सुधार सभी के लिए विन-विन फैक्टर हैं। इससे उपभोक्ता, अर्थव्यवस्था, कारोबार और कारोबारी, सभी समर्थ होंगे।

जीएसटी 2.0 सुधारों के तौर पर आठ सालों के बाद ऐतिहासिक बदलाव किया गया है। जीएसटी की प्रक्रिया को आसान बनाया गया है, नतीजतन करोड़ों व्यापारी और खुदरा-व्यवसायी लाभान्वित होंगे। अब कारोबारियों को टैक्स से जुड़े नियमों और कानूनों पर कम खर्च करना पड़ेगा। वे ग्राहक और नवाचार पर अधिक फोकस कर सकेंगे। बताया जा रहा है कि देश में कर घटाने से 2 लाख करोड़ रुपये तक की खपत बढ़ सकती है। इसका फायदा छोटे उद्यमों को ज्यादा होगा। आम आदमी और ग्राहकों को मिलने वाले उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। हालांकि कर्नाटक, तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, झारखंड, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसी विपक्ष-शासित राज्यों की सरकारों ने करीब 48,000 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान का मुद्दा उठाया है। इन राज्यों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि 5 साल तक मुआवजा दिया जाये और वित्तीय सुरक्षा की गारंटी दी जाये। इसमें राजनीति भी हो सकती है। बहरहाल इस मुद्दे पर पर्याप्त विमर्श हुआ होगा! सबसे महत्वपूर्ण यह है कि कैंसर समेत 33 जीवन-रक्षक दवाओं पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। अन्य सभी दवाओं पर अब जीएसटी 12 फीसदी से घट कर 5 फीसदी हो जायेगी। शिक्षण सामग्रियों में नक्शे, चार्ट, ग्लोब, पेंसिल, शार्पनर, पेस्टल, कॉपी, नोटबुक और इरेजर आदि 12 फीसदी और 5 फीसदी से घटा कर 'शून्य जीएसटी' वाले वर्ग में डाल दिए गए हैं। इनके अलावा, हेयर ऑयल, शैंपू, टॉयलेट सोप बार, टूथ ब्रश, शेविंग क्रीम, जिम, सैलून, योगा सेंटर आदि पर जीएसटी 18 फीसदी से 5 फीसदी कर दिया गया है। बटर, घी, चीज और डेयरी स्प्रेड्स, प्री-पैक नमकीन, भुजिया, मिक्सचर, बर्तन, बच्चों के नैपकिन, क्लिनिकल डायपर, सिलाई मशीन और उसके पुर्जे, हैंडीक्राफ्ट आदि पर जीएसटी 12 फीसदी से 5 फीसदी किया गया है। अल्ट्रा हाई टेंपरेचर दूध, छेना, पनीर, रोटी और खाकरा, परांठा, ब्रेड समेत सभी भारतीय रोटी पर जीएसटी अब 5 फीसदी के बजाय शून्य लगेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा 18 फीसदी से घटा कर शून्य किया गया है। हालांकि उपकरणों पर 5 फीसदी जीएसटी लगेगा। बीमा की दरें अब बहुत कम हो जाएंगी। देश में अभी 57 करोड़ से अधिक लोगों के पास स्वास्थ्य और करीब 31 करोड़ के पास जीवन बीमा है। कृषि, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी सस्ते हो जाएंगे। वस्तुओं के दाम घटने से लोगों को राहत मिलेगी, बाजार में मांग बनेगी, इससे हमारी अर्थव्यवस्था और तेजी के साथ प्रगति करेगी। इस तरह जीएसटी सुधार सभी के लिए विन-विन फैक्टर हैं। इससे उपभोक्ता, अर्थव्यवस्था और कारोबार और कारोबारी, सभी समर्थ होंगे।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## सोशल मीडिया

आज नयी दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में 'राइजिंग लीडर प्रोग्राम' के युवा दिमागों के साथ एक अद्भुत बातचीत हुई, हमने प्रधानमंत्री की युवा केंद्रित पहल के बारे में बात की। जेपी नड्डा.



11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी ने सरकार को जनता के साथ जनसेवा की भावना से जोड़ा, अब हर नीति नागरिक की आकांक्षा को शक्ति देती है, राष्ट्र को आत्मविश्वास देती है। केशव प्र. मौर्य.



मोदीजी पंजाब में बाढ़ ने भयंकर तबाही मचाई है, जम्मू कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में भी स्थिति चिंताजनक है। मुश्किल समय में आपका ध्यान और सक्रिय मदद आवश्यक है। प्रियंका गांधी.



# प्रकृति का सौंदर्य

## अंतर्दृष्टि

प्रकृति और प्राकृतिक वातावरण हमे नैसर्गिक ऊर्जा प्रदान करते हैं। प्रकृति की हरीतिमा और उसका शांति वातावरण प्राचीन काल से ही ऋषि मुनियों को अपनी ओर आकर्षित करती रही है। ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्ना दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है।

भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है।

# आभासी वास्तविकता का मतलब

## व्यंग्यलोक

क्या आपको पता है कि वर्चुअल रियलिटी किस बला का नाम है। शायद पता हो भी और न भी हो तो चलिए हिंदी में ही बता देता हूं। बहरहाल, वर्चुअल रियलिटी यानी आभासी वास्तविकता। अर्थात जो और जैसा लगे कि यह वास्तविकता है लेकिन जो और जैसा होकर भी न हो। कभी विकास को आपने देखा है। नाम तो बहुत सुना होगा, एनकाउंटर होते ही देखा-सुना होगा लेकिन इस विकास को शायद देखा नहीं हो, केवल सुना ही सुना हो, फिर भी यहां-वहां वे विकास तो कर ही रहे हैं, विकास हो ही रहा है। यह सब देखने के लिए स्पेशल ग्लासेस चाहिए यानी विशिष्ट प्रकार के चश्मे से ही देखा और दिखाया जा सकता है। जिंदगी में आप अच्छे दिन महसूस करते हैं तो यह वास्तविकता होगी लेकिन जब अपने आप को दुःख-संकटों से घिरा हुआ पाएं और कोई आपके लिए अच्छे दिन लाए जाने का आभास कराए या अच्छे दिन लाने की बात करें तो मानकर चलिए कि यह वर्चुअल रियलिटी है। इसे एक और उदाहरण से समझाता हूं। मान लीजिए कि आपकी जेब में पन्द्रह लाख रुपए रखे हैं यह तो वास्तविकता है यानी रियलिटी लेकिन आपके बैंक खाते में पन्द्रह लाख आ सकते हैं, यह आभासी वास्तविकता होगी। इस आभासी वास्तविकता से आपके तात्कालिक आनन्द में कई गुना अभिवृद्धि हो सकती है और आप सामने वाले पर फिदा हो सकते हैं और फिर वह जैसा चाहे आपको दूह सकता है। आपको जब अलानी, फलानी, ढिकानी पार्टी द्वारा यह कहा जाता है कि यदि उनकी सरकार बनती है तो आपको तीन सौ यूनिट या चार सौ यूनिट बिजली फ्री देने या फिर फ्री राशन, फ्री गैस, फ्री इलाज, कर्ज माफी, लैपटॉप देंगे तो उनकी ऐसी बातों को आप वर्चुअल रियलिटी मान सकते हैं। यानी आपको भविष्य में कुछ पाने का आभास होगा, कुछ सपने होंगे बंद आंखों के तो कुछ खुली आंखों के। और फिर खुदा न खास्ता अगर बाद में ये मिल भी गए तो दूसरे रास्ते से टैक्स के रूप में वसूल लिए जाएंगे अर्थात कान सीधे तरफ से न पकड़कर उल्टी तरफ से पकड़ने का फार्मूला ही वर्चुअल रियलिटी है। जनता तो बेचारी गाय समान ही है। जैसे ज्यादा वोट खिंचने के लिए मतदाता को दूहने की कला का विकास हमारे यहां हुआ है, ठीक इसी तरह का चरम विकास तुर्की के किसान ने किया है। उसने अपनी गायों को वर्चुअल रियलिटी (वी आर) गागल्स (हेडसेट) लगाए हैं। इनमें उस किसान ने लोकतंत्र में जनता रूपी गाय को दिखाए जाने वाले सब्जबाग की तरह गायों को हरे-भरे चरागाहों के वीडियो दिखा दिए और उनका तनाव कम कर परिणाम में बढ़ा हुआ दूध दूहकर अपनी बल्ले-बल्ले कर ली। यही सब लोकतंत्र की वर्चुअल रियलिटी है और यह शो बदस्तूर चालू है।


डॉ. प्रदीप उपाध्याय

# युवाओं से अधिक होगी बुजुर्गों की आबादी



## प्रतिबिंब

**अपराजिता**

सिर्फ ढाई दशकों बाद अपने ही देश में बूढ़ों की कुल आबादी 230 से 250 मिलियन के आसपास होगी। क्या भविष्य की इस जनगणना को लेकर हमने कोई ठोस रणनीति बनाई है? यह इसलिए जरूरी है क्योंकि आजकल दुनिया के पश्चिमी देश 50 साल बाद की रणनीति बनाकर चल रहे हैं। इसलिए हमें भी इस बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए। क्योंकि सिर्फ अपने देश में ही नहीं बल्कि अगले ढाई से तीन दशकों में पूरी दुनिया की जबर्दस्त डेमोग्राफिकल चेंज होने वाला है। एक वैश्विक अध्ययन पर रिपोर्ट बताती है कि भविष्य में जवान और बच्चों की संख्या कम तथा बूढ़ों की संख्या ज्यादा होगी।

2050 तक दुनिया में 65 या इससे ज्यादा की उम्र के लोगों की जो मौजूदा जनसंख्या है, वह बढ़कर ढाई गुनी से भी थोड़ी अधिक हो जाएगी। अभी समूचे संसार की आबादी में इनका हिस्सा महज 10 प्रतिशत है। लेकिन 26 सालों बाद यह 25 फीसदी के आसपास हो जायेगी। जबकि 15 से 59 बरस के लोगों की आबादी महज 10 फीसदी बढ़ेगी, यह कहना है अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजिंग का। आज हम ही नहीं दुनिया के वे 10 देश जो अपने को अपेक्षा जवान मानते हैं, वे तब बूढ़ों की कतार में शामिल होंगे या तेजी से उधर बढ़ रहे होंगे। 1950 तक अमरीका में जहां औरतें औसतन तीन बच्चे पैदा करती थीं, वहीं 1990 आते आते दो तक और अब यह संख्या कई बार एक तक भी सिमट गयी है।

गरीब विकासशील देशों में भी प्रजनन दर कम होती जा रही है हालांकि विकसित देशों के मुकाबले यहां कम होने की रफ़्तार धीमी है। प्रजनन दर का ज्यादातर जगहों पर कम होना और अधिकतर जगह पर स्वास्थ्य सेवा में बेहतरी तथा जीवन सुविधाओं में बढ़ोतरी से मिलती दीर्घायु और भी खलनायक की भूमिका निभा रही है। साल 2050 औसत उम्र के लिहाज से सबसे बूढ़ा देश होगा जापान और दक्षिण कोरिया, जहां बहुतायत आबादी 53 के पार होगी। जर्मनी, चीन, ब्राजील, मैक्सिको भी बेशुमार बूढ़ों से भरे होंगे। यहां की अधिकांश आबादी 50 से ऊपर पहुंच चुकी होगी तो अमेरिका के भी ज्यादातर लोग पचास के पेटे में होंगे। यहां जवान लोग 18 प्रतिशत रह जायेंगे जबकि बूढ़ों की तादाद 21 फीसद से भी ज्यादा होगी। अभी वहां 40 मिलियन बूढ़े हैं या कहें 65 से पार वाले लोग हैं। 2050 में इनकी संख्या 90 मिलियन के पार जाएगी। फ्रांस में कभी 65 पार के लोग आबादी में महज 7 फीसद थे अब 14 प्रतिशत हैं भविष्य में ये 28 प्रतिशत तक पहुंच सकते हैं। स्वीडन का भी यही हाल है वहां भी बूढ़ों की तादाद न सिर्फ बढ़ती जा रही है बल्कि 2050 तक उनकी संख्या इस कदर बढ़ जायेगी कि सरकार को इनके लिये अलग से सामाजिक आर्थिक नीति बनानी पड़ेगी। ब्रिटेन में भी बूढ़े बदस्तूर बढ़ रहे हैं। चीन की बुढ़ाती आबादी 2050 तक 330 मिलियन हो जायेगी। चीन में 100 मिलियन बूढ़े.तो 80 के पार होंगे।

इन तेजी से बुढ़ाते देशों की तो बात ही क्या हम भी जो अपनी जवान आबादी पर इतराते हैं, हम पर भी इसका प्रभावित करने वाला असर होने जा रहा है। अभी हमारे यहां बूढ़ों की संख्या जहां करीब 70 मिलियन है, 2050 में ये 230 से 250 मिलियन के बीच हो जायेगी। तकरीबन 280 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज होगी इस क्षेत्र में। स्थिति यह होगी कि 2050 में देश के हर 100 लोगों में से महज 45 से 47 ही कार्यक्षम होंगे। तब काम करने वाले कम और निर्भर लोग ज्यादा होंगे। मौजूदा समय में जहां जीवन प्रत्याशा दर वैश्विक तौर पर 70 साल है, वहीं 2050 में इसके बढ़कर 76.2 तक पहुंचने की उम्मीद है यानी नये बूढ़े बरसों तक टिकेंगे। स्वास्थ्य और फिटनेस की अत्याधुनिक सुविधायें, नयी दवाइयां, स्वास्थ्य बीमा और तमाम दूसरे कारण मिलकर जीवन प्रत्याशा बढ़ा देंगें, जीवन सुदीर्घ हो जायेगा। जो बुढ़ापा पहले संक्षिप्त होता था, भविष्य में लंबा खिंचेगा। लेकिन यह लंबा बुढ़ापा स्वस्थ भी होगा इसमें शक है। शारीरिक क्षमतायें चुकेंगी, इम्यून सिस्टम कमजोर होगा। नयी पुरानी बीमारियां सिर उठाएंगी। कमजोर पड़ते शरीर और प्रतिरक्षा प्रणाली पर संक्रमण का धावा ज्यादा ही घातक होगा। यह अलग बात है कि भविष्य में स्वास्थ्य संसाधन और तकनीक तथा दवाएं अति विकसित होंगी। बढ़ते बूढ़ों की यह संख्या सार्वजनिक स्वास्थ्य पर भारी बोझ होगी। इसलिए समय रहते हमे अपनी स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा इस स्तर तक विकसित करना होगा जिससे भविष्य की चुनौतियां का सामना किया जा सके।

## आप की बात

### शहरों का बढ़ता आकार

शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं। ऐसी अनियोजित बस्तियों में न सड़क होती है, न सीवर लाइन, न नाली। इससे विकास प्रभावित होता है। अनियोजित बस्तियों के कारण शहरों में अनेक समस्याएं सामने आ रही हैं जिसे ठीक करने की जरूरत है।

**मनीष कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### युवाओं को बनायें हुनरमंद

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए।

**शुभम श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## रामलीला का भव्य कार्यक्रम 20 से 4 अक्टूबर तक

**अयोध्या।** अयोध्या धाम के भगवदाचार्य स्मारक सदन में संत श्री तुलसीदास रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला का भव्य कार्यक्रम 20 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर बड़ा भक्तमाल में बैठक की गईं.. बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवदाचार्य स्मारक सदन में संत श्री तुलसीदास रामलीला समिति द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। इस बार मध्य प्रदेश के खजरुई ताल के द्वारा रामलीला की जाएगी। उन्होंने कहा यह आयोजन भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा, जिसमें वे भगवान राम की जीवन गाथा का आनंद ले सकते हैं। इस बैठक मे रामलीला समिति के अध्यक्ष महंत अवधेश दास, समिति के महामंत्री महंत संजय दास, रसिक पीठाधीश्वर महंत जन्मेजय शरण, जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी राघवाचार्य, महंत हेमन्त दास, शिवम श्रीवास्तव और पदाधिकारियों उपस्थिति रहे।

# जिले में 30 अनुदेशकों को मिले नियुक्ति पत्र

जिला संवाददाता

**बहराइच ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, द्वारा वर्ष 2025 में घोषित अंतिम परिणामों में व्यावसायिक शिक्षा के चयनित मुख्य अतिथि विधायक नानपारा राम निवास वर्मा द्वारा अन्य अतिथियों के साथ जनपद में नवनियुक्त 30 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने नवनियुक्त अनुदेशकों को बधाई एवं

**● पूरी निष्ठा से निभायें अपना दायित्व: विधायक**

शुभकामना देते हुए कहा कि आप सभी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और लगन के साथ करते हुए बच्चों के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि आप द्वारा शिक्षित बच्चे ही कल देश का भविष्य होंगे। आप सभी देश की वर्तमान परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए बच्चों को दक्ष बनायें।

उन्होंने कहा कि आप सब की जिम्मेदारी है कि बच्चों को इतना दक्ष बना दें कि वे प्रतिस्पर्धा के इस युग में विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाकर देश के विकास में योगदान कर




सकें। इस अवसर पर विभिन्न ट्रेडो अन्तर्गत नवनियुक्त अनुदेशकों अमन राठौर, रितेश विश्वकर्मा, राघवेन्द्र सिंह, सूरज कुमार, योगेश कुमार, संदीप कुमार, तेज प्रताप, शशिकान्त, नागेन्द्र यादव, अरूण कुमार, हिमांशु प्रजापति, प्रशांत मौर्या, मनीष कुमार उपाध्याय, अनुज सिंह, अरविन्द कुमार राय, गोविन्द कुमार राव, सुनील कुमार निषाद, सत्यम ओझा, राम चन्द्र, अरविन्द कुमार वर्मा, रविकान्त चैहान, मृत्युंजय सिंह, नन्दलाल गुप्ता, विमलकान्त शर्मा, पंकज कनौजिया, संत कुमार, अश्वनी यादव, उमाकान्त यादव, मेनका सिंह व नीरज कुमार को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान अनुदेश मेनका सिंह व अनुज ने अपने अनुभव साझा करते हुए मा. मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सहायक डी.के. त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, उपायुक्त एन.आर.एल.एम. धनंजय सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार, प्रधानाचार्य आईटीआई बहराइच रामतेज व नानपारा के सुनील कुमार मिश्रा, वरिष्ठ अध्यापिका अनुसुईया व राहुल बाजपेई सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी, दिग्विजय सिंह सहित अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा नवचयनित अनुदेशक मौजूद रहे। इससे पूर्व कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया।

## श्री अध्यात्म शक्तिपीठ में गणेश पूजन संपन्न

सोहावल-अयोध्या। श्रीअध्यात्म शक्तिपीठ मुबारकगंज में दस दिवसीय विशेष गणेश पूजन शनिवार को संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण के



साथ ही पूजन समाप्त हुआ। मुख्य अर्चक सुधीर पांडेय की अगुवाई में गणेश चतुर्थी से चल रहे दस दिवसीय उत्सव के समापन पर आचार्यों व साधकों ने भगवान गणपति की पूजा अर्चना की। साधकों ने संकटनाशन गणेशस्त्रोत, गणपति अथर्वशीर्ष, गणेश सहस्त्रनाम का पाठ किया। पीठ में स्थापित भगवती तारा, मां पीतांबरा, स्वामी जी महाराज, भगवती महाकाली, महालक्ष्मी महा सरस्वती, भगवान भैरव, ललिता त्रिपुर सुंदरी, हरिद्रा गणपति, श्रीयंत्र, स्वामीजी महाराज तथा गुरुदेव श्री राम कृष्ण पांडेय आमिल के विग्रहों की विशेष पूजा की गई। हवन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## मासिक बैठक सम्पन्न



**बाराबंकी।** हम सबके कंधों पर 2027 की एक बड़ी जिम्मेदारी है। जिसके लिए हम सबको निरंतर संघर्ष करना होगा। गांव गली तक अपनी बात पहुंचानी होगी। जनता की समस्याओं को निरंतर उठाना होगा। इस सरकार को सत्ता से बेदखल करने गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिला पुरुष सहित सभी वर्ग के लोगों को अखिलेश की नीतियों और कार्यों को निरंतर याद दिलाना होगा। क्योंकि मौजूदा दौर में आम जनता महंगाई बेरोजगारी से परेशान है जिसकी सुनवाई कहीं नहीं। उक्त विचार समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोहित मासिक बैठक मे पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा ने व्यक्त किये। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा आज पूरा उत्तर प्रदेश बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अपराध से त्रस्त है। गरीब कमजोर व्यक्ति का कोई सुनने वाला नहीं हैं। यही कारण है कि आज पूरा प्रदेश आशा भरी निगाहों से हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर देख रही है और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद कर रही है। पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा ने कहा कि जनता को दुख तकलीफों से निजात दिलाने के लिए हम सबको पूरी मेहनत लगन से कार्य करते हुए गांव के अंतिम घर तक अखिलेश यादव के विचारों को पहचाना होगा तभी हम सब का वह सपना साकार होगा। बैठक मे सदर विधायक धर्मराज सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में मुख्य रूप से अरविंद यादव, हुमायूं नईम खान, रजनी यादव, जितेंद्र पटेल, विकास यादव, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, डॉ0 नवनीत प्रकाश श्रीवास्तव, धीरज यादव, आशुतोष यादव, निजामुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## आज से शुरू होंगे श्राद्ध

**बहराइच।** इस बार पितृपक्ष की शुरूआत में पचका लगा होने के कारण पितृपक्ष पितरो में तर्पण की शुरूआत आने वाले बुधवार से होगा। पँडित यमुना प्रसाद पाठक ने बताया पितृपक्ष में अपने अपने पितरों यानी पुरखों की याद में पूजा पाठ फूल पानी देकर श्रद्धा भावना की आस्था के साथ उनकी श्राद्ध करके उन्हें विदा करना हम सबका फर्ज बनता है ।पूर्वजो को पानी देकर उनके ऋण से उद्धार होना हर मनुष्य का परम धर्म होता है ।इन कर्जो को पितृ कर्ज व देव कर्ज कहते हैं ।इन कर्जो की अदायगी का पखवाड़ा है जिसमें मात्र पितरों यानी अपने पूर्वजों की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। इसी दौरान उन्हें जल पिलाकर उनकी प्यासी आत्मा को तृप्त किया जाता है और उन्हें हवन बसंदर आदि देकर उनकी भूख को शांत किया जाता है ।पितरों के महत्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इन पन्द्रह दिनों भगवान भगवती सबकी पूजा अर्चना बंद हो जाती है और सिर्फ पितरों की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि पितृ पक्ष के दौरान की गयी पूजा अर्चना भोग सब पितरों को ही मिलती है ।यही मान्यता है कि पितृ पक्ष में सभी लोगों के पित्तर यानी पुरखे अपने अपने स्थान से आकर अपने गाँव के वंशजों में खाना पानी हवन बसंदर पाने की राह देखने लगते हैं ।वह आखिर दिन तक वहाँ पर

# अनियंत्रित कार की टक्कर से गन्ना पर्यवेक्षक घायल

जिला संवाददाता

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित तेन्धा चैराहे के पास तेज रफ्तार कर चालक ने बाइक सवार गन्ना पर्यवेक्षक को जोरदार टक्कर मार दिया जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने घायल गन्ना पर्यवेक्षक को संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचा जहां हालत गंभीर देख उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

घटना के बाद गन्ना पर्यवेक्षक उपेंद्र प्रताप सिंह ने टक्कर मारने वाली कर एवं कर चालक के विरुद्ध मुकदमा काम किए जाने हेतु कुमारगंज पुलिस को तहरीर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सीतापुर जनपद के बीहट गोड़ थाना रामकोट निवासी उपेंद्र प्रताप सिंह पुत्र महेंद्र प्रताप सिंह रौजा गांव चीनी मिल अंतर्गत मिल्कीपुर क्षेत्र पर गन्ना सुपरवाइजर पद पर कार्यरत हैं वह कुमारगंज थाना क्षेत्र के तेन्धा गांव में आवास बनाकर रहते हैं रविवार को वह अपनी बाइक से साथी सुपरवाइजर अमित श्रीवास्तव के आवास जा रहे थे और अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेन्धा चैराहे स्थित कट पर पहुंचे ही थे कि अयोध्या की ओर से कुमारगंज की तरफ तेज रफ्तार से जा रही किया कार रजिस्ट्रेशन नंबर यू पी 32 क्यू बी 9697 के चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया।

जिससे उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद कार उपरोक्त एवं चालक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम किए जाने हेतु तहरीर दी है।

# अच्छी रचनाएं संघर्ष के दिनों में लिखी जाती हैं: स्वप्निल श्रीवास्तव

**अयोध्या।** जनवादी लेखक संघ, फ़ैज़ाबाद की घर-गोष्ठी शृंखला के अन्तर्गत कवि-लेखक और चिंतक आर.डी.आनन्द के घर पर उनकी कविता-पुस्तक ह्यधर्म के भाव ऊँचे हैंह्ण पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि-लेखक स्वप्निल

**● कविता-पुस्तक धर्म के भाव ऊँचे हैं पर गोष्ठी का हुआ आयोजन**

श्रीवास्तव ने कहा कि अच्छी रचनाएँ अक्सर कठिनाई और संघर्ष के दिनों में लिखी जाती हैं। इस सिलसिले में यह महत्वपूर्ण है कि आर.डी.आनन्द ने अपनी भयंकर व्याधि के बीच यह रचना लिखी और यही कारण है कि इनमें भावुकता की बजाय वैचारिक दृढ़ता का समावेश है। इन रचनाओं में शिल्प के स्तर पर जो असम्बद्धता है दरअसल सूत्र वाक्यों का संगुम्फन है, जिसकी झलक हमें अकविता आंदोलन के दौर में भी मिलती है। यह



किताब अपने व्यंग्यात्मक तेवर के कारण अन्य कृतियों से अलग है, आज के मनुष्य को उद्वेलित करने के लिए ऐसी भाषा और शैली की जरूरत है। आर.डी.आनन्द ने भाषा के स्तर पर जो तोड़-फोड़ की है, वह कविता को स्थानीयता के कारण बेहतर बनाती है। आर.डी.आनन्द की प्रतिबद्धता और वैचारिकता उनकी कविताओं में लगातार दर्ज होती रहती है। कवि-प्राध्यापक डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि इस संग्रह में कल्पना-तत्व से नहीं बल्कि विचार-तत्व से बुनी हुई कविताएं हैं। इन कविताओं के आधार के रूप में वैचारिक प्रतिबद्धता है और अधिरचना के रूप में जीवनानुभव, पर्यवेक्षण और द्वन्द्व उपस्थित है। उन्होंने ह्यलाठी लाओह्ण कविता का उदाहरण देते हुए कहा कि संग्रह में कविताएँ उलटबांसी की तरह लगती हैं और इनमें समय के प्रत्यक्ष परोक्ष खतरे विभिन्न प्रतीकों की तरह आते हैं। यही कारण है कि इन कविताओं को आस्वाद के प्रचलित रूप में ग्रहण करना सम्भव नहीं होता है। ह्यये नया संस्करण हैह्ण कविता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ह्यखूबसूरती में अन्यायह्ण इस कविता का एक असाधारण बिम्ब है। दरअसल यह सभ्यता जितनी अधिक सौन्दर्यपूर्ण होती जा रही है उतनी ही अन्याय से भरी हुई भी। हालत यह है कि हर सुंदर चीज के पीछे किसी अन्याय के होने की आशंका हमारे भीतर रहती है, जो एक समाज के लिए त्रासदी भी है कि सौन्दर्य का अन्याय के साथ इतना गहरा सम्बन्ध स्थापित हो जाए। इन कविताओं में आत्मगतता और वस्तुगतता, यथार्थ और कल्पना, विचार और रचना के मध्य सीमाओं को घुलते हुए देखा जा सकता है।

## जैन मंदिर में पारणा सम्पन्न



**बाराबंकी।** समाज के अनेकों युवाओं ने 10 दिन के उपवास ( निर्जल ) कर अपनी आत्मा को शुद्ध कर दूसरों को कठिन तपस्या की प्रेरणा दी। जिसमे अर्चित गंगवाल, सुरभि गंगवाल, नमन जैन, आर्जव जैन, नमित जैन, सुलभ सेठी, रितिका सेठी, वात्सल्य जैन एवं संदीप जैन ने तेला की कठिन तपस्या को सफलतापूर्वक किया। जिसके बाद आज सभी का पारणा सामूहिक रूप से सरावगी स्थित दिगंबर जैन मंदिर में माला पहनाकर व तिलक लगाकर सम्मान किया गया। तथा सभी तपस्वियों को ढोल नगाड़ों के साथ मंदिर के दर्शन कराया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र जैन बिंदु, राज कुमार जैन धनावत, पंकज जैन, अतुल जैन, सचिन जैन, सुभाष जैन, वीर कुमार जैन, नेहा जैन, कल्पना जैन, नीलम जैन, दीप चंद जैन, मोनू गंगवाल, अनिल सेठी सहित जैन समाज मौजूद रहा।

# शारदीय नवदुर्गा पूजा के 56वीं महोत्सव को लेकर हुई तैयारी बैठक

**बाराबंकी।** यूथ्स एसोसिएशन परिवार द्वारा आयोजित होने वाली उत्तर भारत की एकमात्र शारदीय नव दुर्गा पूजा के 56वे महोत्सव की तैयारी बैठक देवा रोड स्थित कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता किलटू के आवास पर सभापति बृजलाल सावलानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सदस्यों एवं पदाधिकारियों कों अपने-अपने दायित्व बांटे गए। बैठक में सभापति बृजलाल सावलानी ने बताया कि नवदुर्गा पूजा महोत्सव को भव्य रुप से मनाए जाने के लिए नगर पालिका परिषद के साथ, कैलाश आश्रम, छाया होते हुए धनोखर चैराहे तक रंग-बिरंगी लाइट से सड़क के दोनों ओर सजावट की जाएगी। पूजा महोत्सव 22 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन मां दुर्गा के नौ रुपों के दर्शन, पूजन, आरती, रुद्र पूजा, हवन



एंव लंगर का आयोजन होगा। इस बार महिला विंग की सदस्यों की भागीदारी अधिक हुई है। महोत्सव में जूनियर व सीनियर वर्ग की विभिन्न प्रतियोगितायें मेंहदी, गमला सज्जा, सामान्य ज्ञान, गायन-नृत्य, चित्रकला, वाद-विवाद, रंगोली, फैन्सी ड्रेस आदि प्रतियोगितायें बच्चो के मध्य होगी। 30 सितम्बर को महासंधि पूजा होगी। कार्यक्रम की शुरूआत 22 सितम्बर प्रात 11 बजे से मूर्ति स्थानातंरण के साथ होगीं। 27 सितम्बर को मूर्ति स्थापना, 28 सितम्बर को महाषष्ठी पूजा के साथ प्रतिदिन भव्य आरती व सांस्कृतिक कार्यक्रम होगें। बैठक में पंकज गुप्ता पंकी, राजन शर्मा, अखिलेश वर्मा, आदर्श गुलसिया, गोपाल मिश्रा, राजेश सिंह, अर्पित गुप्ता, शरद राज सिंह, अजय शुक्ला, भारत लाल, मनोज जायसवाल, मनीष निगम, रामधन मुखर्जी, नरेश राय, पन्नालाल, अनीत आदि उपस्थित रहे।

# धर्मस्थलों को लेकर लागू की गयी है शराब बंदी: नितिन

**अयोध्या।** आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता के दौरान सपा के शासन काल में माफियाओं व विभाग के नेक्सस का जिक्र करते हुए उसे अपनी सरकार में तोड़ने की बात कही। उन्होंने शराब बंदी को लेकर अपना पक्ष रखा। मंत्री ने कहा कि आस्था के केन्द्र धर्मस्थलों को लेकर शराब बंदी लागू की गयी है। अयोध्या मंदिर के क्षेत्र में पूरी तरह से शराब बंदी लागू कर रखी गयी है। यहां किसी भी मदिरा की दुकान को एलाउ नहीं



किया जा सकता है। नियमों का पालन किया जा रहा है। पंचकोसी परिक्रमा क्षेत्र मे पूर्ण रुप से शराबबंदी लागू है। उन्होंने बताया कि पूरी तरह से माफियाओं का राज व विभाग पर कंट्रोल सपा के शासन काल में रहता था। उस नेक्सस को तोड़ने का कार्य किया गया। उत्तर प्रदेश में शराब माफियाओं की कमर पूरी तरह से तोड़ी गयी है। विभाग पूरे वर्ष इस अभियान को चलाता है।

इसमें हमें काफी सफलता मिली है। हर महीने विशेष परिवर्तन अभियान चलते है। दूसरे प्रदेश के अवैध मदिरा को आने तथा इसे यूपी में चलने को बंद किया गया है। इसमें शामिल लोगो जेल भेजा गया है। जहां शराब बंदी लागू है। वहां पूर्णतया बंदी है। सपा का गुंडाराज हमने खत्म किया है। चाहे वह जो भी प्रचार कर ले। उत्तर प्रदेश की जनता सपा को कभी स्वीकार नहीं करेगी। कानून व्यवस्था का माडल योगी ने स्थापित किया है। हमारी सरकार ने व्यापारी को सुरक्षा दी है। न वसूली होती है न जबरन कोई एफआईआर कराता है। व्यापारी भाजपा के साथ खड़ा है।

व्यापारी, किसान व महिलाओं की सुरक्षा हमारी सरकार का संकल्प है। इससे पूर्व सर्किट हाउस पहुंचने पर उत्तर प्रदेश व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय सिंह बिन्नू के नेतृत्व में कार्यकर्ता ने रामनामा पहना कर व पुष्प गुच्छ देकर आबकारी मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान नगर उपाध्यक्ष कमलेंद्र गुप्ता, योगेंद्र कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क हादसों में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस ने चलाया अभियान



**बहराइच।** शासन के निदेर्शानुसार सड़क दुर्घटनाओं एवं उनसे होने वाली मृत्यु की संख्या में 50% की कमी लाए जाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस बहराइच द्वारा जनपद में लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक लखनऊ - बहराइच राजमार्ग पर तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान स्पीड राडार यंत्र द्वारा वाहनों की गति की जाँच की गई। निर्धारित गति सीमा से अधिक गति से वाहन चलाते पाए गए कुल 53 वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्यवाही की गई तथा उन पर कुल ?1,06,000/- (एक लाख छह हजार रुपये) का अर्थदंड अधिरोपित किया गया ।यातायात पुलिस बहराइच आमजन से पुनः अपील भी की गयी कि वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा एवं यातायात नियमों का पालन करें, सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है तथा नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

# जनपद को लगातार प्राप्त हो रही यूरिया की रैक

**बहराइच ।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव द्वारा अवगत कराया गया है कि रवी सीजन की फसलों की बुवाई की तैयारी को देखते हुए जनपद में डीएपी एवं एनपीके उर्वरक का स्टॉक भी बढ़ाया जा रहा है । उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में 3835 मैट्रिक टन यूरिया, 5494 मैट्रिक टन डीएपी, 3792 मैट्रिक टन एनपीके एवं 13070 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है। जनपद की सभी समितियो पर उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा यूरिया वितरण कार्य की सघन निगरानी की जा रही है। डॉ. यादव ने बताया कि कृत्रिम कमी पैदा करने वाले दुकानदारों पर फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर और ईसी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कृषकों से अपील की है कि अफवाहों पर कतई ध्यान न दें। जनपद में अब तक 62331 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। गत शनिवार को जिले में 384 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया है। सीमावर्ती क्षेत्र में एसएसबी व पुलिस विभाग से समन्वय कर बड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिले की सभी समितियों एवं विक्रय केन्द्रों पर पुलिस, राजस्व व कृषि विभाग की देख-रेख में उर्वरक का वितरण कराया जा रहा है। उर्वरक वितरण के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होने पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर ए.आर. को-आपरेटिव, जिला प्रबंधक पीसीएफ एवं इफको के प्रतिनिधि के साथ प्रतिदिन बैठक कर उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा की जाती है तथा जिन समितियों पर पांच मैट्रिक टन से कम यूरिया उपलब्ध होती है वहां उर्वरक भेजने की कार्रवाई की जा रही है। जनपद में उर्वरक की कमी नहीं लगातार यूरिया रैक प्राप्त हो रही है। जिले को प्राप्त होने वाली उर्वरक को सहकारी समितियां एवं प्राइवेट दुकानदारों के यहां भेजा जा रहा है। उन्होंने किसानों को सुझाव दिया है कि यूरिया उर्वरक को एडवांस में खरीद कर भंडारण ना करें। डॉ. यादव ने बताया कि किसानों को समय पर एवं सही मूल्य पर खाद उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

# जिले में धूमधाम से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन



जिला संवाददाता

**बहराइच।** रविवार को नगर में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा और आस्था के बीच सम्पन्न हुआ। जगह-जगह से निकली शोभायात्राओं में भक्त ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजों की थाप पर नाचते-गाते आगे बढ़े। ह्लगणपति बप्पा मोरयाह्व के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। भक्तिरस में डूबा माहौल लोगों को अपने साथ खींच लाया।

### चाय और शीतल जल की विशेष व्यवस्था

नपाध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी टेकड़ीवाल के प्रतिनिधि एवं श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी अध्यक्ष वरिष्ठ समाज सेवी श्यामकरन टेकड़ीवाल द्वारा सदैव की भांति इस बार भी श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल और चाय की व्यवस्था की गई। भक्तों ने श्रद्धा से इस सेवा का लाभ उठाया और प्रसन्नता व्यक्त की ।कमल शेखर गुप्ता ने कहा– ह्लगणपति बप्पा का आशीर्वाद और पालिका की सेवाएँ, दोनों ने मिलकर इस विसर्जन को अविस्मरणीय बना दिया ।ह्ववहीं जय जय अग्रवाल ने बताया– ह्लश्रद्धालुओं के लिए ठंडे पानी और चाय की व्यवस्था बेहद सराहनीय रही। इससे भक्तों का उत्साह दोगुना हो गया ।ह्व

### पालिका की सराहनीय पहल

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुधा देवी टेकड़ीवाल एवं अधिशाषी अधिकारी श्रीमती प्रमिता सिंह की देखरेख में की गई तैयारियों की हर किसी ने तारीफ की। विसर्जन स्थल पर स्वच्छता अभियान को पंख देने के लिए पालिका का स्वच्छता वाहन लगाया गया। वहीं, श्रद्धालुओं को राहत पहुँचाने के लिए पेयजल टैंकर भी तैनात किए गए।

सुरेश गुप्ता , सभासद पुष्प नाथ तिवारी एवं राजू श्रीवास्तव सभासद ने कहा– ह्लनगर पालिका की इस तरह की तैयारी से त्योहार न सिर्फ भक्तिमय रहा बल्कि स्वच्छता और सुविधा का संदेश भी देता दिखा।

### सुरक्षा व्यवस्था रही चुस्त

विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस ने भी पूरी मुस्तैदी दिखाई। जगह-जगह गोताखोरों के साथ ही पुलिस बल तैनात किया गया। ट्रैफिक पुलिस ने शोभायात्रा मार्ग पर यातायात को नियंत्रित किया ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार– ह्लभीड़ के बावजूद पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुरक्षित रहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता थी।

### भक्तिरस में सराबोर रहा नगर

राहुल रॉय , मनोज गुप्ता सहित नगर की प्राचीनतम ब्रह्मणीपुरा गणेश पूजा महोत्सव समिति अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता , जीतू यज्ञसैनी , दिनेश गुप्ता, के0के0 सक्सेना , आकाश जायसवाल , शिवम तोषवार, गुदड़ी के महाराजा श्री गणेश पूजन समिति के श्रद्धालुओं में युवराज यज्ञसैनी जतिन यज्ञसैनी , सभासद सीताराम यज्ञसैनी , भाजपा नेता अशोक गुप्ता नेत्री हेमा निगम सहित बड़ी संख्या में गणेश भक्त विसर्जन कार्यक्रम में शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान भक्तों का उत्साह देखने लायक था। नगरवासी पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, अनुशासन और उल्लास के रंग में रंगे दिखे। हर किसी ने नगर पालिका परिषद व प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं को अनुकरणीय बताया। भगवान रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने जगह जगह आरती व प्रसाद वितरण कर भगवान श्री गणेश का स्वागत किया। पूरा जनपद इस अवसर पर भक्ति से सराबोर रहा।

## स्थानांतरण के बावजूद बरकरार है प्रभारी का नेम प्लेट




**सोहावल-अयोध्या।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल में उठे विवाद के चलते स्थानांतरित की गई यहां की प्रभारी रहीं डाक्टर फातिमा हसन सी एच सी रुदौली पहुंच गई। यहां इन्होंने कार्य भार ग्रहण कर लिया। इसके बावजूद इनका नेम प्लेट अभी सोहावल में बरकरार है। रविवार को इसे लेकर कुछ आशा बहूओं ने एतराज जताया और इसे विभागीय उस साजिश का हिस्सा बताया जिसके तहत पूर्व प्रभारी यहां दोबारा आकर अपनी कुर्सी हासिल करना चाहती हैं। अपने कार्यकाल में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का कायापलट करने का दावा करने वाली पूर्व प्रभारी को निवर्तमान हुए सप्ताह भर से ज्यादा का समय बीतने को है। लेकिन हनक इतनी है कि इनका नेम प्लेट हटवाकर वर्तमान प्रभारी का नेम प्लेट लगवाने का कोई साहस नहीं कर सका।

आज भी प्रभारी चिकित्साधिकारी के रूप में कक्ष के बाहर डाक्टर फातिमा हसन का नाम दर्ज है ।आरोप है कि इससे मरीज तो गुमराह हो ही रहे हैं। आशा बहूओं और संगीनियों में आक्रोश बढ़ रहा है। जिनके विरोध के कारण ही पूर्व प्रभारी को सोहावल से हटना पड़ा था ।यही नहीं इसके पीछे कुछ ऐसे कर्मचारियों की साजिश भरी ममता बताई जा रही है। जो स्थानांतरण के बाद भी केन्द्र पर पूर्व प्रभारी को ही यहां फिर से लाकर बैठाना चाहते हैं। इस सम्बन्ध में जब मुख्य चिकित्साधिकारी से जानकारी करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन ही नहीं उठा।

संक्षेप

## दो दिनों से गायब युवती का शव सई नदी में मिला

**बछरावां, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के रामपुर सुदौली गांव के रहने वाले रियाज अहमद ने शुक्रवार शाम कोतवाली में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी आफरीन (22) कहीं गायब हो गई है। रविवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र के भूप खेड़ा गांव के पास सई नदी किनारे युवती का शव कुछ ग्रामीणों ने देखा जिसकी सूचना बछरावां पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाल कर पहचान कराई तो पता चला कि सुदौली गांव के रहने वाली आफरीन के रूप में पहचान की। पिता रियाज अहमद ने बताया कि उनकी बेटी किस कारण नदी में कूद कर आत्महत्या की है इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। इस बाबत कोतवाल राजीव सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का हुआ आयोजन

**गौरीगंज, अमेठी।** जनपद मुख्यालय में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जनपद में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों का इलाज किया गया जिसमें पुरुष, महिला, बच्चों को चिकित्सको ने इलाज किया। इसी क्रम में जनपद मुख्यालय के जेठू मवई पीएचसी पर डा. पीताम्बर कनौजिया ने 21 मरीजों का इलाज किया। , बताते चलें कि रविवार को जनपद के अस्पतालो मे ओपीडी के द्वारा मरीजों का इलाज किया जाता है।? इस मौके पर राजीव कुमार, अजय कुमार, साधना सिंह, सीमा शुक्ला, अखिलेश तिवारी, शिव प्रसाद सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## अर्धवार्षिक भंडारे का आयोजन

**संग्रामपुर।** टीकरमाफी स्थित श्रीमत परमहंस आश्रम में रविवार को अर्धवार्षिक यज्ञ के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर आश्रम की ओर से संस्कृत विद्यालय के छात्रों सहित श्रद्धालुओं को भोजन कराया गया।आश्रम के अध्यक्ष स्वामी हरिचैतन्य ब्रह्मचारी महाराज और सचिव स्वामी हर्षचैतन्य ब्रह्मचारी महाराज की देखरेख में छोटा यज्ञ और भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ। स्वामी हर्षचैतन्य ब्रह्मचारी महाराज ने बताया कि यह परंपरा लगभग 70 वर्षों से चली आ रही है उन्होंने बताया कि अर्धवार्षिक यज्ञ और भंडारे के बाद प्रत्येक वर्ष आश्रम में वार्षिक यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन भी होता है। इसमें क्षेत्र के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और कार्यक्रम को सफल बनाते हैं।

## गणेश प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

**मुसाफिरखाना अमेठी।** मुसाफिरखाना क्षेत्र के इसौली घाट पर शनिवार को देर रात्रि 10 गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। घाट पर उपस्थित सभी भक्तों ने गणेश आरती के पश्चात एक एक कर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया विसर्जन के समय सभी भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया के जयकारे भी लगाये। विसर्जन से पहले जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर व्यवस्थाएँ चाक चौबंद रही। जिससे विसर्जन के दौरान भक्तों को कोई असुविधा न हो। इस कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए उपनिरीक्षक रमेश यादव सिपाही कन्हैया यादव प्रधान प्रतिनिधि सुरेन्द्र यादव सहित गाँव के अन्य गणमान्य लोग देर रात्रि मौजूद रहे।

# अदिति सिंह ने महर्षि कश्यप स्वागत द्वार का किया लोकार्पण

### महर्षि कश्यप भारतीय संस्कृति और सभ्यता के एक महान प्रतीक हैं : अदिति सिंह



**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र के अकबरपुर कछवाह में आज एक भव्य समारोह के बीच सदर विधायक अदिति सिंह ने विधायक निधि से नवनिर्मित महर्षि कश्यप स्वागत द्वार का लोकार्पण किया। इस स्वागत द्वार का निर्माण क्षेत्र की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने के साथ-साथ स्थानीय समुदाय की पहचान को और मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है।

लोकार्पण समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में अदिति सिंह ने फीता काटकर और पूजा-अर्चना के साथ इस भव्य द्वार का उद्घाटन किया। यह स्वागत द्वार न केवल अकबरपुर कछवाह की शोभा बढ़ाएगा, बल्कि महर्षि कश्यप की महान परंपरा और उनके आदर्शों को भी जन-जन तक पहुँचाएगा।

महर्षि कश्यप की विरासत को सम्मान अदिति सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, महर्षि कश्यप भारतीय संस्कृति और सभ्यता के एक महान प्रतीक हैं। उनके नाम पर बना यह स्वागत द्वार हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने का एक प्रयास है। यह द्वार न केवल क्षेत्र की सुंदरता को बढ़ाएगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को हमारे गौरवशाली इतिहास और मूल्यों से जोड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि यह स्वागत द्वार स्थानीय लोगों के लिए गर्व का विषय है और यह क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। विधायक निधि के उपयोग से निर्मित इस परियोजना को स्थानीय समुदाय ने भी खूब सराहा।

# जनता का विश्वास व उनकी समस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधानसभा क्षेत्र के लालूपुर चैहान स्थित अपने निजी आवास पर आयोजित जनसुनवाई में क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों के साथ आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने जनता की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में क्षेत्रवासियों ने विभिन्न मुद्दों, जैसे सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाएं, और अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। अदिति सिंह ने प्रत्येक व्यक्ति की बात को गंभीरता से सुना और जनता की अपेक्षाओं को सर्वोपरि मानते हुए उनके विश्वास को कायम रखने का भरोसा दिलाया।

- सदर विधायक अदिति सिंह ने जनसुनवाई में सुनीं जनता की समस्याएं, अधिकारियों को दिये त्वरित समाधान के निर्देश

उन्होंने कहा, मेरे लिए जनता का विश्वास और उनकी समस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक समस्या का शीघ्र और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं।इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए स्पष्ट निर्देश दिए और यह सुनिश्चित करने को कहा कि जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

जनसुनवाई में उपस्थित नागरिकों ने सदर विधायक के इस प्रयास की सराहना की और उनकी सुलभता व संवेदनशीलता की प्रशंसा की।स्थानीय निवासी रामप्रकाश ने कहा, अदिति जी हमारी समस्याओं को न केवल सुनती हैं, बल्कि उनका समाधान भी जल्द से जल्द करवाती हैं। यह जनसुनवाई हमारी आवाज को बुलंद करने का एक शानदार मंच है। यह जनसुनवाई न केवल जनता और जनप्रतिनिधि के बीच संवाद का एक मजबूत माध्यम बनी, बल्कि क्षेत्र में विकास और समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुई। अदिति सिंह ने भविष्य में भी ऐसी जनसुनवाइयों को नियमित रूप से आयोजित करने का आश्वासन दिया, ताकि जनता की हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से हो सके। इस अवसर पर कई स्थानीय नेता, कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने विधायक के इस जनसंपर्क अभियान को सराहा और क्षेत्र के विकास में उनके योगदान की प्रशंसा की।

# पितरों को मोक्ष दिलाने गया धाम जा रहे लोगों को नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया सम्मानित



**बछरावां, रायबरेली।** पितृपक्ष में पूर्वजों को पिंडदान के लिए भादों यानी भाद्रपद का मास बहुत ही खास माना जाता है।दरअसल 15 दिवसीय पितृ पक्ष का आरंभ भाद्रपद की पूर्णिमा तिथि से शुरू होता है वहीं साथ ही इसका समापन आश्विन कृष्ण पक्ष की अमावस्या को होता है। इस वर्ष 7 सितंबर से आरंभ होकर 21 सितंबर तक है जिसके कारण अपने पितरों को मोक्ष दिलाने के लिए काफी संख्या क्षेत्र से लोग गया धाम की यात्रा पर जाते हैं।इसी क्रम में बछरावां क्षेत्र के जलालपुर से गिरजा शंकर चैधरी, पटेल नगर से सुमित मिश्रा, देवराज शुक्ला व उनके साथ उनके चचेरे भाई, नगर पंचायत निवासी अमर सिंह चैधरी, कन्नावा ग्राम सभा से शिवप्रसाद साहू व गुप्ता पेट्रोल पंप के सामने से दर्जनों लोग बछरावां से बस द्वारा गया धाम की यात्रा के लिए प्रस्थान करने वाले लोगों को बछरावां नगर पंचायत के विकास पुरुष, यशस्वी चेयरमैन शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने माल्यार्पण व सम्मान अर्पित कर विदा किया। आम जनमानस में मान्यता है कि पितृ पक्ष में लोग लोग सनातन धर्म की रीति रिवाज के अनुसार अपने पूर्वजों को पानी व पिंडदान भी देते हैं। इस मौके पर उनके साथ नारेंद कुमार, संजय चैधरी, मुन्ना व बृजेश कुमार मौजूद रहे।पितरों को मोक्ष दिलाने और जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति दिलाने के लिए किया जाने वाला पिंडदान व श्राद्ध कर्म है।यह गया धाम पवित्र स्थल पितरों को शांति प्रदान करता है और कहा जाता है कि यहां पिंडदान करने से 108 कुलों व सात पीढ़ियों का उद्धार होता है।गया को पितृ-मोक्ष का केंद्र माना जाता है, जहां भगवान विष्णु स्वयं पितृ देवता के रूप में विद्यमान हैं।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट, 11 घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट सभासद सहित 11 घायलों में पांच लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुटी। कस्बे के वार्ड नं छः रुद्र नगर निवासी सभासद राम कुमार यादव व अरुण कुमार यादव के बीच ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे को लेकर कई वर्षों से विवाद है।सुरक्षित जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किए जाने को लेकर सभासद राम कुमार यादव ने श 18 अगस्त को उपजिलाधिकारी व मुख्यमंत्री को लिखित शिकायती पत्र भेजकर अवैध कब्जा रोकने की शिकायत की थी।रविवार सुबह जमीन को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए।देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में जम कर लाठी डंडा , कुल्हाड़ी, फावड़ा से मार पीट हुई।एक पक्ष से सभासद राम कुमार यादव उनका बेटा ललित, व पत्नी शिवपती, व दूसरे पक्ष से अरुण कुमार उनकी पत्नी रचना, अभिलाष की पत्नी निशा, प्रिंशू यादव, हरिप्रसाद की पत्नी बबली, राम अभिलाष , हरी प्रसाद व लवलेश घायल हो गए।घायलों में ललित कुमार, शिवपती, रचना, राम अभिलाष व हरिप्रसाद की हालत गंभीर है। जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई है।दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल कराया गया है।तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## आखिरकार जिंदगी की जंग हारी नवजात बालिका

**बछरावां, रायबरेली।** बीते बृहस्पतिवार को जहां आर के चैधरी अस्पताल में चिकित्सकों की लापरवाही के कारण प्रसूता की मौत हुई व उसके बाद प्रसूता के पारिवारी जनों द्वारा हाई वोल्टेज ड्रामा व राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम किया गया।उस पूरे घटनाक्रम के बाद सफेद पोश लोगों द्वारा मामले को ले देकर रफा दफा कर दिया गया।प्रसूता के पति नारेंद्र ने बताया कि मेरी नवजात बालिका ठीक थी।आक्सीजन के बाहर निकाल देने पर भी स्वस्थ थी लेकिन पता नहीं कैसे इसका उपचार किया कि गत शनिवार को उसकी भी मौत हो गई। आए दिन भोले भाले दलित लोग मौत का शिकार हो रहे हैं।लेकिन मामले को रफा-दफा कर दिया जा रहा है क्या ऐसा करने पर लापरवाही पर पर्दा पड़ जाएगा या फिर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।प्रसूता की मौत की कीमत 4 लाख लगाकर 2 लाख कैश व 2 लाख की चेक मृतक का निशा के पति नरेंद्र को मौत के बदले दे दिया गया। वहीं यह भी बताया गया कि यह चेक 15 तारीख के बाद लगाना तब ही भुगतान हो पाएगा अब देखना यह है कि भुगतान होता कि नहीं होता है।

## प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने लकी कौशल को विश्व हिंदू रक्षा परिषद का प्रदेश सचिव किया मनोनीत

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी लकी कौशल को विश्व हिंदू रक्षा परिषद का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है।यह जिम्मेदारी विश्व हिंदू रक्षा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय के द्वारा उन्हें दी गई है। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गोपाल राय ने उन्हें प्रदेश सचिव बनाकर संगठन के हित में कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी है ।विश्व हिंदू रक्षा परिषद हिंदुओं का अग्रणी संगठन है।हिंदू धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा करना ही संगठन का मुख्य कार्य है, यह जानकारी देते हुए प्रदेश सचिव लकी कौशल ने बताया कि हिंदू बिरादरी के बीच लगातार काम करने के चलते उन्हें संगठन के द्वारा महत्वपूर्ण पद प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह हिंदू धर्म और हिंदू संस्कृति की रक्षा करने के लिए अभियान चला कर काम करेंगे।लकी कौशल के विश्व हिंदू रक्षा परिषद का प्रदेश सचिव बनने पर अनूप पांडे, पीके गुप्ता, डॉक्टर संजय कौशल ,रामबाबू गुप्ता ,पप्पू सिंह, राजू कोटेदार, रविंद्र सोनी, बच्चा पांडे, विवेक शर्मा, रोहित सोनी आदि ने प्रसन्नता जताई है।

## गैंगस्टर में वांछित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी ।** एसपी अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं एएसपी अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना जामो पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 287/25 धारा 2(ख)(1)(क)/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना गौरीगंज जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त अख्तर हुसैन उर्फ राजू पुत्र शौकत अली निवासी ग्राम संपतपुर मजरे गुवांवा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तारी के संबंध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर अपराधी है, जिसके विरुद्ध थाना गौरीगंज व जगदीशपुर पर चोरी, आर्म्स एक्ट, धोखधड़ी, गैंगेस्टर अधिनियम आदि विभिन्न धाराओं में कुल 14 अभियोग पंजीकृत है ।

# रोटरी क्लब ने आयोजित की डॉ. राधाकृष्णन मेमोरियल वाद-विवाद प्रतियोगिता



- स्टेला मॉरिस कान्वेंट ने जीती वैजयंती शील्ड

**सुलतानपुर।** रोटरी क्लब सुलतानपुर द्वारा 47वीं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन मेमोरियल वाद-विवाद प्रतियोगिता रविवार को होटल गार्डन व्यू में हुई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो रामजी त्रिपाठी, पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई।

छात्रों ने विषय क्षेत्रीय भाषा की अनिवार्यता संवैधानिक समानता के अधिकार पर खतरा और अलगाववाद की शुरूआत हैह्व पर रखे पक्ष-विपक्ष अपने में विचार। निर्णायक मंडल में संत बहादुर यादव (पूर्व प्रधानाचार्य जीआईसी), डॉ इंद्रजीत सिंह (भूगोल विभागाध्यक्ष, सल्तनत बहादुर पीजी कॉलेज, जौनपुर) और प्रो डॉ संतोष पांडेय (विभागाध्यक्ष संस्कृत, एमडी पीजी कॉलेज, प्रतापगढ़) शामिल रहे। पक्ष में विजेताः प्रथम कृतिका त्रिपाठी (स्टेला मॉरिस), द्वितीयझ्र श्रेया (राधा रानी कुंवर कृष्ण इंटर कॉलेज), तृतीय संख्या पांडेय रही (केएनआईसीई करौंदिया रही। विपक्ष में विजेता प्रथम मानवी श्रीवास्तव (स्टेला मॉरिस), द्वितीयझ्र खुशी (राधा रानी कुंवर कृष्ण इंटर कॉलेज), तृतीय शुचि मिश्रा (महर्षि विद्या मंदिर) रही।कार्यक्रम में आदर्श शिक्षक सम्मान से डॉ दीपा द्विवेदी, रणंजय सिंह, केशव प्रसाद सिंह, सुषमा एवं विमल कुमार शुक्ला को अंगवस्त्र व नेशन बिल्डर अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।अध्यापिका शशि मिश्रा ने पिकौरां में तैनात सहायक अध्यापिका सुषमा को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन नीरव पांडेय ने किया। अध्यक्ष रोटेरियन अखिल अग्रवाल, सचिव डॉ अभिषेक पांडेय,संजय केशवानी, रोटेरियन सागर ति एफसीवारी मीडिया प्रभारी,समेत क्लब के कई सदस्य उपस्थित रहे।

# आल्हा की वीर गाथा सुन फड़क उठीं भुजाएं



- माथे तिलक, बगल में डोले भाला ढाल लहू से बोले

जिला संवाददाता (vol)

**गोसाईगंज, सुल्तानपुर।** रविवार इंटर कालेज नटौली के प्रांगण में आल्हा गायक अनिल तिवारी ने श्रोताओं को वीरता की गाथाओं से सराबोर कर दिया ढोल मंजीरे की ताल पर जब गायक अनिल तिवारी व उनके साथियों ने आल्हा ऊदल की वीर गाथा, नैनागढ़ की लड़ाई छेड़ी तो मौजूद श्रोताओं की तालियों से परिसर गूंज उठा।

वीर रस में डूबे गायन ने बुजुर्गो को जहां पुरानी यादों से जोड़ा वही युवाओं ने भी इसे बड़े चाव से सुना। गायक ने महाबली आल्हा ऊदल आदि की गाथाओं को इतनी जोशीली आवाज में सुनाया कि सभी झूम उठे। वही आयोजन समिति के सदस्य हंसराज यादव ने बताया कि आल्हा गायन हमारी परम्परा और संस्कृति की पहचान है। इसे जीवित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। अंत में लोगों ने विलुप्त हो रही पारंपरिक लोक कला को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजनों की सराहना की। आल्हा गायन सुनने के लिए गांव के अलावा आसपास के क्षेत्रों से भी भारी संख्या में लोग पहुंचे।इस अवसर पर मोहन श्याम तिवारी, वंशीलाल वर्मा, मनोज यादव, अशोक वर्मा, दिनेश सिंह, शोभनाथ तिवारी, पुष्पेन्द्र तिवारी, राम विलास तिवारी, राम मूरत तिवारी, कौशल किशोर तिवारी, कृष्णानंद पाठक,मनोज तिवारी, हरिश्चंद्र पांडे, अशोक सिंह,अजीत यादव ओम प्रकाश वर्मा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# एमजीएस इंटर कॉलेज के 17 खिलाड़ियों का फुटबाल प्रतियोगिता के लिए चयन

जिला संवाददाता (vol)

**सुल्तानपुर ।** अयोध्या में हुई मंडल स्तरीय माध्यमिक विद्यालय छात्र-छात्रा फुटबॉल प्रतियोगिता के आधार पर अच्छे प्रदर्शन के आधार पर एमजीएस इंटर कॉलेज के नो छात्र और आठ छात्राओं का प्रदेश स्तरीय ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है प्रदेश स्तर प्रतियोगिता 12 सितंबर से 16 सितंबर तक गाजीपुर में संपन्न होगी सभी खिलाड़ी टीम कोच एमजीएस इंटर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता राजेश कुमार कनौजिया के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने जाएंगे।

- 12 से 16 सितंबर तक गाजीपुर में संपन्न होगी प्रतियोगिता

चयनित खिलाड़ियों के नाम आदित्य यादव, आदर्श ,युवराज, विजय, हिमांशु मौर्य ,प्रवीण कुमार, सुधीर सोनी ,आदर्श गौड़, वैष्णवी, प्रियांशी पाल ,खुशी मौर्य, सुकृति, गरिमा सिंह, जिकरा फातिमा, राधिका कश्यप, मुस्कान मौर्य, उक्त सभी खिलाड़ी फुटबॉल खेल की बारीकियां राजेश कुमार और पंत स्टेडियम के कोच आशुतोष गुप्ता की देखरेख में नियमित प्रशिक्षण ले कर सीख रहे हैं।खिलाड़ियों के चयन होने पर विद्यालय अध्यक्ष संजय सिंह, मैनेजर डॉ विनोद सिंह, प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह, प्रोफेसर डॉ प्रवीण कुमार सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर, दिलीप सिंह कीड़ा सचिव, वालीबाल संघ के कोषाध्यक्ष मुनेंद्र मिश्रा, फुटबॉल सचिव एम एस बेग, सुरेश यादव, प्रदीप मौर्या, दीपक सिंह, अन्य खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई दिया।

# किसानों की समस्याओं और बेरोजगारी पर समाजवादी पार्टी ने किया मंथन



**अमेठी।** गौरीगंज मुख्यालय स्थित सपा कार्यालय पर रविवार, 7 सितंबर 2025 को मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की। बैठक में कार्यकर्ताओं ने जिले में यूरिया की भारी कमी को किसानों की सबसे गंभीर समस्या बताया। उनका कहना था कि बाढ़ जैसी स्थिति से किसान पहले ही बेहाल हैं, लेकिन प्रशासन मदद करने के बजाय मूकदर्शक बना हुआ है। आरोप लगाया गया कि चारों तरफ उड़ रहे ड्रोन केवल बीजेपी की चाल हैं, जिनका मकसद जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाना है। बैठक में नेताओं ने प्रदेश में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को सबसे बड़ा संकट करार दिया। उन्होंने कहा कि नौजवान लगातार भटक रहे हैं लेकिन सरकार केवल प्रचार-प्रसार में व्यस्त है। बैठक में आने वाले पंचायत चुनाव को लेकर संगठनात्मक रणनीति पर भी चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि किसान आज सबसे बड़े संकट से जूझ रहा है। यूरिया की किल्लत और बाढ़ से फसलें बर्बाद हो रही हैं, लेकिन सरकार किसानों की समस्याओं से मुंह मोड़ चुकी है। पार्टी प्रवक्ता राजेश मिश्र ने कहा कि बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा और सरकार ड्रोन व जुमलों से ध्यान भटकाने में लगी है। महामंत्री अरशद अहमद ने कहा कि पंचायत चुनाव में जनता बीजेपी को करारा जवाब देगी। सपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनसमस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करेंगे। बैठक में चंद्रशेखर यादव, श्रीराम बौरासी, अवधेश मिश्रा, धर्मराज, जगन्नाथ सरोज, वसीम अहमद, भवानी साहू, दीपू तिवारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की हुई मासिक बैठक

**तिलोई-अमेठी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिंहपुर के अध्यक्ष चन्द्र मोहन तिवारी की अगुवाई में भीखीपुर कस्बे में कांग्रेस पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिस कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा तिलोई प्रभारी सर्वेश सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधानसभा तिलोई प्रभारी सर्वेश सिंह ने कहा कि वर्तमान में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले।अट्ठारह वर्ष आयु के हो चुके सभी लोंगो को मतदाता सूची में शामिल कराये और जो भी त्रुटियां हो उन्हें समय रहते दुरुस्त करवा ले। तिलोई प्रभारी सर्वेश सिंह ने कहा कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्तागण कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत विकास खंड सिंहपुर के समस्त ग्राम पंचायतों में पार्टी में सक्रिय लोंगो की हर बूथ पर एक कमेटी तैयार कर ले।जिससे समय आने पर मजबूती के साथ चुनाव लड़ा जा सके।मासिक बैठक में उपस्थित हुए सभी गणमान्यों का कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष चन्द्र मोहन तिवारी ने आभार ज्ञापित किया।इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चौधरी वहाज अख्तर, महबूब खां बुगगी,मोङ्क लतीफ,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष वकार अहमद,मंडल अध्यक्ष हरिनाम सिंह,कमाल अहमद,शैलेश मौर्या,देवेन्द्र शुक्ला,विनय सरोज, राजकुमार शुक्ला,वकार अहमद, शोएब,रवि बाजपेयी,मुमताज आदि उपस्थित रहे।

# संकट के बीच शिक्षक एकजुटः पीएम को ज्ञापन भेज संघर्ष तेज करने का निर्णय

**सुल्तानपुर ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की आपात बैठक प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में शिक्षक भवन, लखनऊ में संपन्न हुई। अध्यक्ष डॉ. शर्मा ने बताया कि यह समय केवल सतर्कता और सावधानी का नहीं, बल्कि कानूनी लड़ाई के साथ-साथ सशक्त संघर्ष का भी है।प्रदेश में शिक्षकों के अस्तित्व पर जिस तरह से संकट मंडरा रहा है, वैसी लड़ाई पहले कभी नहीं देखी गई। उन्होंने सभी शिक्षकों से तन मन धन से जुटने का आह्वान करते हुए संगठित होकर संघर्ष को न्यायालय से लेकर सड़क तक ले जाने का संकल्प दिलाया।

कार्य समिति के निर्णय अनुसार, सभी जनपद के अध्यक्ष / मंत्री 11 सितंबर तक शिक्षकों की सूची प्रदेश कार्यालय को उपलब्ध कराएँगे।साथ ही 16 सितंबर को प्रधान मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा। यह ज्ञापन कार्यक्रम सरकार को स्पष्ट संदेश देने के साथ-साथ समस्त शिक्षक समुदाय की एकजुटता का प्रतीक भी बनेगा। इसमें किसी भी दशा में शिथिलता बरतने की अनुमति नहीं होगी।प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़, झारखंड, राजस्थान और दिल्ली जैसे कई राज्यों के शिक्षक भी इस संघर्ष में साथ देने के लिए तत्पर हैं।उन्होंने जोर देकर कहा कि समय कम है और सक्रियता अधिक दिखानी होगी।प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि जिला अध्यक्ष दिलीप पांडेय के निर्देशानुसार, जनपद सुल्तानपुर के सभी शिक्षक 16 सितंबर, समय 2 बजे तिकोनिया पार्क में भारी संख्या में एकत्रित होकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित करेंगे। यह संघर्ष समस्त शिक्षक समुदाय का दृढ़ संकल्प बनकर इतिहास में दर्ज होगा।

# पार्टी कार्यकर्ता भाजपा की पूंजी है : धर्मपाल सिंह

जिला संवाददाता (vol)



**रायबरेली।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को मंडल अध्यक्षों तथा शक्तिकेन्द्र संयोजकों के साथ बैठक कर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों, कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों के संदर्भ में विस्तार पूर्वक चर्चा की। श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले अभियानों और कार्यक्रमों को आमजमानस के बीच पहुंचाने में मंडल इकाई की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। मंडल स्तर पर सशक्त संगठन के माध्यम से पार्टी की विचारधारा, कार्यक्रम और अभियान जमीनी स्तर पर जीवंत रूप लेते है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव के लिए हमें अभी से संगठन की योजनानुसार अपनी तैयारियां पूर्ण करनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा से जुड़ने वाले नए लोगों को जो अभी पार्टी के प्राथमिक सदस्य है ,उन्हें भी विभिन्न प्रकार के संगठनात्मक कार्यों में उनकी क्षमता के अनुसार सक्रिय कर अभियानों और कार्यक्रमों से जोड़ने का काम करना चाहिए। उन्होंने कहा पार्टी कार्यकर्ता भाजपा की पूंजी है। उन्होंने कहा बीएलए-2 के पास मतदाता सूची होनी चाहिए और मतदाता सूची की पूरी मैपिंग भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही बूथ समिति के पास बूथ के एक-एक मतदाता की पूरी जानकारी भी होना चाहिए। बूथ पर केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा ऐतिहासिक निर्णयों के आमजन से चर्चा कर सरकार के लोककल्याणकारी कार्यों के बारे में बताना चाहिए।

श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि सक्रिय बूथ इकाई चुनाव में जीत की गारंटी है। इसीलिए सभी को बूथ जीता चुनाव जीता को लक्ष्य बनकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा बूथ स्तर पर सभी महापुरूषों की जयंती मनाई जाए तथा स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों से जोड़ा जाए। बूथ पर निवास करने वाले प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल के सभी पदाधिकारियों, मोर्चा पदाधिकारियों को भी नियमित कार्यक्रमों से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सक्रिय बूथ के लिए मंडल अध्यक्ष व शक्तिकेन्द्र संयोजकों को अधिक सक्रिय होना पड़ेगा। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी ने की। बैठक में जनप्रतिनिधियों में प्रमुख रूप से राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चैधरी, सदर विधायक अदिति सिंह, ऊंचाहार विधायक मनोज कुमार पांडेय, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह, पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, रामलाल अकेला, पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील शर्मा, आरबी सिंह, रामदेव पाल उपस्थित रहे।

संक्षेप

## सर्पदंश से दस दिन में ससुर-बहू की मौत

**मथुरा।** बरसाना क्षेत्र के एक गांव में दस दिन के अंदर एक ही परिवार में सांप के काटने से दो लोगों मौत ने सनसनी फैला दी है। गांव में लोग इसे किसी अशुभ संकेत के रूप में देख रहे हैं, वहीं परिवारीजन शोक में डूबे हुए हैं। मामला पेलखु गांव का है। परिजनों ने बताया कि विष्णु की 24 वर्षीय पत्नी प्रीति खेत में काम कर रही थी, तभी अचानक उसे सांप ने काट लिया। घटना दो रोज पूर्व शाम करीब साढ़े तीन-चार बजे के बीच हुई। परिजनों ने पहले बायगीरों से उसका इलाज कराया, वहीं हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल भी ले जाया गया। ससुर रामलाल की भी इसी तरह मौत हो चुकी है। गत 28 अगस्त को खेत में काम करते समय सांप ने उन्हें काट लिया था। झाड़-फूंक और इलाज के प्रयासों के बावजूद उनकी भी जान नहीं बच पाई थी। परिवार अभी इस सदमे से उबर भी नहीं पाये थे कि दस दिन के परिवार में सर्पदंश से यह दूसरी मौत हो गयी। रामलाल की तेरहवीं संस्कार भी नहीं हो पायी थी कि इस घटना में बहू की भी जान चली गयी। पूरे गांव में दहशत और अजीब-सी बेचैनी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में गांव के आसपास झाड़ियों और खेतों में सांपों की संख्या बढ़ जाती है। लेकिन एक ही घर के दो लोगों की सांप के काटने से मौत ने सभी को हैरान कर दिया है।

## अगली कक्षा में प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं ने काटा हंगामा

**मथुरा।** श्री बृज बिहारी महाविद्यालय कोसीकलां में अध्ययनरत एवं अन्य छात्र छात्राओं को बीकॉम में प्रवेश न दिए जाने और फीस न लिए जाने के विरोध में छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंध समिति के खिलाफ जमकर हंगामा किया और कोई आश्वासन न मिलने पर सभी छात्र-छात्राऐं थाना पहुंचे और थाना पुलिस से न्याय की गुहार लगायी। कोसी नगर के नंदगांव रोड स्थित श्री बृज बिहारी महाविद्यालय में रविवार को स्नातक द्वितीय वर्ष व तृतीय वर्ष के अध्ययनरत करीब 80 छात्र छात्राओं को महाविद्यालय के प्राचार्य ने द्वितीय वर्ष व तृतीय वर्ष यानि अगली कक्षा में प्रवेश देने से इंकार कर दिया और प्रबंध समिति के पदाधिकारियों के पाले में गेंद डालते हुए उनसे मिलने को कहा। छात्र-छात्राओं ने प्रबंध समिति के पदाधिकारियो से बार्ता की बावजूद इसके उन्हें कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। भविष्य को अंधकार में जाता देख क्षुब्ध छात्र छात्राएं आक्रोशित हो गए और प्राचार्य एवं प्रबंध समिति के खिलाफ हंगामा करने लगे और नारेबाजी करते हुए थाना पहुंचे और पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगायी।

## जलभराव से लोग परेशान

**कोसीकलां।** वार्ड संख्या 2 की बैंक कॉलोनी में पिछले दो माह से हो रहे जलभराव की समस्या से लोगों का जीना दूभर हो गया है। जगह-जगह पानी इक्टठा होने की बजह से कालोनी के लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना वहीं बच्चे विद्यालय नहीं जा पा रहे और मच्छरों के प्रकोप से संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। कालोनी वासियों का कहना है कि कॉलोनी में वार्ड 1 के लक्ष्मी नारायण वाल्मीकि, वार्ड 2, के विष्णु सैनी तथा वार्ड 12 के धर्मेंद्र सैनी तथा मनोनीत पूर्व सभासद छोटेलाल सैनी के घर स्थित हैं। बावजूद इसके नगर पालिका परिषद द्वारा जल निकासी पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

# यमुना के जलस्तर में जबर्दस्त बढ़ोतरी

## स्वामीघाट और असकुण्डा के ट्रांसफार्मर तक पानी, कई घर डूबे



- विश्रामघाट से बंगालीघाट तक सड़कों पर पहुंचा यमुना का पानी, संपर्क टूटा सदर बाजार की सड़कों तक आया यमुना का पानी

**मथुरा।** यमुना के जलस्तर में शनिवार से रविवार तक जबरदस्त बढोतरी हुयी है। शहर के घाट किनारा क्षेत्र सहित सदर क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। मथुरा वृन्दावन में हालात बेकाबू हो रहे हैं। लगातार बढ़ रहे जलस्तर से यमुना से सटे निचले इलाके डूब गए हैं। जमुनापार के कई इलाकों में पानी घुस जाने से लोगों को भारी नुकसान हुआ है। लोग घरों को खाली करने में लगे हुये हैं। शहरी क्षेत्र की बात करें तो यहां विश्राम घाट से लेकर बंगाली घाट तक का संपर्क टूट चुका है। पूरे रास्ते पर पानी भरा हुआ है। कई-कई जगह घुटनों तक पानी है तो कई जगह उससे थोड़ा कम। आज यमुना का जलस्तर बढ़ने से बाढ का पानी सदर बाजार क्षेत्र में घुस गया। जगह-जगह यमुना का पानी सड़कों पर देखा गया जिससे व्यापारियों ने दुकानें बंद कर दीं। राहगीरों को रास्ता निकलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आज सुबह यमुना खतरे के निशान से 1.45 मीटर ऊपर बह रही थी। जलस्तर लगातार बढ़ने के चलते प्रशासन और विद्युत विभाग द्वारा संभावित खतरे को देखते हुए यमुना किनारे बसे कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बंद कर दी। इनमें द्वारिकाधीश क्षेत्र से सटे घनी बस्ती वाले कुआं गली, मानिक चैक इलाके शामिल थे। लाइट न होने से लोगों को उमस भरी गर्मी गर्मी का सामना करना पड़ा बल्कि पेयजल आपूर्ति भी ठप हो गई है। कल देर रात स्थानीय लोग असकुण्डा चैराहे पर एकत्रित हुये और विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हये प्रदर्शन किया। लोगों का कहना था कि विद्युत विभाग को बाढ की स्थिति का आंकलन है तो उसे पहले से इसका कोई स्थायी समाधान करना चाहिये। लेकिन विभाग द्वारा लोगों को गर्मी में मरने के लिये छोड़ दिया गया। उनका कहना था कि विभाग बाढ़ जैसी स्थिति में अस्थाई व्यवस्था भी बंद कर चुका है। पहले बाढ़ के समय अस्थाई ट्रांसफार्मर के जरिए बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाती थी, जिससे लोगों को कुछ राहत मिल जाती थी, लेकिन अब वह सुविधा भी नहीं मिल रही है। लोगों के आक्रोश और प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और लोगों को समझा बुझाकर शांत किया।

## बाढ़ से मंदिर में 3 फीट पानी भरा

**आगरा।** यमुना का जलस्तर खतरे के स्तर को पार कर गया है। 20 कॉलोनियों के लोग जहां बाढ़ की आशंका बनी हुई है। 500 लोग अब तक पलायन कर चुके हैं। वहीं, कैलाश गांव में पानी भर गया। गांव की बिजली काट दी गई है। यहां से 20 परिवार पलायन कर गए हैं। गांव में 3 से 5 फीट तक पानी भर गया है। घर जलमग्न हो गए हैं। इस बीच कैलाश मंदिर के गर्भ गृह भी पानी भर गया है। श्रद्धालु घुटनों तक पानी में खड़े होकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। शनिवार सुबह यमुना का जलस्तर 498.91 फीट था, जबकि रविवार सुबह बढ़कर 499.11 फीट हो गया। दिल्ली के ओखला बैराज से दो लाख क्यूसेक व गोकुल बैराज से रविवार सुबह 1.5 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। यह पानी आगरा की ओर बढ़ रहा था। अनुमान है कि रविवार शाम तक यमुना 500 फीट के स्तर को पार कर जाएगी। ऐसा होने पर तटवर्ती इलाकों में तबाही हो सकती है। बता दें कि यमुना का लो फ्लड लेवल 495 फीट, खतरे का निशान 499 फीट और हाई फ्लड लेवल 557 फीट है। 1978 में हाई फ्लड लेवल तक पहुंचने से आगरा में बाढ़ आ गई थी। यमुना किनारे के गांवों में पानी घुसने लगा है। कैलाश गांव में पानी भर चुका है। वहीं मनोहरपुर, यमुना से सटे दयालबाग के रिहायशी इलाके और घाट, बटेश्वर में मंदिर श्रृंखला तक पानी घुस चुका है। ताजमहल के पीछे एडीए के प्वाइंट तक पानी भर गया है। ताज के पीछे महताब बाग में दो फुट तक पानी भर गया है। गांव में पानी भरने के बाद अधिकांश लोग घरों से पलायन कर गए हैं। बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में जो रह गए हैं, वह भी अपना सामान पैक करके जा रहे हैं। कुछ लोगों ने छतों पर डेरा डाल दिया है। रसोई में पानी भर जाने के कारण घरों में खाना नहीं बन पा रहा। ऐसे में बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में जो लोग बचे हैं, उन्हें कुछ लोग खाना पहुंचा रहे हैं। प्रशासन ने अपील की है कि नगर निगम द्वारा नदी के किनारे गणेश विसर्जन के लिए बनाए गए कुंड में विसर्जन करें। बच्चों को नदी के पानी में नहाने से रोका जाए। भीड़-भाड़ में बच्चों का ध्यान रखें। बच्चे, महिला एवं बुजुर्ग पानी के किनारे न जाएं। जरूरी कागजात जैसे राशन कार्ड, पासबुक, आधार कार्ड को वॉटरप्रूफ बैग में रखें। सूखे अनाज और मवेशियों के चारे को ऊंचे स्थान पर सुरक्षित रखें। बाढ़ की चेतावनी मिलते ही गर्भवती महिलाओं, बच्चों, वृद्ध, दिव्यांगजन व बीमार व्यक्तियों को तुरन्त तहसीलों द्वारा स्थापित बाढ़ शरणालयों में पहुंचाएं। अपने घर पर बिजली का मुख्य स्विच और गैस के रेगुलेटर को बन्द रखें। दयालबाग से लेकर एत्मादउद्दौला क्षेत्र तक करीब डेढ़ दर्जन कॉलोनियां इस समय बाढ़ के खतरे में हैं। मनोहरपुर में यमुना से 200 मीटर दूर स्थित मकानों तक बाढ़ का पानी पहुंच गया है।

- यमुना का जलस्तर खतरे से 4 फीट ऊपर पहुंचा

# पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सुनीं जन समस्याएं



**फिरोजाबाद।** जनपद के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने हेतु पर्यटन एवम संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अपने आवास स्थित कैम्प कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया, एक गार्जियन एवं नेतृत्व कर्ता के रूप में पर्यटन मंत्री ने नागरिकों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक न केवल सुना बल्कि इन समस्याओं में से कुछ का त्वरित समाधान भी किया, साथ ही कुछ समस्याओं का निराकरण करने का शीघ्र आश्वासन दिया। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं से रूबरू होते हुए उन्होंने उन समस्याओं से संबंधित अधिकारियों से टेलिफोनिक वार्ता कर उन्हें शीघ्र दूर करने हेतु उन्हें निर्देशित किया। मंत्री जी के समक्ष मुख्य रूप से कानून भूमि अधिग्रहण, आवास पेंशन जैसे अनेक समस्याएं उनके समक्ष आयीं अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए नागरिकों के चेहरों पर खुशी और उल्लास देखने को मिला जब उनकी समस्याओं का समाधान उन्हें त्वरित मिला।

## 748 ग्राम गांजा के साथ 1 अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना बसई मौहम्मदपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को 748 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। रविवार को थाना बसई मौहम्मदपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर नगला उदी तिराहे के पास से एक अभियुक्त खुशीलाल पुत्र बाबूराम को 748 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना बसई मौहम्मदपुर पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की है।

## शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन पर महानंदा एक्सप्रेस के ठहराव पर खुशी जतायी

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन पर महानंदा एक्सप्रेस के ठहराव पर क्षेत्रीय लोगों ने खुशी जताई है। रविवार को शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन पर महानंदा एक्सप्रेस के 11 बजकर 53 मिनट बजे पहुंचने पर रेल यात्री वेलफेयर सोसाइटी मैनपुरी के जिला अध्यक्ष अमन वर्मा एवं सामाजिक कार्यकर्ता मान सिंह यादव के नेतृत्व में क्षेत्रीय लोगों ने लोको पायलटों को पट्टिका पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। तथा उनका मिष्ठान के साथ मुंह मीठा कराया। उपरोक्त दोनों लोगों ने कहा कि हमारे क्षेत्र की लंबे समय से इस ट्रेन के ठहराव की मांग पूरी हुई है और हमारे लिए यह बहुत ही खुशी का क्षण है। इसके लिए हम जोनल रेलवे सलाहकार समिति, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम के आभारी हैं कि उनके प्रयास से इस ट्रेन का ठहराव संभव हो सका। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से श्री सुरेंद्र सिंह, अभिषेक, भूपेंद्र सोलंकी, मनोज यादव, विजेंद्र सिंह यादव विकास एवं मुन्नालाल उपस्थित रहे।

## अनअकैडमी सेंटर संचालक 7 करोड़ फीस लेकर फरार, 500 से अधिक छात्र परेशान

**आगरा।** भगवान टॉकीज स्थित अनअकैडमी सेंटर (जो नीट, जेईई और फाउंडेशन बैच की तैयारी कराता था) का प्रबंधन 500 से अधिक छात्रों की सात करोड़ से अधिक की फीस लेकर फरार हो गया। जेईई ड्रापर छात्र प्रांजल और जैनव यादव समेत कई छात्र परेशान हैं। आंचल का यह आखिरी प्रयास है, उसने 60,000 रुपये दिए। सेंटर प्रबंधन ने तीन दिन से डीएम के आदेश बताकर स्टूडेंट्स की छुट्टी कर रखी थी। शनिवार को काउंसलर पुनीत ने छात्रों से कहा कि सेंटर दूसरी कोचिंग में मर्ज हो रहा है। जिसके बाद छात्रों ने स्वजन के साथ फीस वापस करने की बात कही तो हंगामा शुरू हो गया। जितेंद्र, गौरव, सुमित महाजन, सिद्धार्थ मेहता ने अप्रैल 2025 में पार्टनरशिप में कोचिंग खोली थी। शिक्षकों की सैलरी नहीं दी गई, फिजिक्स शिक्षक ऋषभ ने छात्रों के साथ मारपीट भी की। राष्ट्रीय छात्र परिषद के रौनक ठाकुर ने छात्र हित में बात कही, 'छात्रों की नहीं सुनी जाती तो धरना होगा, जिलाधिकारी जिम्मेदार होंगे। छात्रों की फीस वापस हो।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र सौंपे




**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उप्र अधीनस्थ चयन आयोग द्वारा 2025 में घोषित अंतिम परिणाम में चयनित 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस संपूर्ण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सभी 75 जनपदों में देखा गया जनपद फिरोजाबाद में जनप्रतिनिधियों और जनपद स्तरीय अधिकारियों के समक्ष मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए नियुक्ति पत्र के साथ-साथ जनपद के चार नवनियुक्त अनुदेशकों को भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के हाथों एन आई सी सभागार कक्ष में मानसी पाल नीरज कुमार शर्मा अंकित सचिन कुमार को नियुक्ति पत्र सौंपे गए, सभी नवनियुक्त अनुसेवकों के चेहरों पर प्रसन्नता परिलक्षित हो रही थी, सभी नव चयनित अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए पारदर्शी प्रक्रिया से हुई, इन नियुक्तियों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया, इस अवसर पर प्रधानाचार्य आईटीआई हेमलता यादव आनंदपुर जारखी एनआई सी से अंकित कुमार तथा सूचना विभाग के प्रधान सहायक दिलशाद अहमद आदि उपस्थित रहे।

## महिलाओं को चाकू की नोक पर बंधक बनाया फिर नकदी और आभषूण ले गये बदमाश

**आगरा।** घर में घुसे बदमाशों ने चाकू मारने की धमकी देकर महिलाओं को डराया। इसके बाद उनको पकड़कर चारपाई से रस्सी से बांध दिया। इसके बाद नकदी और जेवरात ले गए। किरावली थाना क्षेत्र के सरसा गांव में बृहस्पतिवार की रात बदमाशों ने एक घर में दो महिलाओं को चाकू दिखाकर बंधक बनाकर लूटपाट की। महिलाओं को चारपाई से बांध दिया। इसके बाद बदमाश घर से 50 हजार रुपये और लाखों रुपये के गहने ले गए। वहीं पुलिस लूट की घटना को संदिग्ध बता रही है। पीड़ित वीरी सिंह ने पुलिस को बताया कि घर की दीवार फांदकर उनके घर पांच बदमाश घुसे थे। घर के बरामदे मे सो रही पत्नी सुमन और मां ओमवती की नींद बदमाशों के कूदने की आवाज से टूट गई। उन्होंने घर में घुसे बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की। तभी एक बदमाश ने चाकू मारने की धमकी देकर उन्हें डराया। इसके बाद उनको पकड़कर चारपाई से रस्सी से बांध दिया। बदमाश करीब दो घंटे घर में लूटपाट करते रहे। इस दौरान आलमारी से 50 हजार रुपये और लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहने उठा ले गए। पीड़ित का आरोप है कि बदमाश घर से करीब 5 लाख रुपये के गहने ले गए हैं। बदमाशों के जाने के बाद शोर सुनकर आसपास के लोग जुट गए। सूचना देने के करीब एक घंटे बाद पुलिस पहुंची। पुलिस ने बदमाशों की खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। थाना प्रभारी किरावली ने बताया कि तहरीर मिली है। लूट नहीं चोरी की घटना हुई है। महिलाओं का बंधक बनाने का आरोप भी झूठा प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

## लैपटॉप से खुलेगा दवा माफिया राज

**आगरा।** नकली दवा सिंडिकेट में 12 राज्यों के दवा माफिया का गठजोड़ अभी सामने आया नहीं है। हे मां मेडिको के लैपटॉप में दर्ज दवाओं के खरीद बिक्री के रिकॉर्ड में नकली दवा बेचने वालों का काला चिट्ठा है। छापे के दौरान जीएसटी की टीम ने लैपटॉप सील कर दिया था, औषधि विभाग की टीम ने कोर्ट से अनुमति लेकर लैपटॉप का रिकॉर्ड खंगालेगी, पिछले डेढ़ वर्ष में हे मां मेडिको से दवाएं खरीदने वालों को नोटिस देकर आगे जांच की जाएगी। औषधि विभाग और एसटीएफ की टीम ने 22 अगस्त को हे मां मेडिको और बंसल मेडिकल एजेंसी पर छापा मारा गया था। हे मां मेडिको के संचालक हिमांशु अग्रवाल को 23 अगस्त को एक करोड़ की रिश्वत के साथ पकड़ लिया था। टीम ने 2. 20 करोड़ की दवाएं जब्त की थीं और 14 नमूने लिए थे। हे मां मेडिको के गोदाम में 60 लाख की दवाएं थी और उसके स्वजन दीपक सिंघल के नाम से संचालित श्री राधे मेडिकल एजेंसी, मोती कटरा में 10 करोड़ की दवाएं सील की गईं थी। इन दोनों फर्मों से उत्तर प्रदेश के साथ ही बिहार, दिल्ली, राजस्थान सहित 12 राज्यों में दवाओं की बिक्री की जा रही थी। जिस लैपटॉप में दवाओं की खरीद बिक्री का रिकॉर्ड दर्ज था उसे जीएसटी की टीम ने छापे के दौरान जांत करते समय सील कर दिया था। बंसल और उसकी सहयोगी फर्म द्वारा जिन दवा कारोबारियों को बिक्री की गई उन्हें नोटिस दिया गया है। वहीं, हे मां मेडिको के लैपटॉप को कोर्ट से अनुमति लेकर सील खोलकर जांच की जाएगी। खरीद बिक्री के रिकॉर्ड देखे जाएंगे। इससे पता चल सकेगा कि पिछले एक से दो वर्ष में हे मां मेडिको से कहां कहां दवाओं की बिक्री की गई। नकली दवा बिक्री करने में कौन कौन शामिल है यह भी पता चल सकेगा। 10 फर्मों की चल रही जांच में हे मां मेडिको, मोती कटरा, आगरा, संचालक संजय बंसल। श्री राधे मेडिकल एजेंसी, मोती कटरा, आगरा संचालक दिलीप सिंघल। बंसल मेडिकल एजेंसी, गोगिया मार्केट संचालक संजय बंसल। एमएसवी मेडि प्वाइंट, हास्पिटल रोड, आगरा संचालक सोहित बंसल। ताज मेडिको, मुबारक महल, आगरा, संचालक मुकेश बंसल। न्यू बाबा फार्मा, लखनऊ, संचालक विक्की कुमार। पार्वती ट्रेडर्स, लखनऊ, संचालक, सुभाष कुमार। श्री अमान फार्मा, पुडुचेरी, संचालक ए राजा। मीनाक्षी फार्मा, पुडुचेरी, एके राना। परम हाउस, पुडुचेरी, ए राजा।

# ॐ के उच्चारण संग श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भस्थल पर मंदिर निर्माण का प्रस्ताव पारित




**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद के हिंदू पक्षकार श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने रविवार भारत रक्षा मंच के तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर तोड़ करके मूल गर्भगृह पर बनाई गई मस्जिद को हटाकर वहां पुनः मंदिर निर्माण कराने का प्रस्ताव रखा। संगठन की राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ की मंत्री बीना गोगरी ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

देशभर से आए पदाधिकारियों ने दोनों हाथ उठाकर ॐ का उच्चारण करते भगवान श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भ गृह पर मंदिर निर्माण के प्रस्ताव को पारित कर दिया। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह सांगले ने भी आश्वस्त किया कि वह इस लड़ाई में न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह के साथ हैं। साथ ही ह्यकृष्ण लला हम आएंगे और मंदिर वहीं बनाएंगे का नारा भी दिया और आ गए हैं अवध बिहारी और अब आएंगे कृष्ण मुरारी के जयघोष से सभागार गुंजायमान हो उठा। आगरा स्थित गुरु का ताल गुरुद्वारा के सभागार में भारत रक्षा मंच के तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का आज अंतिम दिन था। सत्र आरंभ होने से पहले श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने भारत रक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक सूर्यकांत केलकर से मुलाकात की। करीब 20- 25 मिनट की वार्ता का मुख्य विषय श्रीकृष्ण जन्मभूमि को कब्जा मुक्त करवाकर वहां मंदिर निर्माण का रहा। हिंदुओं को जागरूक किए जाने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। स्श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने भगवान श्री कृष्ण के प्रपौत्र राज वज्रनाभ द्वारा बनवाए गए मंदिर के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विधर्मियों ने चार बार श्रीकृष्ण जन्मभूमि को तोड़। यहां तक भगवान के विग्रहों को मथुरा से ले जाकर मुगल शासक औरंगजेब ने आगरा की जामा मस्जिद की सीढ़ियों में लगवा दिए। उन्होंने कहा कि वह मस्जिद को हटाकर वहां पर भगवान का मंदिर निर्माण कराने और जामा मस्जिद की सीढ़ियों में लगे भगवान के विग्रहों को मथुरा लाने की मांग को लेकर न्यायालय में मुकदमा डाला था। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि इस केस के हमारे पास पुख्ता साक्ष्य हैं।

# ऑनलाइन सेक्स रैकेट चलाने वाले दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार




**फिरोजाबाद।** थाना एका पुलिस ने ऑनलाइन सैक्स रैकेट चलाने वाले दो अन्तर्राज्यीय शातिर अभियुक्तों को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया है। थाना एका पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ऑनलाइन सेक्स रैकेट चलाने वाले दो अभियुक्तों गुलशन पुत्र विजयपाल सिंह निवासी ग्राम सिंहपुर उडेसर थाना एका जनपद फिरोजाबाद एवं रोहित कुमार पुत्र रामनिवास सिंह निवासी सिंहपुर उडेसर थाना एका जनपद फिरोजाबाद को नगला धारू नहर पटरी से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण ऑनलाइन गूगल प्लेटफार्म पर सैक्स वेबसाईटों के माध्यम से ऑनलाइन कस्टमर को उनकी सुविधानुसार महिलाओं व लडकियों की फोटो भेजकर सैक्स रैकेट चला रहे हैं और आर्थिक लाभ कमा रहे हैं। जिसमें यह लोग कस्टमर से एडवांस पैसे डलवा कर लड़कियों को उनके बताये स्थान पर बरामद स्विफ्ट गाड़ी से पहुँचाने का काम करते हैं। अभियुक्तगण से एक स्विफ्ट कार व सैक्स रैकेट को चलाने मे प्रयुक्त 6 एन्ड्रॉयड मोबाइल फोन व ऑनलाइन पेमेन्ट को रिसीव करने मे इस्तेमाल किये गये एकाउण्ट के 6 एटीएम कार्ड व डराने धमकाने में प्रयुक्त असलाह मय कारतूस बरामद किए गए हैं। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना एका पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है। एएसपी ग्रामीण ने बताया कि पकड़े गए दोनों शातिर अभियुक्त अंतर्राज्यीय सेक्स रैकेट के सदस्य है जो ऑनलाइन सेक्स रैकेट चलाते हैं, गैंग के अन्य सदस्यों को जो जनपद में भी सैक्स रैकेट चलाने में एक्टिव हैं, उनकी भी जानकारी की जा रही है।

## गोपाल मंदिर में नयी कार्यकारिणी ने संभाली जिम्मेदारी

**मथुरा।** नारायण दास धर्मशाला ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को धर्मशाला परिसर (गायत्री तपोभूमि के सामने, अति प्राचीन ठाकुर गोपाल जी महाराज मंदिर, मथुरा-वृन्दावन रोड) में विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनीष अग्रवाल ने की तथा संचालन दीपक अग्रवाल द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत निःशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर से हुई। शुभारंभ अवसर पर डॉ. सिद्धार्थ कुलश्रेष्ठ ने बताया दंत स्वास्थ्य का सीधा संबंध शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य से है। नियमित जांच और समय पर उपचार से अनेक गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। इस प्रकार के शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। ट्रस्ट द्वारा हर महीने लगेंगे। इसके पश्चात प्राचीन गोपाल जी मंदिर के ट्रस्टियों की उपस्थिति में नई मंदिर कार्यकारिणी का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता कर रहे मनीष अग्रवाल ने बताया नारायण दास धर्मशाला ट्रस्ट का उद्देश्य समाज में धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा कार्यों को और अधिक सशक्त बनाना है। नई कार्यकारिणी से अपेक्षा है कि वह जनसेवा, मंदिर की व्यवस्थाओं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाएगी। इसके उपरांत मनीष अग्रवाल ने संजय हरियाणा, दीपक शर्मा, सीमा मोरवाल, उषा सोलंकी (एडवोकेट), मयंक अग्रवाल (एडवोकेट), राज नारायण गौड़, संजय चतुर्वेदी, श्याम शर्मा, चैधरी साकेत अग्रवाल, राकेश शर्मा एवं अशोक सरपंच को शपथ दिलाई। कार्यक्रम का समापन भजन गायन एवं संकीर्तन के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ.विकाश मिश्रा डॉ सीमा मिश्रा डॉ.सविता कुलश्रेष्ठ डॉ. राजीव कुलश्रेष्ठ अनीता आचार्य आदि मौजूद थे।

## जिपं अध्यक्ष ने वितरित किये नवचयनित आठ अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र

**मथुरा।** उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा वर्ष 2025 में घोषित अंतिम परिणामों में चयनित अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। मुख्यमंत्रीजी ने नवचयनित 1510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण किया, जिसका लाइव कार्यक्रम जनपद मथुरा के कलेक्ट्रेट सभागार में रविवार जिला पंचायत अध्यक्ष एवं नवनियुक्त अनुदेशकों द्वारा देखा गया।

रविवार कलेक्ट्रेट सभागार में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर चयनित 8 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवचयनित अनुदेशकों को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ह्लसबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वासह्व के मंत्र के साथ निरंतर कार्यरत है। देश के सबसे अधिक युवाओं वाले प्रदेश की युवा आकांक्षाओं को देखते हुए उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। आप लोग अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। आप लोगों को बड़े भाग्य से यह अवसर मिला है। यह नियुक्ति पत्र नहीं सम्मान पत्र है। अपने कार्य क्षेत्र में जाए तो कर्तव्य पथ पर अडिग रहें। अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। व्यक्ति की अच्छे कार्यों से ही समाज में अलग पहचान बनती है। इस मौके पर नवचयनित आठ अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन गोवर्धन आईटीआई प्रिंसिपल गगन पोद्दार द्वारा किया गया।

# डीएम-एसएसपी ने किया बाढ़ ग्रस्त इलाकों का निरीक्षण

- ट्रैक्टर के माध्यम से थाना जमुनापार स्थित बाढ़ ग्रस्त ग्राम तिवारीपुरम निकट रेलवे पुल यमुनापार में जलस्तर का जायजा लिया



**मथुरा।** बाढ़ के बढ़ते जलस्तर से लोगों में भय व्याप्त हो गया है, जिसको लेकर रविवार को डीएम चन्द्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से वार्ता की और उन्हें संयम / धैर्य बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा एक दो दिनों में सभी चीजें सामान्य हो जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित आपके साथ मथुरा प्रशासन पुलिस प्रशासन आपकी परेशानी दूर करने के लिए 24 घंटे मौजूद है, आपका पशु भूखा नहीं रहेगा। आपसे अपील है कि यमुनाजी के नजदीक न जाए। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह व एसएसपी श्लोक कुमार ने यमुना के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण लिया और ट्रैक्टर पर सवार होकर बाढ़ ग्रसित इलाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील महावन के लक्ष्मी नगर क्षेत्रांतर्गत विशाल मैरिज होम में स्थापित बाढ़ शरणालय स्थल / शेल्टर होम का जायजा लिया। डीएम ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से वार्ता की, सभी का कुशलक्षेम जाना तथा केंद्र में प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। डीएम ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया कि सभी क्षतिग्रस्त मकानों एवं फसलों का सर्वे किया जाएगा तथा सभी को मुआवजा दिया जाए। उन्होंने सभी को संयम / धैर्य बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 1/2 दिनों में सभी चीजें सामान्य हो जाएंगी। किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने सभी से अपील की कि यमुना जी के नजदीक न जाए। डीएम ने कहा कि सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा निरंतर भ्रमणशील रहकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। लोगों के रहने एवं खाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। पुलिस प्रशासन बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता / मदद हेतु कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कोई भी पशु भूखा नहीं रहना चाहिए। प्रशासन के पास प्रयाप्त भूसा एवं हरा चारा है। इस दौरान डीएम एवं एसएसपी ने थाना जमुनापार क्षेत्रान्तर्गत स्थित बाढ़ ग्रस्त ग्राम तिवारीपुरम निकट रेलवे पुल यमुनापार का ट्रैक्टर के माध्यम से निरीक्षण किया। उन्होंने संपूर्ण बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का अवलोकन किया। इसी प्रकार से विशाल मैरिज होम के निरीक्षण के उपरांत डीएम व एसएसपी ने यमुना के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने हेतु सुभाष इंटर कॉलेज यमुनापार का जायजा किया। उन्होंने कॉलेज के परिसर एवं ग्राउंड का अवलोकन किया तथा पशुओं को उक्त स्थान पर शिफ्ट करने हेतु उप जिलाधिकारी महावन कंचन गुप्ता को निर्देशित किया। डीएम ने पशुओं हेतु भूसा, हरा-चारा, शेड, पानी आदि की व्यवस्था हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

संक्षेप

## सोने में हो सकती है मुनाफावसूली



नयी दिल्ली। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद सोने की कीमतों में कुछ समय के लिए मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा है कि इस कीमती धातु की भविष्य की दिशा आगामी वैश्विक आर्थिक संकेतकों पर निर्भर करेगी, जिनमें अमेरिका और घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े और यूरोपीय केंद्रीय बैंक की नीतिगत बैठक शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि सांफा कारोबारी अमेरिकी उत्पादक मूल्य सूचकांक और यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) की अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड के भाषण सहित व्यापक आर्थिक आंकड़ों पर भी कड़ी नज़र रखेंगे। इस सप्ताह चीन, अमेरिका, जर्मनी और भारत के मुद्रास्फीति के आंकड़ों के साथ ही अमेरिकी उपभोक्ता भावना पर भी नजर रहेगी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शुक्रवार को सोने का अक्टूबर अनुबंध 1,131 रुपये या 1.06 प्रतिशत बढ़कर 1,07,807 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में यह 1,07,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ। पिछले सप्ताह सोने की कीमतों में लगभग 4,000 रुपये प्रति 10 ग्राम या 3.81 प्रतिशत की वृद्धि हुई। तकनीकी चार्ट अत्यधिक खरीदारी का संकेत दे रहे हैं और कुछ मुनाफावसूली हो सकती है। फिर भी रुझान सकारात्मक बना हुआ है और एमसीएक्स पर इसके 1,10,000-1,12,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक बढ़ने की संभावना है।

## किसानों ने फसल नुकसान के दावे के लिए किया पंजीकरण: सैनी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कहा कि राज्य में 9.96 लाख एकड़ फसल के नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति का दावा करने के लिए कुल 1.69 लाख किसानों ने वेब पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। किसानों को जलभराव और हाल ही में आई बाढ़ से हुई फसल क्षति के लिए दावा दर्ज करने में सुविधा प्रदान करने को ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खुला रखा गया है। इस पोर्टल के माध्यम से किसान अपनी फसलों को हुए नुकसान का विवरण अपलोड कर सकते हैं और मुआवजे का दावा दायर कर सकते हैं। सैनी ने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह से उन किसानों के साथ खड़ी है जो हरियाणा के कई हिस्सों में बाढ़ के कारण कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। रविवार को पंचकूला में मुख्यमंत्री ने पंजाब और हिमाचल प्रदेश के लिए राहत सामग्री से भरे ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## वी-बाजार का नया स्टोर लॉन्च

फैजाबाद। वैल्यू फैशन सेगमेंट में पसंदीदा शॉपिंग डेस्टिनेशन वी-बाजार ने फैजाबाद में अपने नए स्टोर के लॉन्च की घोषणा की है। अपना स्टोर खोलना हमारे लिए बहुत खुशी और गर्व का क्षण है। अन्य स्टोरों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए, हमने फैजाबाद के निवासियों को समान खरीदारी का अनुभव प्रदान करने के बारे में सोचा। हमारा प्रयास रहा है कि हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन माल, सेवा और समग्र अंतरराष्ट्रीय खरीदारी का अनुभव प्रदान करें। यह नया स्टोर हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एक विशेष लॉन्च ऑफर के रूप में, हम अपने ग्राहकों को हर खरीदारी पर मुफ्त उपहार दे रहे हैं। हमारा नया स्टोर अविश्वसनीय रूप से पॉकेट फ्रेंडली कीमतों पर बेहतरीन गुणवत्ता वाले माल का संग्रह प्रदर्शित कर रहा है।

## भारत ने निर्यात उपायों के दुरुपयोग पर आगाह किया

नयी दिल्ली। भारत ने एससीओ बैठक में निर्यात संबंधी उपायों को हथियार बनाने या उनका दुरुपयोग करके कृत्रिम कमी पैदा करने, बाजार को बिगाड़ने या आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करने के प्रति आगाह किया है। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। भारत ने छह सितंबर को व्लादिवोस्तोक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के व्यापार मंत्रियों की बैठक में कहा कि अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य में भरोसा बनाए रखने के लिए इन कदमों का संतुलित और पारदर्शी उपयोग जरूरी है। भारत ने अधिक बाजार पहुंच सुनिश्चित करके और व्यापार सुविधा के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाकर लगातार व्यापार घाटे को दूर करने का भी आह्वान किया। ये टिप्पणियां इसलिए महत्वपूर्ण हैं।

# कंपनियों की पूंजी 1.06 लाख करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,250.95 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में बजाज फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 901.11 अंक या 1.12 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 314.15 अंक या 1.28 प्रतिशत के लाभ में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और एलआईसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई। सप्ताह के दौरान बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 37,960.96 करोड़ रुपये बढ़कर 5,83,451.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार हैसियत 23,343.51 करोड़ रुपये बढ़कर 18,59,767.71 करोड़ रुपये हो गई।

एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 17,580.42 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 14,78,444.32 करोड़ रुपये रहा। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण 15,559.49 करोड़ रुपये बढ़कर 5,54,607.42 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक के मूल्यांकन में 4,246.09 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 7,44,864.69 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 4,134.02 करोड़ रुपये बढ़कर 10,81,347.25 करोड़ रुपये हो गई। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 3,426.46 करोड़ रुपये बढ़कर 10,01,717.42 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बाजार मूल्यांकन 13,007.02 करोड़ रुपये घटकर 11,02,955.89 करोड़ रुपये पर आ गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 10,427.47 करोड़ रुपये घटकर 6,00,036.47 करोड़ रुपये रही। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 6,296.91 करोड़ रुपये घटकर 6,18,694.37 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और एलआईसी का स्थान रहा।

# वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख, विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और मुद्रास्फीति के आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

एक विश्लेषक ने कहा कि मजबूत घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों और नीतिगत सुधारों के समर्थन से पिछले सप्ताह बेंचमार्क सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। इस सप्ताह भी घरेलू और वैश्विक स्तर पर काफी आंकड़े आएंगे। घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति का आंकड़ा 12 सितंबर को जारी किया जाएगा। वैश्विक स्तर पर अमेरिका के महत्वपूर्ण आंकड़ों पर नजर रहेगी। इनमें उपभोक्ता मुद्रास्फीति, बेरोजगारी के दावे और उपभोक्ता धारणा शामिल हैं, जो फेडरल रिजर्व की नीतिगत अपेक्षाओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कोई भी नई सूचना बाजार की धारणा को और मजबूत कर सकती है। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 901.11 अंक या 1.12 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 314.15 अंक या 1.28 प्रतिशत के लाभ में रहा। आगे की ओर देखते हुए, भारतीय शेयर बाजार इस सप्ताह सतर्क और आशावादी रुख के साथ शुरुआत कर सकता है। निवेशक विशेष रूप से उपभोग-आधारित और पूंजीगत व्यय-आधारित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और रुपये-डॉलर का रुख भी इस सप्ताह बाजार का रुख तय करेगा। यह सप्ताह भारतीय बाजारों के लिए महत्वपूर्ण होने वाला है, क्योंकि हाल ही में जीएसटी दरों में कटौती की घोषणा एक संभावित प्रोत्साहन के रूप में काम कर रही है जो बाजार की धारणा को बेहतर बना सकती है और क्षेत्रीय स्तर पर तेजी ला सकती है, जिससे निकट भविष्य में शुल्क की नकारात्मक धारणा का मुकाबला किया जा सकता है। शेयर बाजार के लिए अगला बड़ा घटनाक्रम 16-17 सितंबर को होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक है। इस सप्ताह के प्रमुख वृहद आंकड़ों में भारत और अमेरिका की मुद्रास्फीति, ईसीबी (यूरोपीय केंद्रीय बैंक) का ब्याज दर पर निर्णय और जापान की दूसरी तिमाही की जीडीपी आंकड़े शामिल हैं।




# कमजोर मांग से जुलाई में कोयला आयात घटा

नयी दिल्ली। मानसून के दौरान सुस्त मांग और स्टॉक की बेहतर उपलब्धता के कारण जुलाई में भारत का कोयला आयात 16.4 प्रतिशत घटकर 2.10 करोड़ टन रहा है।

एक साल पहले इसी अवधि में देश का कोयला आयात 2.52 करोड़ टन था। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जुलाई अवधि के दौरान भारत का कोयला आयात भी घटकर 9.74 करोड़ टन रह गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 10.04 करोड़ टन था। मानसून के दौरान सुस्त मांग और स्टॉक की बेहतर उपलब्धता के कारण कोयले के आयात में गिरावट आई। हमें सितंबर के अंत से शुरू होने वाले त्योहारी सीजन से पहले मांग में तेजी आने की उम्मीद है। जुलाई में कुल आयात में से, नॉन-कोकिंग कोयले का आयात 1.15 करोड़ टन रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की जुलाई की अवधि में यह 1.65 करोड़ टन था। कोकिंग कोयले का आयात 58.5 लाख टन रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष के जुलाई माह में यह 48.1 लाख टन रहा था। चालू वित्त वर्ष के पहले चार माह अप्रैल-जुलाई में नॉन-कोकिंग कोयले का आयात 6.06 करोड़ टन रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि के 6.56 करोड़ टन के आयात से कम है। अप्रैल-जुलाई की अवधि के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 2.22 करोड़ टन रहा।

# एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से 12,257 करोड़ रुपये निकाले

नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर के पहले सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों से 12,257 करोड़ रुपये (1.4 अरब अमेरिकी डॉलर) निकाले हैं। डॉलर में मजबूती, अमेरिकी शुल्क चिंताओं और लगातार भू-राजनीतिक तनाव के बीच एफपीआई बिकवाली कर रहे हैं।

इससे पहले एफपीआई ने अगस्त में शेयरों से 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये निकाले थे। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इसके साथ ही, 2025 में अबतक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक शेयरों से कुल 1.43 लाख करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं।



आने वाले सप्ताह में, एफपीआई प्रवाह अमेरिकी फेडरल रिजर्व की टिप्पणी, अमेरिकी श्रम बाजार के आंकड़ों, आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों और रुपये की स्थिरता पर उसके रुख पर निर्भर करेगा। हालांकि, निकट भविष्य में अस्थिरता बनी रह सकती है, लेकिन भारत की वृद्धि गाथा, जीएसटी को सुसंगत बनाने जैसे नीतिगत सुधारों और कंपनियों की आय में सुधार की उम्मीदें वैश्विक अनिश्चितताओं के कम होने पर एफपीआई वापस भारतीय बाजार की ओर आकर्षित हो सकते हैं। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक और घरेलू कारकों के संयोजन ने हालिया निकासी को बढ़ावा दिया है। लगातार बड़े पैमाने पर घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी से एफपीआई उच्च मूल्यांकन पर पैसा भुनाने और चीन, हांगकांग और दक्षिण कोरिया जैसे सस्ते बाजारों में पैसा लगाने में सक्षम हो रहे हैं। एफपीआई ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान ऋण या बॉन्ड से सामान्य सीमा के तहत।,978 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

# 14,000 कर्मचारियों के लिए वेतनमान में संशोधन किया

शिमला। हिमाचल प्रदेश के 89 श्रेणियों में कार्यरत लगभग 14,000 सरकारी कर्मचारी हिमाचल प्रदेश सिविल सेवा (संशोधित वेतन) द्वितीय संशोधन नियम-2025 से प्रभावित होंगे। इसे सरकार ने शनिवार को अधिसूचित किया है।

सचिवीय कर्मचारी संघ के महासंघ के संजीव शर्मा ने रविवार को कहा कि इस संशोधन में तीन जनवरी, 2022 को जोड़े गए नियमों की धारा 7ए को हटाने का प्रावधान है। इससे लगभग 14,000 कर्मचारी प्रभावित होंगे, जिन्हें एक जनवरी, 2016 से संशोधित वेतनमान के पुनर्निर्धारण के बाद प्रति माह 5,000 से 15,000 रुपये का नुकसान होगा। हमने अन्य कर्मचारी संगठनों के साथ इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की है और सोमवार को मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव (वित्त) से मिलने और संशोधित नियमों से संबंधित अधिसूचना वापस लेने की अपील करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि इस फैसले का असर निचले और मध्यम वर्ग के कर्मचारियों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपने बच्चों की स्कूल फीस, ऋण की किस्तें और अन्य नियमित खर्चों सहित अपने खर्चों को वेतन के अनुसार समायोजित करते हैं, और वेतन में गिरावट कर्मचारियों के लिए झटका है।

# बीते सप्ताह तेल-तिलहन की कीमतें सुधरीं

नयी दिल्ली। बीते सप्ताह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपये में आई भारी गिरावट तथा त्योहारी मांग में वृद्धि होने के कारण घरेलू बाजार में सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल के दाम लाभ दर्शाते बंद हुए।

बाजार सूत्रों ने कहा कि मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी जैसे तेलों के थोक दाम काफी टूटे हुए हैं मगर इन सभी तेलों के हाजिर खुदरा दाम काफी महंगे हैं। त्योहारों के इस मौसम में आम ग्राहकों को अगर सस्ता खाद्य तेल सुलभ कराना सरकार की प्राथमिकता है तो उसे किसी अन्य उपाय के बारे में सोचने से पहले सभी खाद्य तेलों के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) की जांच करवानी चाहिये और यदि एमआरपी थोक दाम में आई गिरावट के अनुरूप नहीं पाया जाता है, तो उसे



दुरुस्त करवाने के लिए सख्त कदम उठाना चाहिये। सूत्रों ने कहा कि देश में सूरजमुखी, सोयाबीन और मूंगफली जैसे तिलहनों के हाजिर भाव, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी नीचे चल रहे हैं। सूरजमुखी और मूंगफली का खुदरा हाजिर बाजार का दाम एमएसपी से 20-25 प्रतिशत नीचे है जबकि सोयाबीन का दाम 10-15 प्रतिशत नीचे है। उन्होंने कहा कि जब मौजूदा एमएसपी वाला सूरजमुखी, सोयाबीन और मूंगफली बाजार में नहीं खप रहा है तो अगले 10-15 दिन में इनकी नयी फसलों पर जो इससे भी अधिक एमएसपी वाली ये फसलें आयेंगी तो उसे कौन खरीदेगा? इसके बारे में कोई रास्ता निकालना समय की मांग है। सूत्रों ने कहा कि सरकार को जल्द से जल्द एक सरकारी पोर्टल पर सभी कंपनियों को नियमित तौर पर अपना एमआरपी घोषित करने की व्यवस्था करनी होगी। एमआरपी निर्धारण की भी एक ऐसी व्यवस्था करनी होगी कि वह खाद्य तेलों की हाजिर कीमत से मेल खाता हो यानी इनके मूल्य का अंतर मामूली हो। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 150 रुपये की मजबूती के साथ 7,250-7,275 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 300 रुपये की मजबूती के साथ 15,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 40-40 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 2,590-2,690 रुपये और 2,590-2,725 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ।

# जीएसटी कटौती के बाद कीमतें कम नहीं हुईं, तो उद्योग संगठनों के साथ शिकायतों को उठायेंगे : सीबीआईसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने कहा है कि 22 सितंबर से घटी हुई माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरें लागू होने के बाद वस्तुओं की कीमतों में कमी न होने पर संबंधित उद्योग संगठनों के समक्ष इन शिकायतों को उठाया जाएगा।

केंद्र और राज्यों की जीएसटी परिषद ने पिछले सप्ताह 375 वस्तुओं पर कर की दरों में कटौती करने और स्लैब की संख्या को वर्तमान के चार से घटाकर केवल दो करने का फैसला किया है। 22 सितंबर से, अधिकांश सामान्य उपयोग की वस्तुओं पर पांच प्रतिशत जीएसटी और बाकी सभी चीजों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाएगा। जीएसटी परिषद ने 12 और




28 प्रतिशत के स्लैब को खत्म करने का सर्वसम्मति से फैसला लिया है। यह एक जुलाई, 2017 को माल और सेवा कर के लागू होने के बाद से आठ साल में किया गया सबसे बड़ा फेरबदल है। इसके अलावा बाजार में प्रतिस्पर्धी ताकतें भी सक्रिय हैं, जिससे खरीदारों के हाथों में कीमतों में कमी आएगी। हमें भरोसा है कि उद्योग इसका लाभ अंतिम उपभोक्ताओं तक पहुंचाएगा और अगर हमें कोई शिकायत मिलती है, तो हम इसे उद्योग निकायों के समक्ष उठाएंगे। जीएसटी लागू होने के शुरुआती वर्षों के अनुभव को याद करते हुए अग्रवाल ने कहा कि मुनाफाखोरी के संबंध में शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था तो थी, लेकिन 2017, 2018 और 2019 में जब दरों में बड़ी कटौती की गई, तब प्राधिकरण के पास ज्यादा आवेदन नहीं किए गए। इससे यह आभास होता है कि ज्यादातर लाभ उद्योग द्वारा अंतिम उपभोक्ताओं तक पहुंचाया गया। इसलिए, इस बार हमें कोई अलग स्थिति की उम्मीद नहीं है। जीएसटी कानून में यह प्रावधान है कि व्यापार और उद्योग को जीएसटी कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाना होगा।

## पेज एक का शेष

### जीएसटी में

और खपत बढ़ने की उम्मीद है। मुद्रास्फीति के बारे में उन्होंने कहा कि महंगाई पहले से ही काफी हद तक नियंत्रण में है तथा यह कुछ समय से नियंत्रण में बनी हुई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति जुलाई में घटकर 1.55 प्रतिशत रही जो जून, 2017 के बाद सबसे कम है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर दो प्रतिशत से छह प्रतिशत के दायरे से भी नीचे है। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने से वित्त वर्ष 2025-26 में खुदरा महंगाई को 0.65 से 0.75 प्रतिशत तक कम करने में मदद मिल सकती है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उम्मीद से अधिक जीडीपी वृद्धि और खपत बढ़ने को देखते हुए क्या 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि के अनुमान को बढ़ाया जा सकता है, इस बारे में सीतारमण ने कहा, यह संभव है। उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर में उम्मीद से अधिक 7.8 प्रतिशत रही। सरकार के अनुमान के अनुसार, पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में इसके 6.3 से 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना है। जीएसटी में सुधार और राजस्व में कमी से राजकोषीय घाटा पर असर पड़ने के बारे में पूछे जाने पर सीतारमण ने कहा, जीएसटी दरों में कमी के कारण 4,8000 करोड़ रुपये राजस्व में कमी के अनुमान से राजकोषीय घाटे को नीचे लाने की योजना पर असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, जो अनुमान है वह एक स्थिर संख्या है जो आधार वर्ष पर आधारित है, ... ऐसे में मुझे लगता है कि 22 सितंबर से खपत में वृद्धि आय में उछाल को बढ़ाएगी। काफी हद तक, यह 48,000 करोड़ रुपये की राशि हम इसी वर्ष पूरी कर पाएंगे। इसलिए मुझे अपने राजकोषीय घाटे या राजकोषीय प्रबंधन पर कोई प्रभाव नहीं दिखता। मैं अपने आंकड़ों पर ही कायम रहूंगी। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा 4.4 प्रतिशत रखने का लक्ष्य रखा जो 2024-25 से कम है यह पूछे जाने पर कि जीएसटी दरों में कटौती से मध्यम वर्ग के परिवारों को घरेलू खर्च में कितनी बचत होने का अनुमान है, सीतारमण ने कहा, अभी नहीं। लेकिन हम 2-3 महीने बाद इस बारे में कुछ कह पाएंगे। हमें एक सकारात्मक और एक नकारात्मक पहलू को ध्यान में रखना होगा। 22 सितंबर से लोग खरीदारी शुरू कर देंगे, ठीक वैसे ही जैसे कोविड के बाद तेजी से खरीदारी शुरू हुई थी। यह एक सकारात्मक बात होगी। लेकिन, यह एक चुनौती भी होगी। दिसंबर के बाद, जनवरी-मार्च तिमाही में शायद यही उछाल बरकरार न रहे। इसलिए, यह जानने के बाद ही मैं कह सकती हूं कि जीएसटी दरों में कटौती से किसी परिवार को कितना फायदा होगा।

### जीएसटी सुधार

ईज ऑफ डूइंग और युवा शक्ति एवं रोजगार पर होगा। दूसरा सत्र सांसदों की ओर से सोशल मीडिया के प्रभावी प्रयोग पर होगा। तीसरा सत्र सांसदों की स्थायी समिति के समूहों से संबंधित है, जिसमें अलग-अलग मंत्रालयों की संसदीय समितियों से जुड़ा है। इसमें संसदीय समिति की कार्यवाही का महत्व, संसद सत्र की तैयारी, संसदीय नियमावली का इस्तेमाल, मंत्रालय रिपोर्ट का अध्ययन और सांसद के रूप में व्यवहार और सावधानी आदि पर चर्चा होगी। चौथे और अंतिम सत्र में सागरीय क्षेत्र, लेफ्ट विंग क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र, शहरी क्षेत्र और पहाड़ी और उत्तर पूर्व क्षेत्र के बारे में चर्चा होगी। भाजपा कार्यशाला के दूसरे दिन सोमवार को नौ सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए भाजपा सांसदों को चुनाव प्रक्रिया, मतदान करने का तरीका और सावधानियों के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। गौरतलब है कि उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राजग प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी न्यायमूरित बी सुदर्शन रेड्डी के बीच मुकाबला है।

### जापान के पीएम

उच्च सदन में संसदीय चुनाव में बहुमत हासिल नहीं हो सका, जिससे उनकी सरकार की स्थिरता और अधिक कमजोर हो गई। यह फैसला उन्होंने शनिवार को कृषि मंत्री शिंजिरो कोइजुमी और अपने मार्गदर्शक माने जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा से मुलाकात के बाद लिया। सुगा ने सोमवार को होने वाले मतदान से पहले इशिबा से इस्तीफे की सलाह दी थी। इससे पहले इशिबा ने पद पर बने रहने पर जोर दिया था और कहा था कि जापान जब अमेरिका के शुल्क और अर्थव्यवस्था पर उसके असर, बढ़ती कीमतों, चावल नीति में सुधार और क्षेत्र में बढ़ते तनाव जैसी बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा ह, ऐसे समय में राजनीतिक परिवर्तन से बचना जरूरी है। चुनाव में हार के बाद नेतृत्व परिवर्तन या इशिबा के इस्तीफे की मांगें जोर पकड़ने लगी थीं। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री नोरिहिसा तमुरा ने रविवार को एनएचके पर टॉक शो में कहा कि पार्टी में विभाजन को रोकने और आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि इशिबा सोमवार के मतदान से पहले विवाद को सुलझा लें। उन्होंने इशिबा से इस्तीफा देने का आग्रह किया। इशिबा के पार्टी नेता पद से हटने के बाद, एलडीपी द्वारा पार्टी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की तिथि निर्धारित किये जाने की उम्मीद है, जो संभवतः अक्टूबर की शुरुआत में आयोजित किया जायेगा। हालांकि, विपक्षी दल इतने बिखरे हुए हैं कि वे सरकार को गिराने के लिए एक बड़ा गठबंधन नहीं बना सकते।

### सिरेमिक उत्पाद

दिलाने के लिए 'अनोखी दुनिया' नामक सिरेमिक पार्क का निर्माण किया गया है। यह पार्क न केवल खुर्जा की कला और कारीगरी को प्रदर्शित करता है, बल्कि शहर को पर्यटन की दृष्टि से भी एक नया मुकाम दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। वीसी ने बताया कि अनोखी दुनिया नामक पार्क को पीपीपी मोड पर बनाया गया है। यह पार्क करीब 2 एकड़ में फैला हुआ है। इस पार्क की खासियत है कि यह दुनिया का पहला सिरेमिक वेस्ट पार्क है। उन्होंने बताया कि अनोखी दुनिया पार्क में छह कलाकारों और 120 कारीगरों की टीम ने मिलकर कई महीनों की मेहनत से करीब 100 छोटी-बड़ी अनोखी कलाकृतियां तैयार की हैं। इसमें 28 बड़ी कलाकृतियां मुख्य आकर्षण का केंद्र हैं। यह कलाकृतियां टूटी हुई सुराहियों, कप, केतली और अन्य बर्तनों के टुकड़ों से बनाई गईं हैं। यहां बड़े आकार के कप, केतली, सुराही और कई अन्य कलात्मक नमूने देखने को मिलेंगे, जिन्हें रंग-बिरंगे और आकर्षक अंदाज में सजाया गया है। यह पार्क सभी आयु वर्ग के लोगों को लुभाने में सक्षम है।

### चंद्र ग्रहण का

जिम्मेदारी को निभायेंगे। शीतकाल के दौरान बदरीनाथ की पूजा ज्योतिर्मठ स्थित मंदिर में होती है। हरिद्वार में भी सूतक काल शुरू होने से पहले दक्ष मंदिर, बिल्वकेश्वर मंदिर, दरिद्र भंजन मंदिर, माया देवी मंदिर, मनसा देवी व चंडी देवी जैसे प्रमुख मंदिरों में पूजा पाठ करने के बाद उनके कपाट बंद कर दिए गए। हर की पौड़ी पर नित्य शाम को पौने सात बजे होने वाली गंगा आरती भी अपराह्न साढ़े 12 बजे ही कर ली गई। अपराह्न में हुई गंगा आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। तीर्थ-पुरोहित उज्ज्वल पंडित ने बताया कि सोमवार तड़के मंदिरों को गंगा जल से शुद्ध करने के बाद ही उनके कपाट खुलेंगे और नियमित पूजा पाठ शुरू होगा। उन्होंने बताया कि ग्रहण काल के दौरान लोगों को जप, तप और मंत्रोच्चार करना चाहिए।

### भारतीय टीम

ने 27वें मिनट में गोल किया। इससे भारतीय टीम में नई ऊर्जा का संचार हुआ और उसकी लीड दोगुनी हो गई। इस गोल के बाद भी भारत ने अटैक करना जारी रखा। दूसरी तरफ साउथ कोरिया के प्लेयर्स ने गोल करने के मौके बनाए, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। भारतीय खिलाड़ी संजय को ग्रीन कार्ड मिला था। इसी वजह से तीसरे क्वार्टर में भारतीय हॉकी टीम 10 प्लेयर्स के साथ उतरी। फिर इसी क्वार्टर के आखिरी में भारत के लिए दिलप्रीत सिंह ने गोल किया, जो मैच में उनका दूसरा गोल था। फिर चौथे क्वार्टर में भारत के लिए अमित रोहिदास ने 49वें मिनट में गोल दागा और भारत की बढ़त 4-0 की कर दी। कोरियाई प्लेयर्स मैच में बिल्कुल थके हुए नजर आए और अच्छा नहीं कर सके। 50वें मिनट में उनके लिए सोन दियान ने एकमात्र गोल किया। अंत में भारत ने 4-1 से मैच अपने नाम कर लिया और वर्ल्ड कप का टिकट भी कटा लिया। भारतीय हॉकी टीम ने चौथी बार एशिया कप का खिताब जीता है। भारत ने इससे पहले साल 2017, 2007, 2003 में हॉकी एशिया कप की ट्रॉफी अपने नाम की थी। भारत ने पाकिस्तान को पछाड़ दिया। पाकिस्तान ने तीन बार (1982, 1985, 1989) ही हॉकी एशिया कप का खिताब जीता था।

### हजरतबल विवाद

जम्मू कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष ने राष्ट्रीय चिह्न को हटाने वालों के खिलाफ जन सुरक्षा अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में कानूनी कार्वाई की मांग की।

# जीएसटी सुधार से कारों की कीमतें 45,000 रुपये से 10 लाख रुपये तक होंगी कम

नयी दिल्ली। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाए जाने के बाद मारुति सुजुकी की ऑल्टो से लेकर शीर्ष श्रेणी वाली मर्सिडीज-बेंज एस-क्लास तक, विभिन्न कारों की कीमतें 45,000 रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक घटने की संभावना है। उद्योग विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी। नई दरें 22 सितंबर से लागू होगीं, जिसके बाद छोटी कारों की कीमतों में 45,000 रुपये से एक लाख रुपये तक की कमी आ सकती है। उद्योग जगत की सबसे किफायती शुरुआती स्तर की कार मारुति सुजुकी ऑल्टो की शोरूम कीमत इस समय 4.23 लाख रुपये है। इसी तरह, लक्जरी कार निर्माता मर्सिडीज-बेंज ए-क्लास से लेकर टॉप-एंड एस-क्लास तक की कीमतों में दो लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक की कटौती कर सकती है। जीएसटी परिषद ने पिछले सप्ताह स्लैब को पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत तक सीमित करने को मंजूरी दी थी, जो नवरात्रि के पहले दिन 22 सितंबर से प्रभावी होगा। ऑडी इंडिया ने एक बयान में कहा, 22 सितंबर को जीएसटी दरें लागू होने के बाद, हमारी कारों की कीमतों में चार से छह प्रतिशत की कमी आने की संभावना है। अंतिम गणना अभी जारी है। इसी तरह, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया को अपने पोर्टफोलियो एक्स। से एक्स7 तक की कीमतों में दो लाख रुपये से नौ लाख रुपये तक की कमी आने की उम्मीद है। टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर और रेनो इंडिया जैसी विभिन्न वाहन कंपनियों ने पहले ही कीमतों में कटौती की घोषणा कर दी है।

## भारत-ईयू के बीच एफटीए सहित महत्वपूर्ण पहलों पर तेजी से काम जारी

नयी दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ अपने महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द अंतिम रूप देने के लिए अगले एक महीने में दो दौर की महत्वपूर्ण वार्ता करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि इस दौरान उत्पत्ति के नियमों, बाजार पहुंच और वाइन तथा डेयरी उत्पादों पर शुल्क के क्षेत्रों में मतभेदों को दूर करने की कोशिश की जाएगी। यूरोपीय आयोग के कृषि आयुक्त क्रिस्टोफ हैनसेन और व्यापार प्रमुख मारोस सेफ्कोविक इस सप्ताह अपने भारतीय वार्ताकारों के साथ बातचीत करने के लिए भारत का दौरा कर रहे हैं।




# मध्य क्षेत्र दलीप ट्रॉफी के फाइनल में

## दलीप ट्रॉफी : दोनों टीमों ने मैच को ड्रॉ पर समाप्त करने का फैसला किया

एजेंसी

बेंगलुरु। यशस्वी जायसवाल का शानदार अर्धशतक महज एक व्यक्तिगत उपलब्धि बनकर रह गया क्योंकि मध्य क्षेत्र ने रविवार को पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ ड्रॉ हुए मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर दलीप ट्रॉफी के फाइनल में अपनी जगह पक्की की ली। मध्य क्षेत्र अब 11 सितंबर से होने वाले खिताबी मुकाबले में दक्षिण क्षेत्र से भिड़ेगा। जायसवाल (64) ने अपनी 70 गेंदों की पारी में कुछ शानदार शॉट खेले जिससे पश्चिम क्षेत्र अपनी दूसरी पारी में आठ विकेट पर 216 रन बनाने में सफल रहा। पश्चिम क्षेत्र को हालांकि पहली पारी में 162 रन से पिछड़ना महंगा पड़ा और टीम खिताबी दौड़ से बाहर हो गयी।



मध्य क्षेत्र ने सुबह के सत्र में आठ विकेट पर 556 रन से आगे खेलते हुए 600 रन पर अपनी पारी समाप्त की। सारंश जैन ने 63 रनों की नाबाद पारी खेलते हुए एक शानदार अर्धशतक बनाया। पश्चिम क्षेत्र की दूसरी पारी के दौरान चाय के विश्राम से ठीक पहले कप्तान शारदुल ठाकुर (छह) आउट हो गये जबकि दूसरे छोर से संयम के साथ बल्लेबाजी कर रहे तनुश कोटियान (40) क्रीज पर मौजूद थे। इसी समय, दोनों टीमों ने मैच को ड्रॉ पर समाप्त करने का फैसला किया। जयसवाल को अपनी टीम को फाइनल में नहीं देखकर निराशा हुई होगी लेकिन वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद पहली बार पिच पर इतना समय बिताकर खुश होंगे। उन्होंने हमेशा की तरह आक्रामक अंदाज़ में 92 के स्ट्राइक रेट से अर्धशतक बनाया। उनकी यही आक्रामकता हालांकि उनके आउट होने का कारण बनी जब वह बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे (96 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर एक खराब शॉट खेलकर आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो अनौपचारिक चार दिवसीय मैच के लिए भारत ए के कप्तान बनाये गये श्रेयस अय्यर ने इस मैच में लगातार दूसरी बार निराश किया। वह सातवें क्रम पर बल्लेबाजी करने आये और सिर्फ 12 रन बनाकर ऑफ स्पिनर सारंश की गेंद पर विकेटकीपर उपेंद्र यादव को कैच दे बैठे। पहली पारी में शानदार शतक लगाने वाले ज्तुराज गायकवाड़ ने भी दो छक्के जड़कर सकारात्मक शुरुआत की लेकिन 16 रन बनाकर दुबे की गेंद पर आउट हो गए। तीनों मुख्य बल्लेबाजों के पवेलियन लौटने के बाद टीम का स्कोर छह विकेट पर 168 रन था। पश्चिम क्षेत्र को हार से बचाने की जिम्मेदारी अब कोटियान, तुषार देशपांडे और ठाकुर जैसे निचले क्रम के बल्लेबाजों पर थी। दुबे और जैन ने उनकी कड़ी परीक्षा ली। देशपांडे (12) क्रीज पर थोड़ा समय बिताने के बाद जैन की गेंद पर मिड-विकेट पर रजत पाटीदार को आसान कैच थमा बैठे। चाय से ठीक पहले शारदुल के आउट होने के बाद पश्चिम क्षेत्र के पास केवल 54 रन की बढ़त थी लेकिन मध्य क्षेत्र ने जीत के लिए पूरा जोर नहीं लगाया।

### पूरे साल फिटनेस बनाये रखने के लिए ब्रेक लेना जरूरी : शारदुल

बेंगलुरु। भारत के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने रविवार को खिलाड़ियों को खेल से कभी-कभी ब्रेक (खेल से विश्राम) लेने का समर्थन करते हुए कहा कि आधुनिक क्रिकेटरों के लिए पूरे साल अपनी फिटनेस बनाए रखना एक बड़ी चुनौती है। इंग्लैंड के खिलाफ पिछले महीने समाप्त हुई पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के केवल तीन टेस्ट खेलने के बाद भारतीय क्रिकेट जगत में कार्यभार प्रबंधन (चोट और थकान से बचने लिए) चर्चा का विषय बन गया है। शारदुल ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा, मैं इन सवालों की सराहना करता हूं। कोई भी वास्तव में आकर हमसे नहीं पूछता कि इतने महीनों तक खेलने के बाद हमारे शरीर को कैसा महसूस होता है। कई बार हमें हल्के में लिया जाता है और इससे जुड़ा प्रबंधन शीर्ष स्तर का नहीं होता है।

## वसीम की टीम ने पीजीटीआई नेक्सजेन लखनऊ 2025 का प्रो-एएम इवेंट जीता

लखनऊ। दिल्ली के पेशेवर खिलाड़ी वसीम खान की टीम ने पीजीटीआई नेक्सजेन लखनऊ 2025 का प्रो-एएम इवेंट जीत लिया। वसीम की टीम में शौकिया खिलाड़ी आर.एस. नंदा, पीयूष कुमार और मोहित यादव शामिल थे और उन्होंने 57.3 अंक हासिल किए। चंडीमंदिर के पेशेवर

**पीजीटीआई प्रो-एएम नेक्सजेन गोल्फ टूनार्मेंट**

खिलाड़ी उमेद कुमार और उनकी टीम, जिसमें शौकिया खिलाड़ी अजय भसीन, अनूप कुमार और राकेश सेठ शामिल थे, 57.5 अंकों के साथ प्रो-एएम में उपविजेता रहे। होल नंबर 4 पर पिन के सबसे करीब पहुँचने का मुकाबला रितु नारायण ने जीता, जिन्होंने पिन से दो फीट सात इंच की दूरी पर गेंद डाली। होल संख्या 15 पर पिन के सबसे करीब पहुंचने की प्रतियोगिता अधर जैन ने जीती, जिन्होंने पिन से 22 फीट की दूरी पर गेंद डाली। नितिन खन्ना ने होल संख्या 2 पर स्ट्रेट ड्राइव प्रतियोगिता जीती। उनकी ड्राइव फेयरवे के केंद्र से 16 सेमी दूर गिरी। सिद्धार्थ आहूजा ने होल संख्या 7 पर 290 गज की ड्राइव के साथ सबसे लंबी ड्राइव प्रतियोगिता जीती।



## भारतीय पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने जीता स्वर्ण

ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया)। भारतीय पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने रविवार को यहां फाइनल में फ्रांस को हराकर विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा और इस तरह से महिला टीम को मिली निराशा को दूर कर दिया जो आठ साल में पहली बार पोडियम पर जगह बनाने में नाकाम रही। व्यक्तिगत वर्ग में आठवें स्थान पर रहने वाले ज्षभ यादव ने भी मिश्रित टीम स्पर्धा में अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम के साथ रजत पदक जीतकर वापसी की। महिला वर्ग में निराशा हाथ लगी क्योंकि टीम प्री-क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गई और 2017 से लगातार पदक जीतने का उसका अभियान समाप्त हो गया। तेईस वर्षीय ज्षभ ने अमन सैनी और प्रथमेश फुगे के साथ मिलकर भारत को पुरुष कंपाउंड टीम के खिताबी मुकाबले में फ्रांस पर 235-233 से रोमांचक जीत दिलाई। फ्रांस ने

**टीम ने जीतकर इतिहास रचा, मिश्रित टीम को रजत**

निकोलस गिरार्ड, जीन फिलिप बौल्च और फ्रेंकोइस डुबोइस को मैदान में उतारा, लेकिन भारतीय टीम ने दबाव में भी उल्लेखनीय धैर्य दिखाया। इसका श्रेय फुगे को जाना चाहिए, जो क्वालीफायर में 19वें और भारतीय खिलाड़ियों में अंतिम स्थान पर रहे थे। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले चरण में 9-9 का स्कोर बनाया लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह परफेक्ट 10 लगाए। इसमें निर्णायक अंतिम तीर भी शामिल था, जिसने भारत के लिए ऐतिहासिक स्वर्ण पदक सुनिश्चित किया। भारत के मुख्य कंपाउंड कोच जीवनजोत सिंह तेजा ने कहा यह सिर्फ फुगे की बात नहीं है, बल्कि तीनों खिलाड़ियों ने अपना जज्बा दिखाया और दबाव में आए बिना एक-दूसरे का साथ दिया। पहले चरण के बाद भारत 57-59 से पीछे था, लेकिन दूसरे चरण में उसने छह 10-10 के साथ वापसी करते हुए स्कोर 117-117 पर बराबर कर दिया।

## संक्षेप

### पेनकेक सिलाट चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा श्रीनगर

नयी दिल्ली। एशियाई जूनियर पेनकेक सिलाट चैंपियनशिप के तीसरे सत्र का आयोजन 25 से 30 सितंबर तक श्रीनगर में होगा। भारतीय पेनकेक सिलाट महासंघ इसका आयोजन एशियाई पेनकेक सिलाट महासंघ (पीएफए), अंतरराष्ट्रीय पेनकेक सिलाट महासंघ (पीईबआरएसआईएलएटी), खेल मंत्रालय और जम्मू-कश्मीर खेल परिषद के सहयोग से करेगा। भारतीय पेनकेक सिलाट महासंघ ने एक विज्ञप्ति में कहा, इस आयोजन में 12 प्रतिभागी देशों के 300 खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों के भाग लेने की उम्मीद है। पेनकेक सिलाट मार्शल आर्ट का प्रारूप है जिसमें हाथ, पैर और कुश्ती की तकनीकों का उपयोग किया जाता है। यह दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में काफी लोकप्रिय है। चैंपियनशिप में लड़के और लड़कियों दोनों वर्गों में टैंडिंग (मैचाफाइटिंग), तुंगगल, सोलो (एकल खिलाड़ी कलात्मक), गांडा (दो खिलाड़ियों की कलात्मक टीम) और रेगु (तीन खिलाड़ियों की कलात्मक टीम) सहित विभिन्न श्रेणियों के मुकाबले होंगे।

### तलवार पोलैंड में संयुक्त 47वें स्थान पर

कोनोपिस्का (पोलैंड)। भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने यहां जीएसी रोसा गोल्फ चैलेंज के तीसरे दिन दो ओवर 72 का स्कोर बनाया जिससे वह एक स्थान के फायदे से संयुक्त रूप से 47वें स्थान पर हैं। तलवार ने तीसरे दौर में एक बर्डी की लेकिन वह तीन बोगी कर गए जिससे उनका स्कोर दो ओवर रहा। उनका कुल स्कोर ईवन पार है। स्वीडन के ह्यूगो टाउनसेंड ने तीसरे दौर में छह अंडर 64 के स्कोर से कुल 14 अंडर के स्कोर से पांच शॉट की बड़ी बढ़त हासिल कर ली है। टाउनसेंड ने तीसरे दौर में पांच बर्डी, एक ईगल और एक बोगी की।

### प्रणवी ने कट हासिल किया संयुक्त 26वें स्थान पर

ह्यूस्टन (अमेरिका)। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने यहां अरामको ह्यूस्टन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेलकर कट में जगह बनाई। प्रणवी ने पांच होल में चार बर्डी लगाकर शानदार शुरूआत की जिससे वह संयुक्त 26वें स्थान पर बनी हुई हैं।

उन्होंने पहले दौर में 72 का कार्ड खेला था। वहीं अन्य भारतीयों में अवनि प्रशांत (73-73) और त्वेसा मलिक (73-77) कट हासिल करने से चूक गईं।

## लखनऊ में पहली बार दो दिवसीय जिला पिकलबॉल चैम्पियनशिप का उद्घाटन





लखनऊ। लखनऊ में पहली बार आयोजित 'लखनऊ जिला पिकलबॉल चैम्पियनशिप' का आयोजन 6 सितम्बर 2025 को उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। चैम्पियनशिप का उद्घाटन 'मुख्य अतिथि पद्मश्री एवं द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित गौरव खन्ना' ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता 'आयोजन समिति के अध्यक्ष गौरव प्रकाश' ने की, जबकि 'पूर्व आरएसओ अजय सेठी' विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में '100 से अधिक खिलाड़ियों' ने विभिन्न आयु वर्गों से भाग लिया। यह आयोजन 'लखनऊ पिकलबॉल एसोसिएशन' द्वारा 'पिक्ल इनफ, महानगर, लखनऊ' में किया गया। कार्यक्रम में 'उत्तर प्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. आनंद किशोर पांडे, आयोजन समिति के सदस्य इजहान अब्बास, आदर्श गर्ग, उद्धव अरोरा एवं सिड बत्रा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

## इवान इवानोव व जेलिन वेंड्रोमे ने जीते खिताब

एजेंसी

न्यूयॉर्क। जेलिन वेंड्रोमे और इवान इवानोव ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों और लड़कों के वर्ग के खिताब जीते। वेंड्रोमे ने लड़कियों के वर्ग में स्वीडिश क्वालीफायर ली निल्सन को 7-6 (2), 6-2 से हराया। उन्होंने शुरू में पिछड़ने के बाद पहला सेट टाई ब्रेक में जीता लेकिन दूसरा सेट जीतने में उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। लड़कों के वर्ग में मौजूदा विंबलडन चैंपियन इवानोव ने बुल्गारिया के अपने हमवतन अलेक्जेंडर वासिलिव को 7-5, 6-3 से हराया। जूनियर युगल वर्ग में एलेना कोवाकोवा और जना कोवाकोवा बहनों ने वेंड्रोमे और उनकी जोड़ीदार लाइमा व्लाडसन को हराया। कीटन हेंस और जैक कैनेडी ने नोआह जॉनस्टन और बेंजामिन विलवर्थ को हराकर लड़कों का खिताब जीता। वहीं दूसरी ओर मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो ज़ेबालोस अमेरिकी ओपन पुरुष युगल चैंपियनशिप के फ़ाइनल में हारने से बस एक अंक दूर थे लेकिन उन्होंने अपना धैर्य बनाए रखा और कुछ ही पल बाद वे चैंपियन बन गए। ग्रैनोलर्स और ज़ेबालोस ने शनिवार को जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 3-6, 7-6 (4), 7-5 से हराकर सत्र का अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। ग्रैनोलर्स ने बाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, टेनिस कभी-कभी पागलपन भरा होता है, क्योंकि हम यहां तक बात कर रहे थे कि आप मैच हारने के कितने करीब थे और फिर 20 मिनट में आप ट्रॉफी जीत लेते हैं। इस पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस साल फ्रेंच ओपन का खिताब भी जीता था। वहीं दूसरी ओर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और नंबर दो खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ रविवार को यहां जब अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में आमने-सामने होंगे तो इन दोनों के बीच चल रही प्रतिद्वंद्विता अपने चरम पर पहुंचने की पूरी संभावना है। इटली के 24 वर्षीय सिनर और स्पेन के 22 वर्षीय अल्काराज इस सत्र में तीसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में आमने-सामने होंगे जो टेनिस इतिहास में नया रिकॉर्ड है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इस मैच को देखने की योजना बना रहे हैं जिससे यह मुकाबला और दिलचस्प होने की संभावना है। यह दोनों खिलाड़ी एक दूसरे के खेल को अच्छी तरह से जानते हैं और ऐसे में जो भी खिलाड़ी अवसरों का फायदा उठाएगा उसके चैंपियन बनने की संभावना बढ़ जाएगी। सिनर ने कहा हम एक दूसरे के खेल ही नहीं बल्कि कई अन्य चीजों के बारे में भी जानते हैं और यही वजह है कि हम अलग-अलग तरीके से रणनीति तैयार करते हैं। इस तरह की प्रतिद्वंद्विता का होना बहुत अच्छा है। सिनर पिछले 17 वर्षों में अमेरिकी ओपन में अपने खिताब का बचाव करने वाला पहला खिलाड़ी बनने की कोशिश करेंगे।



## फुटबॉल : रोनाल्डो ने दिलायी पुर्तगाल को बड़ी जीत

एजेंसी

मैनचेस्टर। रिकॉर्ड छठी बार फुटबॉल विश्व कप में खेलने की कवायद में लगे क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने आर्मेनिया को 5-0 से हराकर यूरोपीय क्वालीफाइंग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। रोनाल्डो ने इस तरह से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने के अपने रिकार्ड को 140 पर पहुंचा दिया है। विश्व कप अगले साल अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में आयोजित किया जाएगा और अगर रोनाल्डो इसमें भाग लेते हैं तो यह नया रिकॉर्ड होगा। अब तक कई खिलाड़ी पांच विश्व कप में खेल चुके हैं लेकिन छह बार इसमें भाग लेना नया रिकॉर्ड होगा। इस बीच इंग्लैंड ने विला पार्क में अंडोरा के खिलाफ 2-0 की जीत के साथ क्वालीफाइंग में अपना विजय अभियान जारी रखा। वहीं दूसरी ओर भारतीय फुटबॉल टीम को एएफसी अंडर 23 एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप एच के अपने दूसरे मुकाबले में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बाद मेजबान कतर से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। अल हाशमी मोहियालदीन (18वें मिनट) ने कतर को शुरुआत में ही बढ़त दिला दी थी, लेकिन मुहम्मद सुहैल (52वें मिनट) ने बराबरी का गोल दाग दिया। जसीम अल शरशानी (67वें मिनट) के पेनल्टी पर किए गए गोल ने शनिवार को खेले गए मैच में कतर के लिए तीन अंक सुनिश्चित कर दिए। पिछले मैच में बहरीन के खिलाफ 2-0 की जीत से उत्साहित भारत ने अच्छी शुरुआत की। सुहैल को शुरुआत में ही मौका मिल गया, जहां दूसरे मिनट में ही उन्होंने बॉक्स के बाहर से शॉट मारा लेकिन गेंद क्रॉसबार के ऊपर से बाहर चली गई। मेजबान टीम ने धीरे-धीरे खेल पर नियंत्रण हासिल कर लिया और 18वें मिनट में बढ़त बना ली। भारत ने दूसरे हाफ में जोरदार वापसी की। उनकी मेहनत तब रंग लाई, जब सुहैल ने बराबरी का गोल दागा। कुछ ही मिनटों बाद खेल का रुख पूरी तरह बदल गया, जब भारतीय डिफेंडर परमवीर ने बॉक्स के अंदर नूर इब्राहिम को गिरा दिया। परमवीर को मैच का दूसरा पीला कार्ड मिला और भारत को इसके बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। कतर के कप्तान अल शारशानी ने पेनल्टी को गोल में बदल दिया और मेजबान टीम को फिर से बढ़त दिला दी। भारतीय टीम ने इसके बाद वापसी की अच्छी कोशिश की लेकिन वह बराबरी का गोल नहीं कर पाई। वहीं दूसरी ओर अपने पहले प्रयास में सीएएफए नेशंस कप के प्लेऑफ में पहुंची भारतीय फुटबॉल टीम के पास सोमवार को ओमान के खिलाफ तीसरे स्थान के मैच में कड़ी चुनौती मिलेगी। भारतीय टीम अग्रिम पंक्ति में कमजोरी के बावजूद अपने ग्रुप में दूसरे स्थान के साथ प्लेऑफ में जगह पक्की करने में सफल रही। विश्व रैंकिंग में 133वें स्थान पर काबिज भारत को अपने से 54 स्थान बेहतर टीम के खिलाफ मुकाबले में अपनी इस कमजोरी से पार पाने पर ध्यान देना होगा। यह आठ टीमों का टूर्नामेंट उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान द्वारा सह-आयोजित किया जा रहा है, जिसमें ग्रुप मैच क्रमशः ताशकंद और हिसोर में खेले गए हैं। ओमान और भारत दोनों अपने-अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहे। उज्बेकिस्तान और ईरान की टीमें क्रमशः ग्रुप ए और बी में शीर्ष पर रहीं। ये दोनों टीमें ताशकंद में सोमवार को फाइनल मैच खेलेंगी। ओमान की टीम कागजों पर मजबूत है लेकिन भारत को हिसोर के इस मैदान पर ग्रुप चरण के अपने तीनों मैच खेलने का फायदा मिलेगा। कोच खालिद जमील की देखरेख में पहली बार खेल रही भारत ने ग्रुप बी में सह मेजबान ताजिकिस्तान पर 2-1 की जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। उसे ईरान के खिलाफ 0-3 ये हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ने अफगानिस्तान को गोलरहित ड्रॉ पर रोककर ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल किया। विश्व रैंकिंग में 79वें स्थान पर काबिज ओमान ने फीफा विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर चुके उज्बेकिस्तान को 1-1 की बराबरी पर रोकने के बाद किर्गिस्तान और तुर्कमेनिस्तान को एक समान 2-1 के अंतर से हराया। भारत के खिलाफ ओमान का रिकॉर्ड काफी अच्छा है। साल 2000 के बादे दोनों टीमें के बीच नौ मैचों में ओमान ने छह में जीत हासिल की है जबकि तीन मैच बराबरी पर छूटे है। ओमान की टीम यहां एक नए कोच कार्लोस क्विरोज के साथ आई है। उन्होंने इससे पहले ईरान, यूएई और कतर की राष्ट्रीय टीमों का प्रबंधन किया है।

अत्यधिक अनुभवी क्विरोज ने स्पेन के शीर्ष क्लब रियल मैड्रिड और पुर्तगाल, मिस्र और दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीमों को भी कोचिंग दी है। भारत के मुख्य कोच खालिद जमील ने कहा कि उनकी टीम यहां सिर्फ टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए नहीं, बल्कि एक खास मकसद से आई है। मैच से पहले की प्रेस कॉन्फ्रेंस में जमील ने कहा, हमारे सभी खिलाड़ी ठीक हैं और इन नतीजों के बाद सभी में सकारात्मकता है। हमें इस सकारात्मकता को अगले मैच में भी बनाए रखना होगा। मुझे पूरी उम्मीद है कि हमें एक अच्छा नतीजा मिलेगा। उन्होंने कहा हमें शुरुआत से ही लगा था कि हम यहां कुछ अच्छा कर सकते हैं, और मुझे कहना होगा कि यह खिलाड़ियों के विश्वास और कड़ी मेहनत का ही नतीजा है कि हम सीएएफए नेशंस कप के प्ले-ऑफ चरण तक पहुंचे हैं। उन्होंने ओमान और उनके कोच की तारीफ करते हुए कहा, ओमान एक बहुत अच्छी टीम है। उनके पास एक अच्छे कोच (कार्लोस क्विरोज) और बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपने ग्रुप में शानदार प्रदर्शन किया है। यह निश्चित रूप से आसान नहीं होगा। हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा लेकिन हम इसके लिए तैयार हैं। जमील ने ओमान के खिलाफ भारत के निराशाजनक रिकॉर्ड के बारे में कहा सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें सकारात्मक नतीजा हासिल करना है। यही सबसे जरूरी है। भारत अगले महीने सिंगापुर के खिलाफ एफसी एशियाई कप 2027 ग्रुप सी क्वालिफायर में नौ और 14 अक्टूबर को खेले जाने वाले दो मैचों की तैयारी कर रहा है। वहीं दूसरी ओर भारत की पूर्व दिग्गज गोलकीपर अदिति चौहान ने महिला फुटबॉल में तत्काल संरचनात्मक और सांस्कृतिक सुधारों की मांग की है। उनका कहना है कि इसके बिना देश की प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी पूरी क्षमता तक नहीं पहुंच पाएंगी और बड़े मंच पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाएंगी। अदिति ने हाल ही में 17 साल के करियर के बाद खेल से संन्यास की घोषणा की। इस दौरान वह यूरोप में पेशेवर फुटबॉल खेलने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। उन्होंने से कहा भारत में बड़े होने और लंबे समय तक फुटबॉल खेलने की कोशिश करने के मेरे अनुभव और ब्रिटेन में वेस्ट हैम के लिए खेलते हुए, वहां की व्यवस्था, लीग, टीम और प्रतियोगिताओं के स्तर को समझने के अनुभव से मुझे एहसास हुआ कि यही कारण है कि पिछले 10-15 वर्षों में ब्रिटेन एक ऐसी टीम से पूरी तरह बदल गया है जो सिर्फ प्रतियोगिता में हिस्सा लेती थी, अब वह शीर्ष तीन स्थानों या विश्व कप और ओलंपिक जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा करती है। अदिति ने कहा कि वह अपनी पहल शीकिक्स फुटबॉल लीग के माध्यम से अगली पीढ़ी की खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने जोर दिया कि भारत में इस खेल के विकास के लिए सांस्कृतिक और संरचनात्मक समर्थन दोनों महत्वपूर्ण हैं। अदिति ने कहा मुझे लगता है कि दो चीजें हैं। मीडिया रोल मॉडल बनाने और माता-पिता में जागरूकता लाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाता है क्योंकि हमें यह समझना होगा कि भारत में हमारी संस्कृति में माता-पिता ही बच्चों के लिए फैसला करते हैं। उन्होंने कहा चाहे बच्चे रुचि रखते हों या नहीं, लेकिन अगर वे किसी खेल को जारी रखना चाहते हैं या उन्हें इसके लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं तो यह फैसला माता-पिता का होता है। इसलिए माता-पिता को यह बताना होगा कि पेशेवर अवसर उपलब्ध हैं।





# रूस ने किया यूक्रेन पर सबसे बड़ा हमला

## दो लोगों की मौत, 15 अन्य घायल, यूक्रेन में 37 जगह किए ड्रोन और मिसाइल अटैक

एजेंसी



कीव। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर शनिवार को बड़ी संख्या में ड्रोन और मिसाइल दागीं, जिससे कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इसे फरवरी 2022 में दोनों देशों के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन पर रूस का सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। रविवार को हुए इस हमले के बाद एक प्रमुख सरकारी इमारत की छत से धुआं उठता दिखाई दिया। अधिकारियों ने बताया कि रूस ने यूक्रेन पर 805 ड्रोन से हमला किया। यूक्रेन की वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने पुष्टि की कि रविवार का हमला यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा रूसी ड्रोन हमला था। रूस ने विभिन्न प्रकार की 13 मिसाइल भी दागीं। वायु सेना के एक बयान के अनुसार, यूक्रेन ने 747 रूसी ड्रोन और चार मिसाइलों को मार गिराया या निष्क्रिय कर दिया। यूक्रेन में 37 जगहों पर नौ मिसाइल हमले और 56 ड्रोन हमले हुए। मार गिराए गए ड्रोन और मिसाइलों का मलबा आठ जगहों पर गिरा। एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकारों ने एक सरकारी इमारत की छत से धुएं का गुबार उठता देखा, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो सका कि यह धुआं हमले के कारण उठा या अन्य कोई कारण है। माना जा रहा है कि अगर धुआं किसी हमले के कारण उठा, तो रूस ने हवाई हमले तेज किए हैं। रूस अब तक शहर के केंद्र में सरकारी इमारतों को निशाना बनाने से बचता रहा है। यह इमारत यूक्रेन के मंत्रिमंडल का मुख्यालय है, जहां उसके मंत्रियों के कार्यालय स्थित हैं। दमकल गाड़ियों और एम्बुलेंस के पहुंचने पर पुलिस ने इमारत में प्रवेश रोक दिया। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि हमले में दो लोग मारे गए और 15 घायल हुए। यूक्रेन की प्रधानमंत्री यूलिया स्विरीडेंको ने कहा, पहली बार दुश्मन के हमले में सरकारी इमारत को नुकसान पहुंचा है। हम इमारतों का जीर्णोद्धार करेंगे, लेकिन जो जानें चली गई, उन्हें वापस नहीं लाया जा सकता। कीव के मेयर विटाली क्लित्स्को के मुताबिक, रूसी ड्रोन का मलबा स्वियातोशिन्स्की में नौ मंजिला आवासीय इमारत और डार्नित्स्की में चार मंजिला आवासीय इमारत पर गिरा। यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब यूरोपीय नेताओं ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर युद्ध समाप्त करने की दिशा में कदम उठाने का दबाव बढ़ा दिया है। इससे पहले, यूक्रेन के 26 सहयोगी देशों ने युद्ध समाप्त होने के बाद वहां आश्वासन बल के रूप में सेना तैनात करने का वादा किया था।

# कर्नाटक मतदाता धोखाधड़ी मामले में महत्वपूर्ण जानकारी छिपा रहा निर्वाचन आयोग : खरगे



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने निर्वाचन आयोग पर रविवार को अहम जानकारी छिपाने का आरोप लगाया और दावा किया कि यह कथित वोट चोरी के पीछे के लोगों को प्रभावी ढंग से बचा रहा है। खरगे ने एक्स पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की, जिसमें दावा किया गया था कि 2023 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले फॉर्म सात में जालसाजी कर मतदाताओं को हटाने के प्रयास से संबंधित मामला ठंडा पड़ गया है क्योंकि निर्वाचन आयोग ने अब तक आरोपियों को पकड़ने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण आंकड़े साझा नहीं किये हैं। निर्वाचन आयोग ने फिलहाल इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी लेकिन उसने अतीत में कांग्रेस के ऐसे सभी दावों को निराधार बताया था। खरगे ने प्रश्न किया क्या निर्वाचन आयोग (ईसीआई) अब भाजपा का वोट चोरी का अड्डा बन गया है? उन्होंने कहा इस घटनाक्रम को समझिए। मई 2023 के कर्नाटक चुनावों से पहले कांग्रेस ने अलंद निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने का खुलासा किया था। फॉर्म सात में जालसाजी कर एक बेहद जटिल प्रक्रिया के जरिए हजारों मतदाताओं के अधिकार छीन लिए गए। खरगे ने कहा फरवरी 2023 में एक मामला दर्ज किया गया। जांच में 5,994 जाली आवेदन सामने आए जो मतदाता धोखाधड़ी के बड़े पैमाने पर प्रयास का स्पष्ट प्रमाण था। इसके बाद कांग्रेस सरकार ने दोषियों को पकड़ने के लिए सीआईडी जांच का आदेश दिया। खरगे ने कहा लेकिन दिक्कत यहां है: जहां आयोग ने पहले जालसाजी का पता लगाने के लिए जरूरी दस्तावेजों का एक हिस्सा साझा किया था, वहीं अब उसने महत्वपूर्ण जानकारी छिपा ली है और वोट चोरी के पीछे के लोगों को प्रभावी ढंग से बचा रहा है। उन्होंने पूछा कि निर्वाचन आयोग ने अचानक महत्वपूर्ण सबूतों को क्यों छिपाया?

**संक्षेप**

## ब्रिटिश टीम ने तिहाड़ जेल का किया निरीक्षण

नयी दिल्ली। नीरव मोदी और विजय माल्या जैसे चर्चित आर्थिक अपराधियों को प्रत्यर्पित कराकर वापस भारत लाने के प्रयासों के बीच ब्रिटेन की क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) की एक टीम ने हाल ही में तिहाड़ जेल का दौरा किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह किए गए इस दौरे का उद्देश्य प्रत्यर्पण याचिकाओं पर निर्णय लेने से पहले ब्रिटेन की अदालतों द्वारा निर्धारित कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जेल की स्थितियों का आकलन करना था। भारत बैंक धोखाधड़ी से लेकर हथियारों की तस्करी तक के मामलों में वांछित कई भगोड़ों की वापसी के लिए दबाव बना रहा है। अधिकारी ब्रिटिश अदालतों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि प्रत्यर्पित किए गए लोगों को हिरासत में असुरक्षित या अमानवीय परिस्थितियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। अधिकारी के अनुसार, सीपीएस प्रतिनिधिमंडल ने तिहाड़ के उच्च सुरक्षा वाले वार्ड का दौरा किया और कुछ कैदियों से भी बातचीत की। जेल अधिकारियों ने बताया कि जरूरत पड़ने पर, हाई-प्रोफाइल आरोपियों को रखने के लिए परिसर के भीतर एक अलग एन्क्लेव बनाया जा सकता है, ताकि उनकी सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

# दिल्ली पुलिस ने किया वाहन चोर गिरोहों का भंडाफोड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने मोटर वाहन चोरी के खिलाफ एक बड़ी कार्वाई करते हुए वाहन चोरी के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है और छह किशोरों को पकड़ा है। साथ ही दिल्ली के उत्तरी जिले में एक सप्ताह तक चले अभियान के दौरान चोरी के 22 दोपहिया वाहन बरामद किये हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी चोरी के वाहनों का इस्तेमाल शहर में झपटमारी और डकैती जैसी वारदातों को अंजाम देने के लिए कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि कुल 10 मोटरसाइकिल और 12 स्कूटर जब्त किए गए हैं, जबकि राजधानी के विभिन्न इलाकों से दर्ज मोटर वाहन चोरी के 22 मामलों को सुलझाया गया है। पुलिस ने बताया कि एक अभियान में पुलिस टीमों ने सुबह-सुबह शास्त्री नगर और इंद्रलोक इलाकों के पास चोरी के स्कूटरों पर सवार कई संदिग्धों को रोका। इसके बाद की गई छापेमारी में राम तिवारी नामक एक व्यक्ति द्वारा कथित तौर पर संचालित एक गिरोह के कई सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। यह गिरोह चोरी के काम में नाबालिगों का भी इस्तेमाल करता था।

# जीएसटी सुधारों से लोगों को मिली बड़ी राहत

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से न केवल आम लोगों को फायदा होगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि केंद्र में उसके शासनकाल के दौरान कर का भारी बोझ था। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद का अहितकर और विलासिता की वस्तुओं की श्रेणी को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की श्रेणी में लाने तथा कई आवश्यक वस्तुओं पर कर को शून्य करने का निर्णय 22 सितंबर को नवरात्रि के पहले दिन से लागू होगा। यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहा, आगामी 22 तारीख, नवरात्रि का पहला दिन, हम सभी के लिए, सभी मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए और इस देश के 140 करोड़ नागरिकों के लिए एक नयी खुशी लेकर आएगा।

उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का काम करेंगे। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा, इस सुधार से देश के 140 करोड़ लोगों के जीवन में बड़ी राहत आई है। 2014 से पहले (कांग्रेस के शासन के दौरान) हर वस्तु पर लगने वाले विभिन्न प्रकार के करों के जाल के कारण आम लोगों पर भारी बोझ था। वैष्णव ने कहा कि नवीनतम जीएसटी सुधार और पहले घोषित 12 लाख रुपये तक की आयकर छूट देश में मध्यम वर्गीय परिवारों सहित आम लोगों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# केजरीवाल ने प्रधानमंत्री को अमेरिकी आयात पर शुल्क लगाने की चुनौती दी

एजेंसी



राजकोट। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया कि वे कुछ हिम्मत दिखाएँ और भारत के निर्यात पर अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क (शुल्क) के जवाब में अमेरिकी आयात पर 75 प्रतिशत शुल्क लगाएं। केजरीवाल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि 31 दिसंबर 2025 तक अमेरिका से कपास आयात पर 11 प्रतिशत ड्यूटी में छूट देने का केंद्र सरकार का फैसला भारतीय कपास किसानों को नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि इससे अमेरिकी किसान अमीर हो जाएंगे और गुजरात के किसान गरीब हो जाएंगे।

भारत में कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने और लागत कम करने के उद्देश्य से इस साल 31 दिसंबर तक कच्चे कपास के आयात पर ड्यूटी में छूट दी गई है। केजरीवाल ने कहा, हम प्रधानमंत्री से हिम्मत दिखाने की मांग करते हैं, पूरा देश आपके साथ है। अमेरिका ने भारत से निर्यात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। आप अमेरिकी आयात पर 75 प्रतिशत शुल्क लगा दीजिए, देश इसे सहने के लिए तैयार है। फिर देखिए कि ट्रंप झुकते हैं या नहीं। उन्होंने अमेरिका से आयातित कपास पर 11 प्रतिशत ड्यूटी लगाने, न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने और 20 किलो कपास की खरीद 2,100 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से करने की भी मांग की। केजरीवाल ने साथ ही, भारतीय किसानों की मदद के लिए खाद और बीज पर सब्सिडी देने की भी मांग की।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भारत पर अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क से हीरा उद्योग के कर्मचारी भी प्रभावित हुए हैं, क्योंकि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने घुटने टेक दिए हैं। पिछले महीने केंद्र सरकार ने कहा था कि कपास पर आयात शुल्क में छूट को 31 दिसंबर तक बढ़ाने के उसके फैसले से निर्यात बाज़ार में भारत की स्थिति मजबूत होगी और छोटे और मध्यम उद्योगों तथा निर्यात-उन्मुख इकाइयों को ऑर्डर मिलने में भी बढ़ोतरी होगी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब अमेरिकी सरकार द्वारा भारतीय सामान पर लगाए गए 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लागू हो चुका है।

# देश की राजनीति में परिवर्तनकारी मील का पत्थर

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा की तीसरी वर्षगांठ पर रविवार को कहा कि यह देश की राजनीति में एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर है और इसकी गूंज आज भी है। कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा तीन साल पहले आज ही के दिन कन्याकुमारी में स्वामी विवेकानंद शिला स्मारक से शुरू हुई थी।

रमेश ने कहा कि यह यात्रा तीन ज्वलंत और चिंताजनक सार्वजनिक मुद्दों - बढ़ती आर्थिक असमानता, गहराता सामाजिक ध्रुवीकरण और बढ़ते राजनीतिक अधिनायकवाद को उजागर करने के लिए की गई थी। कांग्रेस महासचिव ने कहा, यह कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 4,000 किलोमीटर की पदयात्रा थी और राहुल गांधी तथा 200 से अधिक भारत यात्रियों ने यह यात्रा की थी।

❍ राहुल की भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ पर बोली कांग्रेस

यह यात्रा 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से गुजरी और 145 दिनों से अधिक समय तक चली। रमेश ने कहा, यह यात्रा हमारे देश की राजनीति में एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर थी। इसकी गूंज और प्रतिध्वनि आज भी जारी है। यात्रा के राहुल गांधी ने 12 जनसभाओं, 100 से ज्यादा नुक्कड़ सभाओं और 13 संवाददाता सम्मेलनों को संबोधित किया। उन्होंने पैदल चलते हुए 275 से ज्यादा संवाद किए थे। अपनी 4,000 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा के साथ गांधी अपने समर्थकों के साथ-साथ विरोधियों का भी ध्यान खींचने में कामयाब रहे।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री ने राहत सामग्री ले जा रहे ट्रकों को दिखयी हरी झंडी

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को बाढ़ प्रभावित पंजाब के लिए राहत सामग्री से लदे ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रेखा गुप्ता के साथ इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी मौजूद थे।

उन्होंने कहा राहत सामग्रियों में दवाइयां, मच्छरदानी, तह होने वाली खाटें, खाद्य सामग्री, चादरें आदि शामिल हैं। रेखा गुप्ता ने बताया कि उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से बात की है और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा हम वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत का पालन करते हैं।

**इंटरटेनमेंट...**

# फिल्ममेकर अनुपर्णा रॉय ने बनाया इतिहास



मुंबई। फिल्ममेकर अनुपर्णा रॉय को उनकी पहली फिल्म 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' के लिए बेस्ट डायरेक्टर अवॉर्ड मिला है। यह सम्मान उन्हें वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिया गया। फिल्म को अनुराग कश्यप ने प्रेजेंट किया था। इसका प्रीमियर फेस्टिवल के ओरिजोंटी कंपटीशन सेक्शन में हुआ। यह सेक्शन उन फिल्मों के लिए होता है जो नए ट्रेंड और नए टैलेंट को सामने लाते हैं। इस बार फोकस डेब्यू फिल्म्स, इंडी फीचर्स और कम पहचान वाली सिनेमा पर रहा। अवॉर्ड को लेकर अनुपर्णा ने कहा कि यह फिल्म हर उस औरत को समर्पित है जिसे कभी चुप कराया गया, नजरअंदाज किया गया या कम आंका गया। मेरी उम्मीद है कि यह जीत और ज्यादा आवाजें, कहानियां और ताकत सामने लाए। फिल्म की कहानी थोया नाम की एक प्रवासी लड़की के बारे में है। वह एक्ट्रेस बनना चाहती है और शहर में अपनी सुंदरता और समझदारी से जीती है। कभी-कभी अच्छे मौके पाने के लिए वह व्यक्तिगत रिश्तों का इस्तेमाल भी करती है। अनुपर्णा रॉय ने अपना करियर 2023 में एक शॉर्ट फिल्म 'रन टू द रिवर' में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में शुरू किया था। वह अपने शुगर डैडी का अपार्टमेंट स्वेथा को किराए पर देती है। स्वेथा भी प्रवासी है और कॉर्पोरेट जॉब करती है। दोनों अलग-अलग दुनिया से होने के बावजूद धीरे-धीरे एक-दूसरे से जुड़ाव महसूस करती हैं। कहानी में दिखाया गया है कि मुंबई की भीड़ और शोर के बीच उनकी चुपचाप समझदारी कैसे बढ़ती है। जब उनकी निजी बातें, इच्छाएं और पुराने जख्म सामने आते हैं, तो यह रिश्ता परखा जाता है। टूटने के बजाय यह धीरे-धीरे एक नए रिश्ते में बदल जाता है।

❍ 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' के लिए जीता बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड

# 'आशिकी 3' को लेकर मोहित सूरी ने तोड़ी चुप्पी

**मुंबई**। फिल्ममेकर मोहित सूरी ने हाल ही में बताया कि वो 'आशिकी 3' खुद डेवलप कर रहे थे, लेकिन खराब स्ट्राइक रेट की वजह से उन्हें इससे बाहर कर दिया गया। शुभंकर मिश्रा के साथ बातचीत में सूरी ने कहा कि वह आशिकी 3 डायरेक्ट करना चाहते थे, लेकिन स्टूडियो ने फैसला किया कि वह उनके बिना आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा, उन्होंने मेरा इंतजार नहीं किया कि मैं स्क्रिप्ट को फाइन-ट्यून करूं। यह सच है कि उन्होंने हाल की फ्लॉप फिल्मों के आधार पर मुझे जज किया। यहां तक कि मेरे अपने परिवार वाले, जो डिसीजन में शामिल थे, इंतजार करने को तैयार नहीं थे। मैं उन्हें दोष नहीं देता, यह बिजनेस है, लेकिन मैं उन्हें गलत साबित करना नहीं चाहता था, मैं खुद को गलत साबित करना चाहता था। 'आशिकी 2' का निर्देशन मोहित सूरी ने किया था। फिल्म को टी-सीरीज फिल्म्स और विशेष फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया था। मोहित ने मेंटल प्रेशर पर भी खुलकर बात की।

उन्होंने कहा, जब आप लो होते हैं तो किसी की मत सुनो, वर्ना और नीचे गिर जाओगे। बीस साल काम करने के बाद जब फिल्म फ्लॉप हो जाए तो डर लगता है कि अच्छा वक्त पीछे छूट गया है। लोग पहले ही ऐसा कहना शुरू कर चुके थे। मोहित सूरी ने माना कि बॉक्स ऑफिस हिट के पीछे भागते-भागते असली रास्ता छूट गया। उन्होंने कहा, 'एक विलेन 2' में मैं सिर्फ बॉक्स टिक कर रहा था, सीक्वल बना रहा था, गानों का रीमिक्स कर रहा था।

## सलमान खान का मुंबई एयरपोर्ट पर दिखा स्वैग

मुंबई। सलमान खान को हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। इस दौरान वे पूरे स्वैग के साथ एयरपोर्ट में एंट्री करते नजर आए। एक्टर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देखकर उनके फैंस उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं। वीडियो में सलमान खान को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुंबई एयरपोर्ट में एंट्री करते देखा जा सकता है। इस दौरान उनकी कार चारों ओर से सुरक्षा गाड़ियों और गार्ड्स से घिरी हुई नजर आती है। जैसे ही एक्टर कार से बाहर निकलते हैं, सिक्योरिटी टीम तुरंत उनके साथ चलने लगती है। जैकलीन फर्नांडिस भी मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं।

# एमएस धोनी क्रिकेटर से एक्टर बने, दचेज में दिखेंगे



**मुंबई**। टीजर में एम.एस. धोनी और आर. माधवन गोलियों की बौछार करते दिखे। टीम इंडिया के सबसे सफल कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब एक्टिंग की दुनिया में अपनी नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। जल्द ही वह एक्टर आर. माधवन के साथ 'द चेज' में दिखेंगे। रविवार को आर. माधवन ने इसका टीजर शेयर किया। इसमें धोनी और माधवन ब्लैक आउटफिट और सन ग्लासेस पहने हैं और हाथों में गन लेकर ताबड़तोड़ फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। यह फिल्म है या वेबसीरीज, यह टीजर में क्लियर नहीं किया गया है। इसे वासन बाला ने डायरेक्ट किया है। वासन आलिया भट्ट की मूवी जिगरा के भी डायरेक्टर थे। वन मिशन। टू फाइटर्स। तैयार हो जाइए, धमाकेदार चेज शुरू होने वाली है। 'द चेज' टीजर अब आउट है। डायरेक्टेड बाय वासन बाला। हाल ही में माधवन फिल्म 'आप जैसा कोई' में नजर आए थे। वहीं, वह जल्द फिल्म 'धुरंधर' में दिखेंगे, जो 5 दिसंबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना और संजय दत्त भी नजर आएंगे। इसे 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' के डायरेक्टर आदित्य धर ने डायरेक्ट किया है। फिल्म को आदित्य धर, ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। धोनी के जीवन पर फिल्म 'एम.एस. धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी' बन चुकी है। यह साल 2016 में रिलीज हुई थी। फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत ने धोनी का किरदार निभाया था।

❍ टीजर में आर. माधवन के साथ फायरिंग करते दिखे कैप्टन कूल

इसके अलावा दिशा पाटनी, कियारा आडवाणी, अनुपम खेर और भूमिका चावला जैसे कलाकार भी इसमें अहम भूमिकाओं में दिखे थे। करीब 104 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 216 करोड़ रुपए कमाए थे। धोनी फिलहाल इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और आईपीएल में सीएसके की ओर से खेलते हैं। धोनी ने 2004 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था। 2007 में कप्तान बनकर उन्होंने भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जिताया। 2011 में उन्होंने भारत को वनडे वर्ल्ड कप भी जिताया। उन्होंने 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com